सुप्रभात
रांची, रविवार
04.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 319 12 जो घर जारे आपना चले हमारे साथ

## ओडिशा ट्रेन हादसे में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा, 747 घायल अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती

# बालासोर ट्रेन हादसे में 288 लोगों की मौत

- रेल मंत्री ने कहा- हादसे की विस्तृत उच्च स्तरीय जांच की जायेगी
- 3 एनडीआरएफ, 4 ओडीआरएएफ और 22 अग्निशमन सिस्टम तैनात थे
- वायुसेना ने एमआइ-17 हेलीकॉप्टर को राहत और बचाव के लिए उतारा
- दक्षिण पूर्व रेलवे ने रेल सेवा बहाली पर काम शुरू किया

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर में बाहानगा बाजार स्टेशन के पास हुए भीषण ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या 288 हो गयी है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह सूचना दी। रेलवे के बयान में बताया गया है कि घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य पूरा हो गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार की शाम दो एक्सप्रेस ट्रेनों, बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस और शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस, तथा एक मालगाड़ी के टकराने से हुआ है।

शनिवार शाम जारी बयान में बताया गया है कि शनिवार दोपहर तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 288 हो गयी थी। इसके अलावा 56 लोगों की हालत गंभीर है और 747 अन्य लोग घायल अवस्था में अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। घायलों को गोपालपुर, खंतापाड़ा, बालासोर, भद्रक और सोरो के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया है। रेलवे प्रवक्ता अमिताभ शर्मा के अनुसार, हादसा शुक्रवार शाम करीब सात बजे हुआ। दक्षिण पूर्व रेलवे ने कहा कि अब रेल सेवा की बहाली पर काम शुरू कर दिया गया है।

अधिकारियों के अनुसार दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्यों के लिए 3 एनडीआरएफ, 4 ओडीआरएएफ और 22 अग्निशमन कर्मियों को तैनात किया गया है। भारतीय वायुसेना ने बालासोर में हुई रेल दुर्घटना के बाद राहत और बचाव अभियान एमआइ-17 हेलीकॉप्टर को शामिल किया है। रक्षा मंत्रालय के पूर्वी कमान के प्रवक्ता हिमांशु तिवारी ने बताया कि वायुसेना ने एमआइ-17 हेलीकॉप्टर को राहत और बचाव के लिए उतारा है। इसके साथ ही मौके पर मौजूद वायुसेना के अधिकारी स्थानीय नागरिक प्रशासन और भारतीय रेलवे के साथ लगातार समन्वय बनाकर राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं। भारतीय सेना के पूर्वी कमान के प्रवक्ता हिमांशु तिवारी ने शनिवार को बताया कि सेना की तीन से चार कंपनियां दुर्घटना स्थल पर पहुंच गयी हैं। उन्होंने बताया कि सेना की इंजीनियरिंग टीम बैरकपुर बेस से रात करीब 1:40 बजे रवाना हुई, जबकि तड़के करीब 3 बजे खड़गपुर बेस से मेडिकल टीम रवाना हुई है। सुबह करीब 5 बजे दो और टीमें घटनास्थल के लिए रवाना हुईं। टीमें पहुंच चुकी हैं। सेना राहत और बचाव कार्य में जुट गई है।

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में ट्रेन हादसे के मद्देनजर स्थिति का जायजा लेने के लिए शनिवार को नयी दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक की। इसके बाद ओडिशा के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में ट्रेन हादसे के मद्देनजर स्थिति का जायजा लेने के लिए शनिवार को यहां एक बैठक की अध्यक्षता की। समीक्षा बैठक में प्रभावित लोगों के बचाव, राहत और चिकित्सा संबंधी पहलुओं पर चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

(शेष पेज 11 पर)



## रांची रेलवे का हेल्पलाइन नंबर जारी, दो ट्रेनें रद्द

**रांची।** खड़गपुर-भद्रक रेलखंड में आने वाले बहानागा स्टेशन के पास शुक्रवार की शाम हुई शालीमार-हावड़ा कोरोमंडल एक्सप्रेस की दुर्घटना के बाद रेलवे प्रबंधन सक्रिय है। दुर्घटना से संबंधित तमाम जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। इसी क्रम में इस हादसे को लेकर रांची रेल मंडल की ओर से रांची और हटिया रेलवे स्टेशन पर हेल्पलाइन नंबरों को एक्टिव किया गया है, जहां से जानकारी ली जा सकती है।

**हेल्पलाइन नंबर**

रांची रेलवे स्टेशन - लैंडलाइन नंबर 06512787260 और 06512787070
मोबाइल नंबर 9835921950
हटिया रेलवे स्टेशन - लैंडलाइन नंबर 06512600091 और 06512788888
मोबाइल नंबर 9431351063

**इन ट्रेनों के परिचालन पर पड़ा असर :** इस भीषण रेल हादसे के बाद रेल परिचालन पर भी असर पड़ा है। हादसे को लेकर कन्याकुमारी-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और चेन्नई से खुलने वाली शालिमार कोरोमंडल एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। वहीं, पटना-एर्नाकुलम एक्सप्रेस और आनंद विहार-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से यात्रा पूरी करेंगी।

## घटनास्थल पर पहुंचे पीएम मोदी



शनिवार दोपहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल पर जाकर हालात का जायजा लिया। उनके साथ केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार और मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे। रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव मौके पर थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौके पर पहुंचीं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि एक विस्तृत उच्च स्तरीय जांच की जायेगी और रेल सुरक्षा आयुक्त भी एक स्वतंत्र जांच करेंगे। इससे पहले, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शुक्रवार को स्थिति का जायजा लिया था और नियंत्रण कक्ष, एसआरसी, भुवनेश्वर में बचाव कार्यों की समीक्षा की थी। सीएम ने बीएसकेवाई सुविधा अस्पतालों और अन्य निजी अस्पतालों में सभी घायल पीड़ितों को मुफ्त चिकित्सा की व्यवस्था करने का आदेश दिया था।



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बालासोर घटना पर जताया शोक

ओडिशा के बालासोर जिले के बाहानगा रेलवे स्टेशन के समीप कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने की हृदयविदारक घटना से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुख की इस विकट घड़ी में सहन करने की शक्ति दे। दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा है कि झारखंड सरकार के अधिकारियों और डॉक्टर की एक टीम रविवार की सुबह हेलीकॉप्टर से ओडिशा के लिए रवाना होगी। बालासोर में हुए ट्रेन हादसे में मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के यात्रियों से मुलाकात कर टीम द्वारा उन्हें हरसभव मदद प्रदान करेगी। हादसे में घायल हुए यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए जरूरी सभी सहायता प्रदान किये जायेंगे।

## ओडिशा ट्रेन हादसे में झारखंड के तीन युवक गंभीर रूप से घायल



**गोड्डा।** ओडिशा ट्रेन हादसे में झारखंड के गोड्डा जिले के तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे में तीनों के सिर पर गंभीर चोटें आयी हैं। बताया जा रहा है कि तीनों गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी प्रखंड के मोरडीहा गांव के रहने वाले हैं। कोरोमंडल एक्सप्रेस से तीनों युवक मजदूरी करने चेन्नई जा रहे थे। इस दौरान ओडिशा के बालासोर बहानागा स्टेशन के पास तीन ट्रेनों की आपस में जोरदार टक्कर हो गयी और इस हादसे में वे घायल हो गये। घायलों में मुकेश पंडित (35), मिथुन कुमार पंडित (30) और राजीव पंडित (27) शामिल हैं। बालासोर जिला अस्पताल में इनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि मुकेश के सिर में 10 टांके लगे हैं। इधर, क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने राज्य के मुख्य सचिव से बात कर तीनों युवकों का कुशलक्षेम जाना। साथ ही, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से तीनों घायल युवकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## न्यूज डायरी

### श्रृंगार गौरी मामले की पैरवी नहीं करेंगे बिसेन

**वाराणसी।** ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी के मुख्य पैरोकार जितेंद्र सिंह बिसेन ने मुकदमे की पैरवी से हटने की बात कही है। उन्होंने शनिवार को पत्र जारी कर कहा है कि मैं देश व समाज को सूचित कर रहा हूं कि मैं और मेरा परिवार उन सभी मुकदमों से अपने आप को हटा रहा है।

### जी-20 स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक आज से

**नयी दिल्ली।** जी-20 स्वास्थ्य कार्य समूह की तीसरी बैठक रविवार से हैदराबाद में शुरू हो रही है। तीन दिवसीय इस बैठक के संदर्भ में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव लव अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि जी-20 इंडिया प्रेसीडेंसी की तीसरी हेल्थ वर्किंग ग्रुप की बैठक में अनुसंधान विकास व नवाचार पर फोकस रहेगा।

### कुकी उग्रवादियों की फायरिंग में 15 घायल

**इंफाल।** मणिपुर में कुकी समुदाय के उग्रवादियों की फायरिंग में कम से कम 15 ग्रामीण घायल हो गये। इनमें से दो की हालत गंभीर है। घायलों को इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले कांगचुप फाएंग और चिंगखोंग गांवों पर शनिवार की भोर करीब 2.20 बजे अत्याधुनिक हथियारों से हमला किया गया। शीर्ष सूत्रों के अनुसार संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने दो गांवों में फायरिंग की।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

# पीएलएफआइ की उप शाखा ब्लैक टाइगर के चार उग्रवादी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद खूंटी में इसकी उप शाखा ब्लैक टाइगर ग्रुप की सक्रियता बढ़ गयी है। कर्रा, जरियागड़ और तोरपा इलाके में इसने पीएलएफआइ के बैनर तले व्यवसायियों से लेवी की मांग शुरू कर दी है। ये लगातार क्षेत्र में पंपलेट छोड़ कर संगठन विस्तार में लगे हुए हैं, लेकिन शनिवार को पुलिस ने इन्हें तगड़ा झटका दिया है। पुलिस ने ब्लैक टाइगर संगठन से जुड़े चार उग्रवादियों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार उग्रवादियों में अजय धान, चंदन होरो, जतरु हेरेंज और मनी मुंडा शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देसी कारबाइन, .315 बोर की एक राइफल, 12 बोर का एक देसी बंदूक, 10 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल और पीएलएफआइ के 10 पर्चे बरामद किये हैं।

(शेष पेज 11 पर)



## प. सिंहभूम में 6 आइइडी बरामद, नष्ट



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र में शनिवार को भाकपा माओवादियों द्वारा पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाये गये 34 किलो के 6 अलग-अलग आइइडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद किये गये। सुरक्षा बलों ने पिछले साल एक नवंबर से अब तक 185 आइइडी और 26 स्पाइक होल बरामद कर नक्सली साजिश को नाकाम किया है। शनिवार को बरामद बमों में 6-6 किलो के 4 और 5-5 किलो के दो आइइडी शामिल हैं। पुलिस ने सभी बमों को बम निरोधक दस्ते के सहयोग से जंगल में ही नष्ट कर दिया। विभिन्न थाना क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को शनिवार को टोंटो थाना क्षेत्र के पटातारोव से तुंबाहाका के जाने वाले रास्ते के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में यह सफलता मिली।

### कर्रा में एचइसी कर्मी की गोली मारकर हत्या

**खूंटी (खबर मन्त्र)।** कर्रा थाना क्षेत्र के कुलहटु जंगल के समीप शनिवार को कुलहटु निवासी रंजीत नगडुवार (48) की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घटना सुबह आठ बजे की है। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव बरामद कर कर्रा थाना ले गयी है। बताया जा रहा है कि रंजीत नगडुवार कुलहटु गांव के ही निवासी हैं और सुबह तैयार होकर ड्यूटी जाने के लिए अपनी बाइक से एचइसी जा रहे थे। जहां पहले से घात लगाये अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। कर्रा थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि कुलहटू के समीप एक व्यक्ति की हत्या की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा कि एक शख्स हेलमेट पहने हुए लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ है। जांच के बाद पाया गया कि उसकी किसी ने हत्या कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में एचइसी कर्मी रंजीत नगडुवार के रूप पहचान हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गयी है।

## झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने जारी किया 8वीं बोर्ड का रिजल्ट

# 94.94 फीसदी बच्चे पास, कोडरमा अव्वल

- आठवीं बोर्ड की परीक्षा में फेल कर गये 26,298 बच्चे
- 5,43,164 में से 5,15,688 बच्चे हुए उत्तीर्ण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने शनिवार को 8वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया। रिजल्ट जैक अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो ने जारी किया। 8वीं बोर्ड में भी कोडरमा जिला अव्वल रहा है। इस परीक्षा में 5,62,564 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें 5,43,164 स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 5,15,688 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 26,298 विद्यार्थी फेल हो गये। 8वीं की परीक्षा का परिणाम 94.94 फीसदी रहा है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों में कोडरमा के बाद हजारीबाग, गोड्डा, चतरा और पलामू के नाम शामिल हैं। बोर्ड के अनुसार कोडरमा से 15,510 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 15,186 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए और 14,920 बच्चों ने परीक्षा पास की। जिले का पासिंग परसेंटेज 98.25 रहा है।

## हजारीबाग दूसरे, गोड्डा तीसरे और चतरा चौथे नंबर पर



हजारीबाग जिले से 29,822 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 29342 परीक्षा में शामिल हुए और 28700 परीक्षा पास किये। जिले में पास होने का प्रतिशत 97.83 रहा। इसी तरह, गोड्डा से 24,687 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इसमें 23,632 परीक्षा में बैठे और 23,104 बच्चों ने परीक्षा पास की। जिले का पासिंग परसेंटेज 97.77 है। चौथे नंबर पर चतरा जिला रहा है। यहां से 22,480 बच्चे रजिस्ट्रेशन कराया था। 21,679 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए और 21,077 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। चतरा में 97.22 फीसदी पास हुए। 5वें नंबर पर पलामू जिला रहा है। यहां 38,860 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिसमें से 3784 परीक्षा में शामिल हुए और 3632 बच्चे परीक्षा पास किये। पलामू में 96.95 प्रतिशत बच्चे पास हुए।

**अन्य जिलों का पासिंग परसेंटेज**

| | |
|---|---|
| सरायकेला खरसावां : 96.88 | दुमका : 94.72 |
| गिरिडीह : 96.24 | पूर्वी सिंहभूम : 94.35 |
| रांची : 96.15 | देवघर : 93.46 |
| गढ़वा : 96.14 | सिमडेगा : 92.92 |
| धनबाद : 95.99 | जामताड़ा : 92.24 |
| रामगढ़ : 95.89 | वेस्ट सिंहभूम : 92.14 |
| बोकारो : 94.86 | साहिबगंज : 92.07 |



# झारखंड में भीषण गर्मी का अलर्ट, 13 जून तक राहत की कोई उम्मीद नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भीषण गर्मी पड़ रही है। राज्य में रांची, पलामू, गढ़वा समेत एक दर्जन जिलों में शनिवार का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। मौसम विभाग की मानें तो झारखंड में 13 जून तक तेज गर्मी पड़ेगी। वहीं 13 जून की शाम को आसमान में बादल छायेंगे। वहीं 14 जून से मॉनसून से पहले की बारिश शुरू हो जाएगी। इसके बाद लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार झारखंड में मॉनसून देरी से दस्तक देगा। केरल में मॉनसून के आने में देरी हो रही है इसलिए झारखंड में मॉनसून देरी से पहुंचेगा। अनुमान है कि झारखंड में 18 से 19 जून तक मॉनसूनी गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। पिछले साल झारखंड में मॉनसून 18 जून तक आ गया था। मौसम पूवार्नुमान जारी करने वाली एजेंसी स्काइमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी की पूरी श्रृंखला पर दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। इस बार मॉनसून के धीमा रहने की संभावना है। इसके



केरल तक पहुंचने में एक सप्ताह से ज्यादा का वक्त लग सकता है।



### दक्षिण पूर्व अरब सागर में बन रहा चक्रवाती क्षेत्र

मौसम विभाग की ओर से जारी ऑल इंडिया वेदर बुलेटिन में कहा गया है कि एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन जम्मू क्षेत्र पर मौजूद है। यही नहीं राजस्थान के पश्चिमी भागों पर भी एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। 5 जून तक दक्षिण पूर्व अरब सागर के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र विकसित होने की उम्मीद है। इसके प्रभाव से 6 जून तक उसी क्षेत्र में निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित हो सकता है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 घंटों के दौरान राजस्थान के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान तेज रफ्तार में धूल भरी आंधी चलने के आसार भी बन रहे हैं।

झारखंड में बिजली बिल ब्याज माफी योजना

## आसान किस्तों में चुकायें भारी भरकम बिजली बिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अगर आपका बिजली बिल बहुत ज्यादा है और लंबे समय तक बकाया है तो आप आसानी से बिल किस्तों में चुका सकते हैं। इसे चुकाने के लिए बिजली बिल ब्याज माफी योजना चलाई जा रही है। इसे लेकर शनिवार को रांची समाहरणालय से झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 के तहत ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) रथ को रवाना किया गया। योजना घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ब्याज माफी की है।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, जीएम जेबीवीएनएल पी. के. श्रीवास्तव एवं एसई डीके सिंह ने संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर ओटीएस रथ को रवाना किया। इस दौरान कार्यपालक अभियंता हिंमाशु कुमार, राजेश मंडल, सी.एम. शर्मा एवं अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा, ओटीएस रथ के माध्यम से जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में योजना प्रचार-प्रसार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बिजली बिल ब्याज माफी योजना अंतर्गत 31 दिसंबर 2022 तक के बिल में ब्याज माफी का लाभ मिलेगा। बिजली बिल ब्याज माफी आसान किश्तों में होगी।

घरेलू (शहरी एवं ग्रामीण) श्रेणी में 05 किलोवाट तक तथा कृषि एवं सिंचाई (आईएएस-1) निजी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सकेगा। साथ ही बकायेदार विच्छेदित, लीगल नोटिस एवं सर्टिफिकेट केस घरेलु उपभोक्ता (शहरी एवं ग्रामीण) को भी इस योजना का लाभ मिल सकेगा। जीएम जेबीवीएनएल पीके श्रीवास्तव ने वन टाइम सेटलमेंट स्कीम ब्याज माफी योजना के के लाभ की जानकारी दी।

### पांच आइएएस को मिला अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का एससीटी ट्रेनिंग में जाने की वजह से तत्काल के लिए उनकी जगह दूसरे अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके तहत मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य आजीविका संवर्द्धन सोसाइटी रांची तथा नागरिक सुरक्षा आयुक्त झारखंड रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, अजय कुमार सिंह क्षेत्रीय निदेशक झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार रांची क्षेत्र को निदेशक हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प झारखंड रांची का अतिरिक्त सौंपा गया है। अपर सचिव नगर विकास विभाग मनोहर मरांडी को निदेशक नगरीय प्रशासन नगर विकास एवं आवास विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उपायुक्त दुमका रवि शंकर शुक्ला को उपायुक्त गोड्डा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कृषि निदेशक चंदन कुमार को निबंधक सहयोग समितियां झारखंड रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

रिम्स में कुपोषण प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

## 73% ग्रामीण आबादी तक नहीं पहुंच रही हैं मानक सुविधाएं : अपर मुख्य सचिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गंभीर कुपोषण के प्रबंधन के लिए रिम्स में स्थापित स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की ओर से शनिवार को दो दिवसीय राज्य-स्तरीय कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला का शुभारंभ कर अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि 73% ग्रामीण आबादी तक मानक सुविधाएं भी नहीं पहुंच रही हैं। ऐसे में बच्चों में कुपोषण और जन्म दोष स्वाभाविक है, इसलिए मातृ और शिशु देखभाल इकाइयों को सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार जरूरी है, क्योंकि ये सेवाएं माताओं और बच्चों दोनों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि यदि



हम शिशुओं और माताओं की शुरूआती दौर में ही देखभाल करने में सक्षम होते हैं, तभी भविष्य में अपने नागरिकों की देखभाल कर सकेंगे।

कार्यशाला के पहले दिन रिम्स चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेन्द्र बिरुआ, संयुक्त सचिव राजेश प्रजापति, महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग व रिम्स के शिशु रोग चिकित्सक थे। कार्यशाला को बीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच सके, हमें उस ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यूनिसेफ की डॉ कनिका मित्रा ने झारखंड में लड़कियों की कम उम्र में विवाह के प्रभाव पर ध्यान केंद्रित किया। बताया कि इससे एनीमिया की समस्या हो सकती है।

### स्वास्थ्य सेवाओं में कमियों को बताया

अरुण कुमार सिंह ने स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न पहलुओं में व्यापक सुधार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इनमें स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच, स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रशिक्षण, आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति की उपलब्धता और देखभाल के लिए समग्र मानक शामिल हैं। साथ ही आदिवासी समुदाय का उत्थान और स्वास्थ्य सेवाओं में मौजूदा कमियों को दूर करने पर प्रकाश डाला।

### क्या कहते हैं आंकड़े

गौरतलब है कि सरकार के प्रयासों से तीव्र कुपोषण वाले बच्चों के अनुपात को 2015-16 में 29% से 2019-21 में 22% तक लाने में सफलता मिली है। इसी अवधि में नाटे बच्चों का अनुपात 45.3% से घटकर 39.6% हुआ है। बच्चों में गंभीर तीव्र कुपोषण का प्रसार 2015-16 में 11.4% से घटकर 2019-21 में 9.1% हो गया है। लेकिन पोषण संबंधी आंकड़े बताते हैं कि झारखंड में कुपोषण अभी भी अधिक है। 6 महीने से कम उम्र के शिशुओं में गंभीर कुपोषण की समस्या तेजी से सामने आ रही है।

### आदिवासी सरना विकास समिति की पहल सराहनीय : दीपक प्रकाश



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि आदिवासी सरना विकास समिति की पहल सराहनीय है। श्री प्रकाश शनिवार को आदिवासी सरना विकास समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस वैवाहिक समारोह में आठ जोड़े दाम्पत्य बंधन में बंधे। उन्होंने वैवाहिक बंधन में बंधे जोड़ों को उनके सफल दांपत्य जीवन के लिए मंगलकामनायें बधाई देते हुए कहा कि जनजातीय समाज द्वारा यह पहल अपने आप में एक उदाहरण है। समाज में हो रहे बदलाव एवं जागरूकता का परिचायक है। यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में उदाहरण बनेगा। समारोह में सुबोध कुमार सिंह गुड्डू भी उपस्थित थे। विवाह संपन्न होने के बाद सभी जोड़ों में विवाह प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंकज शाहदेव, उमेश यादव, अमित नंदन, वीना मिश्रा, बिरसा भगत, सन्नी उरांव, नीलम तिर्की, कुमुदनी लकड़ा, आनंद मूर्ति ने भूमिका निभायी।

## सरकारी अस्पताल में जन्म लेने वाली बेटियों को मिलेगा बेबी केयर किट

### खरीदारी के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दिए ₹25 करोड़

**राज्य में हर साल करीब 8 लाख बच्चों का होता है जन्म, 6 लाख बच्चों का सरकारी अस्पताल में होता है जन्म**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाली बेटियों को बेबी केयर किट देने का निर्णय लिया है। राज्य में प्रत्येक साल करीब 8 लाख बच्चों का जन्म होता है। इनमें से करीब 6 लाख बच्चे सरकारी अस्पतालों में जन्म लेते हैं लेकिन राज्य में प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। ऐसे में राज्य के अधिकांश हिस्सों में जन्म लेने वाले नवजात को मूलभूत सामग्रियां भी नहीं मिल पाती हैं।

**एक किट की खरीदारी पर करीब 1500 रुपए खर्च** : बेबी केयर किट की खरीदारी के लिए वित्तीय वर्ष 23-24 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 25 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। एक किट की खरीदारी पर करीब 1500 रुपए खर्च किए जाएंगे। योजना का कार्यान्वयन प्रत्येक जिले के सिविल सर्जन के माध्यम से कराया जाएगा। बेबी केयर किट सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाली बच्चियों को ही दिया जाएगा। अनुसूचित जनजाति के नवजात को प्राथमिकता दी जाएगी। इस राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं रांची होंगे।



**बेबी केयर किट में मिलेगा ये सामान**

- बेबी क्लॉथ : 02, नैपकिन : 06
- बेबी बेड : 01, थर्मामीटर : 01
- बेबी मसाज ऑयल : 01
- मच्छरदानी : 01
- बेबी ब्लैंकेट : 02
- प्लास्टिक मैट : 01
- बेबी शैंपू : 01
- खिलौना : 01
- नेल कटर : 01
- मोजा : 02 जोड़ी
- -मां के लिए लिक्विड हैंड वॉश : 01
- वुलेन स्कार्फ : 02
- बेबी बॉडी वॉश लिक्विड : 01
- किट बैग : 01

### तनवीर अख्तर के ठिकानों पर छापेमारी

**रांची।** लव जिहाद मामले में रांची पुलिस मॉडलिंग कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर की गिरफ्तारी के लिए कई ठिकानों पर छापेमारी की है लेकिन उसका अब तक पता नहीं चल पाया है। तनवीर अख्तर के पर धर्मांतरण और यौन शोषण का आरोप है। मामले में रांची पुलिस मुंबई गई और पीड़िता का का बयान दर्ज किया है। पुलिस की टीम ने आरोपित के स्वजनों से भी पूछताछ की। स्वजनों ने पुलिस को बताया कि पिछले डेढ़ माह से तनवीर से कोई संपर्क नहीं है।

## जमशेदपुर व दुमका में 500-500 बेड की बनेगी हॉस्पिटल बिल्डिंग

**रांची।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज, डिमना में 500 बेड की हॉस्पिटल बिल्डिंग बनाये जाने की तैयारी है। भवन निर्माण विभाग ने इसके लिए ई-कोटेशन जारी कर 12 जून तक एजेंसियों से आवेदन मांगे हैं। 13 जून को इसे खोला जायेगा। विभाग दुमका में भी 500 बेड का एक हॉस्पिटल बनायेगा। इसके लिए भी 12 जून तक आवेदन मांगे हैं। विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग के अंतर्गत आनेवाले गिरिडीह कॉलेज कैंपस में एक नयी बिल्डिंग भी तैयार किये जाने की योजना है। इसके लिए जारी ई-कोटेशन नोटिस के मुताबिक 12 जून तक आवेदन होगा। वहीं, 13 जून को बिड खोले जाएंगे। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी, धनबाद के अंतर्गत आने वाले बोकारो के नावाडीह में डिग्री कॉलेज का भवन बनाने की योजना है। इसके लिए भी 12 जून तक आवेदन करने की समय सीमा तय की है। 13 जून को इसे खोला जाना है। इन कार्यों से संबंधित जानकारी के लिए वेबसाइट को देखा जा सकता है।

## संजय लाल पासवान बनाये गये आवास बोर्ड के अध्यक्ष

**झारखड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन, अध्यक्ष एवं सदस्य नियुक्त**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संजय लाल पासवान झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। उनकी नियुक्ति अगले तीन वर्षों के लिए राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष के पद पर की गयी है। साथ ही, राज्य आवास बोर्ड के सदस्य के पद पर रांची अभिलाष साहु, पाकुड़ गुलाम अहमद गोकुल, रांची के नीतिन अग्रवाल एवं धनबाद के पवन महतो को नियुक्त किया गया है।

**झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन** : राज्य सरकार द्वारा तृतीय झारखण्ड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन कर अगले पांच वर्ष के लिए हजारीबाग के जय शंकर पाठक को बोर्ड का सदस्य एवं अध्यक्ष और पलामू के हृदयानंद मिश्रा, रांची के राकेश सिन्हा, देवघर के अजय नारायण मिश्रा और पलामू के संजीव तिवारी को बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### महिला पहलवानों के आंदोलन पर केंद्र सरकार चुप क्यों : नीतू देवी

**रांची।** महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतू देवी ने कहा कि विगत चार महीनों से महिला पहलवान दिल्ली के जंतर-मंतर पर बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह के यौन शोषण के खिलाफ आंदोलन कर रही हैं। इसके बावजूद पीएम मोदी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है मोदी मंत्रिमंडल महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी मूक दर्शक बनी बैठी हैं। नीतू देवी शनिवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात कर रही थी। इस मौके पर उपाध्यक्ष रेशमा गुलशन, महासचिव सबीना खातून, मीडिया कोर्डिनेटर मंजी कौर, रिमा यादव उपस्थित थीं।

भाजपा के सामने संथाल, कोल्हान और 28 एसटी सीटों पर खुद को मजबूत करने की चुनौती

## बिछ गया दो हजार चौबीस का चुनावी चौसर भाजपा ने तेज की अपनी राजनीतिक कवायद

**भाजपा ने सभी 14 लोकसभा सीटें और दो तिहाई विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करने का किया दावा**

**उदय चौहान**

**रांची।** अब भाजपा पूरी तरह चुनावी मोड में आ चुकी है। मिशन 2024 को लेकर भाजपा ने सांगठनिक गतिविधियों को तेज कर दिया है। पार्टी ने विकास तीर्थ के बहाने जनाधार बढ़ाने की कवायद शुरू कर दी है। साथ ही, अपेक्षाकृत कमजोर संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्र में मजबूत किलेबंदी करना शुरू किया है। इसके अलावा 28 विधानसभा



एसटी सीटों पर आदिवासी वोटरों को रिझाने के लिए केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इसे लेकर महागठबंधन सरकार को घेरने और उसकी नाकामी को उजागर की तैयारी तेज कर दी गयी है। दो हजार चौबीस के चुनावी चौसर को लेकर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों ने तैयारी में दम लगा दिया है।

सूत्रों के अनुसार 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा अपने संगठन को मजबूत कर रही है। पार्टी ने सभी 14 लोकसभा सीटों और दो तिहाई विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करने का दावा कर दिया है। संथाल, कोल्हान और राज्य की 28 आदिवासी सुरक्षित विधानसभा सीटों में संगठन को मजबूत करने के लिये ठोस पहल की जा रही है। इसके लिये मंडल व बूथ स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आहूत किये जा रहे हैं। तत्कालीन रघुवर सरकार की उपलब्धियों को लेकर जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। सारी स्थितियों की समीक्षा के बाद इन प्रमंडलों में संगठन को मजबूत करने के लिये भाजपा 2023 में कई बड़े बदलाव करने की तैयारी कर रही है।

### भाजपा -आजसू मिलकर तय करेंगे उम्मीदवार

भाजपा 2019 के बाद से राज्य में हुए चार उपचुनाव हार चुकी है। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण वोटरों को रिझाने के लिये पसीना बहाना शुरू कर दिया है। एनडीए के घटक दल भाजपा व आजसू मिलकर उम्मीदवारों के चयन प्रक्रिया को अंजाम देने का फैसला किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि दोनों पार्टियां मिल-जुलकर उम्मीदवार तय करेंगे।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार भाजपा कुछ नये नेताओं को संगठन में शामिल कराने की रणनीति बना रही है। इनमें विपक्षी पार्टियों के नेता तो होंगे ही। साथ ही वे नेता भी होंगे जो 2019 में रघुवर दास की वजह से भाजपा छोड़कर दूसरे दलों में चले गये थे। इनमें सरयू राय, अमित यादव और दुष्यंत पटेल जैसे नेता शामिल हैं। ताला मरांडी और शशिभूषण सामड जैसे नेता पहले ही घर वापसी कर चुके हैं। निष्क्रिय हो चुके सीनियर लीडर्स को भी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय किया जा रहा है। भाजपा को उम्मीद है कि 2024 का चुनाव बेहद ही महत्वपूर्ण है। जिसमें झारखंड की सभी 14 सीटों पर कमल खिलेगा। बहरहाल सियासत की इस बड़ी चुनावी जंग में हर कोई अपने अपने ढंग से ताकत आजमाने में जुटी है।

### प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा ने विभावि में वीसी का पद संभाला



**रांची।** रांची विवि के कुलपति आरयू प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा ने शनिवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति का प्रभार ग्रहण किया। विनोबा भावे विवि का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लौटने पर रांची विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों और कर्मियों ने उन्हें बधाई दी। मालूम हो कि राजभवन ने हाल ही में डॉ. सिन्हा को रांची विश्वविद्यालय के साथ ही विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग का भी प्रभार सौंपा है। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि आरयू के साथ ही विनोबा भावे विश्वविद्यालय का प्रभार भी एक जिम्मेदारी भरा काम है और मैं वहां अनुशासन के साथ शैक्षणिक गतिविधियों को ऊंचाई पर ले जाउंगा।

## खबर एक नजर में

### ट्रेन दुर्घटना हृदय विदारक : रघुवर दास

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि ओडिशा के बालासोर में ट्रेन की हृदयविदारक के दुर्घटना में बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने के समाचार से मन द्रवित है। ईश्वर से प्रार्थना है कि हादसे में मृतकों की आत्मा को शांति और घायलों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। राहत और बचाव कार्य में लगे एनडीआरएफ के जवानों और स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं के प्रयासों को नमन करता हूं।

### रेल मंत्री लें दुर्घटना की जिम्मेवारी : कांग्रेस

**रांची।** ओड़िशा के बालासोर में तीन ट्रेनों के भीषण टक्कर में सैकड़ों यात्रियों की मौत पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि रेल हादसे में जिन यात्रियों की मृत्यु हुई है, उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। इस दुख की घड़ी में कांग्रेस परिवार उनके साथ खड़ा है। केंद्र सरकार इस घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषी अधिकारियों पर सख्त कारवाई करे। इस घटना की जिम्मेवारी भी रेल मंत्री स्वयं लें।

### बालासोर ट्रेन दुर्घटना पर स्पीकर ने जताया दु:ख

**रांची।** स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने बालासोर ट्रेन दुर्घटना के शिकार हुए व्यक्तियों के प्रति अपने दुख एवं संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि घटना में लगातार मृतकों की संख्या बढ़ने से मन काफी विचलित है। ईश्वर हादसे में मरने वाले व्यक्तियों की आत्मा को शांति प्रदान करे और यह भी कामना करता हूं कि घायल व्यक्तियों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्राप्ति हो।

### राजद महिला प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

**रांची।** ओड़िशा में बालासोर में तीन ट्रेनों की भीषण टक्कर में यात्रियों की मौत पर झारखंड प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा कि रेल हादसे में जो भी यात्रियों की मृत्यु हुई है उनके परिवार के साथ पूरा राजद परिवार संवेदना व्यक्त करता है।

### युवा राजद ने रेल हादसे को बताया हृदय विदारक

**रांची।** ओड़िशा के बालासोर हुए ट्रेन हादसे पर युवा राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव सह ओडिशा प्रभारी विशु विशाल यादव ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि ओडिशा रेल हादसे की खबर हृदयविदारक है। विशु विशाल यादव ने घायल यात्रियों के जल्द ठीक होने की कामना की। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि भारत सरकार हाई स्पीड ट्रेन चलाने की सोच रखती है, वहां ऐसा हादसा होना चिंता का विषय है।

### ट्रेन हादसे में हुई मौत पर वित्त मंत्री ने जताया शोक

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा ने ओड़िशा के बालासोर में ट्रेन दुर्घटना में 250 लोगों के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। राष्ट्रीय अधिवेशन में ट्रेन हादसे पर दो मिनट का मौन रखा एवं दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बालासोर ट्रेन हादसे पर गहरा दुख एवं शोक प्रकट किया है। केन्द्र एवं राज्य की सरकार से उन्होंने आग्रह किया है कि घायलों के जीवन की रक्षा के लिए हर संभव इंतजाम किए जाने चाहिए। मौके पर झारखण्ड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने अपनी गहरी संवेदना एवं दुख प्रकट किया है।

### घूस लेने का आरोपी सीसीएलकर्मी कोर्ट में पेश

**रांची।** रिश्वत लेते गिरफ्तार सीसीएल हजारीबाग एरिया के चरही रेवले साइडिंग इंचार्ज विजय प्रसाद मेहता को दो दिन की पुलिस रिमांड अवधि खत्म होने के बाद शनिवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया। सीबीआई ने आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया था। सीबीआई ने बुधवार को रिश्वत की राशि 10 हजार रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

### अग्रवाल बंधु हत्याकांड में फैसला शीघ्र

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत में अग्रवाल बंधु हत्याकांड मामले के आरोपी लोकेश चौधरी से जुड़े मामले में जल्द फैसला आने की संभावना है। मामले में आरोपियों के बयान दर्ज करने के बाद बहस जारी है। अब तक 11 निर्धारित तारीखों में बहस की गई है। 5 जून को भी बहस जारी रहेगी। बहस पूरी होते ही मामले में फैसले की तारीख अदालत निर्धारित करेगा। मामले में लोकेश चौधरी के साथ धर्मेंद्र तिवारी, रवि शंकर लाल एवं सुनील सिंह मुकदमे का सामना कर रहा है। मालूम हो कि लोकेश चौधरी ने लालपुर निवासी सगे भाई हेमंत अग्रवाल एवं महेंद्र अग्रवाल को अशोक नगर स्थित एक न्यूज कार्यालय में 6 मार्च 2019 को बुलाया था। पैसे को लेकर विवाद होने पर दोनों की हत्या गोली मारकर कर दी गई थी।

## विश्व साईकिल दिवस : शहर में चार्टड साईकिल सेवा दयनीय



फोटो : समीर

# मिशन लाइफ ने निकाली साइकिल रैली





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मिशन लाइफ के अंतर्गत पिछले एक माह से चल रहे कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर एक साईकिल रैली निकाली गयी। यह आयोजन वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार एवं झारखण्ड राज्य प्रदुषण नियंत्रण पर्षद ने अपने टेक्निकल पार्टनर सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट के साथ मिल कर किया गया। इसके साथ ही पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने के लिए जागरूकता साइकिल रैली बाइसाक्लोथोन का आयोजन किया।

इस साइकिल रैली को वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव एल. ख्यांगते एवं जलवायु परिवर्तन विभाग प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. संजय श्रीवास्तव, झारखण्ड राज्य प्रदुषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष शशिकर सामंता द्वारा हरी झंडी दिखा कर मोराबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से रवाना किया गया। जो लगभग 12 किलो मीटर की दुरी तय करते हुए रातू रोड, हरमू रोड, अरगोड़ा चौक, बिरसा चौक, हिनू चौक होते हुए वन भवन परिषद डोरंडा स्थित पलाश सभागार पहुंचा।

इस साइकिल रैली में स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थानों के सदस्य, कॉर्पोरेट कंपनियों के प्रतिनिधि, वन विभाग के पदाधिकारी/ कर्मचारी, पुलिस तथा अर्धसैनिक बल के पदाधिकारी जवानों के साथ करीब 1500 की संख्या में पुरुष, स्त्री, विद्यार्थी आदि ने बहुत उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत आम जन मानस में पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाते हुए पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए जागरूकता लाना है।

### एक माह से चल रहा कार्यक्रम, कल होगा वृहद आयोजन : वाईके दास

इस अवसर पर झारखण्ड राज्य प्रदुषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव वाई. के. दास ने बताया कि लाइफ मिशन के अंतर्गत पर्षद द्वारा राज्य में पिछले एक माह से विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। जिनमें से आज का कार्यक्रम भी इनमें से एक है। आगे उन्होंने बताया कि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इसी क्रम में पर्षद द्वारा प्रोजेक्ट भवन में वृहत्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मिशन लाइफ का मुख्य थीम ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक का बहिष्कार तथा पेड़ पौधे आदि लगाते हुए सामन्य जीवन शैली में छोटी छोटी बातों पर ध्यान देते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना है। इस रैली की समाप्ति पर पलाश सभागार में प्रतिभागियों को डॉ. संजय श्रीवास्तव से, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, झारखण्ड सरकार के द्वारा एक एक पौधा उपहार स्वरुप प्रदान किया गया। इस पुरे कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी), एस. आर. नटेश का सहयोग सराहनीय रहा।

## सीसीएल ने छह सौ से अधिक पौधों का किया वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सीसीएल मुख्यालय, रांची के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत शनिवार को सीसीएल मुख्याभलय, रांची में सीसीएल कर्मियों के बीच 600 से अधिक औषधीय पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) बी साईंराम ने सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य और दायित्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष (पर्यावरण), राजकुमार एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

ज्ञात हो कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सीसीएल द्वारा विभिन्न कार्यक्रम जैसे बच्चों के बीच पेंटिंग, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता, पौधों का वितरण, पौधा रोपण आदि कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

# प्रदुषण मुक्त प्रकृति और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक

### जेवेरियंस और रोट्रैक्ट क्लब ने आयोजित की साईकिल रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के छात्र और रोट्रैक्ट क्लब की ओर से शनिवार 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के मौके पर साइकिल रैली कार्यक्रम का आयोजन किया। रैली में 60 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने संत जेवियर कॉलेज गेट से मोरहाबादी ग्राउंड तक 10 किलोमीटर का सफर तय किया और लोगों को जागरूक किया। एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट डॉक्टर. प्रिया श्रीवास्तव ने बताया कि 3 जून को दुनियाभर में विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य आवाम को साइकिल के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें स्वास्थ्य और पर्यावरण को होने वाले फायदों के प्रति जागरुक करना है।

बताया गया कि साइकिल चलाने से सेहत को कई फायदे होते हैं। इसे नियमित तौर पर चलाने से शरीर स्वस्थ और तंदरुस्त रहता है। यह लोगों में स्फूर्ति का संचार करता है। विश्व साइकिल दिवस साइकिल को मानव प्रगति, उन्नति, स्थिरता, सामाजिक समावेश और शांति की संस्कृति के प्रतीक के रूप में मनाता है।

प्रकृति को लेकर एनसीसी कैडेट ने ऑक्सीजन पार्क मोरहाबादी में प्रकृति को प्रदूषण मुक्त और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए एक शानदार नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को सभी ने पूरे जोश और उत्साह के साथ सफल बनाया।

## पौधरोपण कर पर्यावरण बचाएं : प्रो जे जॉन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वाई.एम.सी.ए. के तत्वावधान में शनिवार को पेड़ लगाओ, धरती बचाओ जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर साइकिल रैली के माध्यम से पौधा रोपण जागरुकता अभियान की वाई.एम.सी.ए. के अध्यक्ष प्रो विनय जे. जॉन ने हरी झंडी दिखाकर शुरूआत की। प्रो जे जॉन ने पर्यावरण में होने वाले बदलाव और उसके दुष्प्रभाव की गंभीरता का स्मरण कराया। कहा कि अभी जो विश्व की स्थिति है, ग्लोबल वर्मिंग के हालत हैं, उससे बचने के लिए पर्यावरण को बचाना होगा। अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और प्रदूषण कम करें। अभियान के तहत बरनाबास हॉस्पिटल, बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय, गोस्सनर उच्च विद्यालय जैसे संस्थानों में पौधरोपण किया गया। यह अभियान पूरे जून महीना भर चलता रहेगा। मौके पर चोन्हास कुजूर, आशीष कुजुर, सौरव मुर्मू, नवीन बखला, सुमन भेंगरा, शैनी दास के साथ हाय-वाई के सदस्यों तथा युवाओं की भागीदारी रही।



## झारखंड पुलिस महाअधिवेशन 15 जून से

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस महा अधिवेशन 15, 16 एवं 17 जून को होगा। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने तैयारी पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि रिम्स के ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय झारखंड पुलिस संगठन के 103वीं स्थापना वर्षगांठ और सप्तम महाधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में हमारे डीजीपी सहित कई वरीय अधिकारी रहेंगे। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी आमंत्रित कर रहे हैं। उनकी पहल से हमारी कई लंबित मांगों को पूरा किया गया है। वहीं 16 जून को चुनाव भी होगा।

**आमसभा में होंगे निर्णय**

15 जून को प्रथम सत्र में सप्तम महाधिवेशन का शुभारंभ होगा। द्वितीय सत्र में चिंतन और मार्गदर्शन सत्र आयोजित होगा। जिसमें अतिथियों का मार्गदर्शन प्राप्त किया जाएगा और तृतीय सत्र में आम सभा आयोजित की जाएगी। इस सत्र में पर्यवेक्षक मतदान संबंधी अनुशासन समझाएंगे।16 जून को सुबह 8:00 बजे मतदान का कार्यक्रम होगा जो शाम तक चलेगा। 17 जून को चुने गए नए पदाधिकारी का पदभार ग्रहण व शपथ ग्रहण होगा।



### पांच पदों पर किया है नामांकन

योगेंद्र सिंह ने कहा कि पांच पदों पर नामांकन किया गया है। अध्यक्ष पद पर तीन, उपाध्यक्ष पद पर पांच, महामंत्री पद पर दो उम्मीदवार, संयुक्त सचिव पर चार उम्मीदवार और संगठन सचिव पद पर तीन उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। इस तरह से पांच पद पर कुल 17 सदस्यों ने केंद्रीय चुनाव के लिए नामांकन किया गया है। वहीं महाधिवेशन को पूर्ण रूप से संपन्न करने के लिए समिति का गठन किया गया है। समिति में कुल 67 सदस्यों को शामिल किया गया है।

## लाखों की ठगी का आरोपी को मिली जमानत

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश राय की अदालत ने नौकरी लगाने का झांसा देकर बेरोजगार युवक से 4.50 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में जेल में बंद आरोपी अंबरीश श्रीवास्तव को रकम वापस की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की गई है। जेल जाने के बाद आरोपी ने जमानत अर्जी दायर की थी। सुनवाई के दौरान उसे सुलह के लिए मध्यस्थता केंद्र भेज दिया गया था। जहां मध्यस्थता के लिए मध्यस्थ एलके गिरि को नामित किया गया था। मध्यस्थता केंद्र में ठगी के शिकार युवक रंजीत कुमार मंडल एवं आरोपी के बीच सुलह हुआ। मध्यस्थता के तहत सहमति बनी कि आरोपी पीड़ित युवक रंजीत मंडल को चार किस्तों में 4.50 लाख रुपये का भुगतान करेगा। इसी शर्त पर आरोपी जेल से बाहर निकला है। बता दें कि पीड़ित युवक ठगी के बाद अरगोड़ा थाना में साल 2021 में अंबरीश श्रीवास्तव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। निचली अदालत से अग्रिम जमानत अर्जी खारिज होने के बाद वह हाईकोर्ट गया। जहां उसे राहत नहीं मिली। इसके बाद उसको जेल जाना पड़ा।

## सीएमपीडीआई में साइक्लोथॉन-सह-वॉकथॉन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**रांची।** सीएमपीडीआई के निदेशक शंकर नागाचारी ने पर्यावरण के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए शनिवार को मिशन लाइफ के हिस्से के रूप में एवं विश्व पर्यावरण दिवस-2023 के उपलक्ष्य में संस्थान के परिसर में आयोजित साइक्लोथॉन-सह-वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री नागाचारी ने प्रतिभागियों को प्लास्टिक प्रदूषण से निजात पाने के लिए अपनी अंतर-दृष्टि विकसित करने और व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। सीएमपीडीआई के स्वर्णरेखा हॉल में बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के महत्व को विकसित करने के लिए संस्थान के कर्मियों के पांचवी कक्षा तक के बच्चे/बच्चियों के लिए पर्यावरण प्रदूषण विषय पर और छठी से बारहवीं कक्षा के बच्चों के लिए जल संरक्षण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 80 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

# काशी उरांव की खतियानी जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कांके थाना अंतर्गत बुकरू ग्राम निवासी काशी उरांव ने अपनी खतियानी जमीन पर गैर आदिवासियों द्वारा डरा-धमका कर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध मुख्यमंत्री को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है तथा आवेदन की प्रतिलिपि रांची के उपायुक्त, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सहित एससी-एसटी थाना प्रभारी को भी दिया है।

काशी उरांव ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताया कि बुकरू ग्राम में उनकी पुश्तैनी खतियानी जमीन खाता नंबर 33 प्लॉट नंबर 87, 34 डिसमिल, प्लॉट नंबर 88 रकबा 34 डिसमिल और प्लॉट नंबर 157 रकबा 67 डिसमिल एवं प्लॉट नंबर 358 रकबा 90 डिसमिल, कुल 2.25 एकड़ जमीन खतियान में लादू उरांव वल्द चमरा उरांव के नाम से दर्ज है। बताया कि लादू उरांव अपने पीछे एकमात्र पुत्र सोमरा उरांव को छोड़ गए। सोमरा उरांव अपने पीछे तीन पुत्रों, लतलु उरांव, अशोक उरांव और काशी उरांव को छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। लतलु उरांव और अशोक उरांव बिना कोई पुत्र संतान के उनका निधन हो गया। इस तरह उपरोक्त वर्णित जमीन का एकमात्र वारिश होने के नाते काशी उरांव जमीन का मालिक व दखलकार हैं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में भी कोतवाली अंतर्गत निवासी इंद्रदेव वर्मा और मोहन वर्मा द्वारा षड्यंत्र करके जाली और फर्जी कागजात बनाकर उनकी पुश्तैनी जमीन को हड़पने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि अकेला वृद्ध एवं गरीब आदिवासी जानकर उन्हें जमीन छोड़ने के लिए तरह-तरह की धमकी दी जा रही है। इसी क्रम में 26 मई को अपराह्न दो बजे वह अपनी जमीन पर खेती कर रहे थे, उसी समय इंद्रदेव वर्मा और मोहन वर्मा दोनों अभियुक्त अपने सहयोगियों के साथ वहां आ धमके उन्हें उनकी ही पुश्तैनी जमीन में यह कहकर काम करने से रोका कि यह उनकी जमीन है। काशी उरांव के द्वारा विरोध करने पर उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और जातिसूचक गाली गलौज किया गया करते हुए उन्हें धमकाया गया और अपने संपर्क के प्रभाव से उलटे कांशी उरांव को ही कांके थाना में बंद करवा दिया। बाद में काशी उरांव द्वारा जमीन का कागज दिखाने पर थाने से रिहा किया गया। इस मौके पर काशीराम की पत्नी सुधन देवी और पुत्र बबलू उरांव भी मौजूद थे।

## धर्म की रक्षा के लिए समाज आगे आयें : जगन्नाथ शाही



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की महिला युवा शाखा दुर्गा वाहिनी झारखंड प्रांत के सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग धुर्वा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर विहिप के केंद्रीय प्रन्यासी मंडल के सदस्य जगन्नाथ शाही ने कहा कि संपूर्ण विश्व का ज्ञान- विज्ञान का केंद्र भारत था। मुस्लिम आक्रांताओं के द्वारा नालंदा, तक्षशिला जैसे अनेकों विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में संग्रहित ज्ञान-विज्ञान के धरोहर को जलाकर भस्म कर दिया। उन्होंने कहा 7 दिन के प्रशिक्षण में बहनों को उनके गुण, क्षमता, बौद्धिक, शारीरिक, आत्मरक्षा, स्वावलंबी आदि के विकास का प्रशिक्षण चलेंगे। प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, देवी सिंह, रंगनाथ महतो, दीपारानी कुंज, अनुराधा कच्छप, मिथिलेश्वर मिश्र, कृष्ण चैतन्य ब्रशचारी, कैलाश केशरी, नागेंद्र, चंद्रदीप दुबे, प्रकाश रंजन आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### केंद्र सरकार रेल हादसे की जांच कराए : नमन भारतीय

**रांची।** समाजसेवी नमन भारतीय ने कहा कि ओड़िशा के बालासोर में शुक्रवार को हुए ट्रेन हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ती जा रही है। हादसे में 300 लोग की मौत हो चुकी है और 900 लोग घायल हैं। इस घटना पर समाजसेवी नमन भारतीय ने गहरा दुःख जताया है। उन्होंने इस हादसे में सभी घायल यात्रियों के जल्द ठीक होने की कामना की है। साथ ही मांग की है कि केंद्र सरकार रेल हादसे की जांच कराए।

### नि:शुल्क स्वस्थ शिविर का आयोजन

**रांची।** मेडिका अस्पताल, रांची अपने 9वे वर्षगांठ के शुभावसर पर सेवा और समर्पण के 9 वर्ष नव उत्कर्ष के साथ सबका स्वस्थ सबका विश्वास कार्यक्रम के तहत रविवार दिनांक 4 जून 2023 को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक अस्पताल परिसर में फ्री मेगा स्वस्थ शिविर का आयोजन कर रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना एवं उनकी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का समुचित एवं सटीक उपचार मुहैया कराना है। इस विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मेडिका अस्पताल के तरफ से वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा निशुल्क परामर्श दिया जाएगा। शिविर में आने वाले मरीजों का ब्लडशुगर, ब्लडप्रेसर, इको, इ सी जी के बीएमआई जांच मुफ्त में कई जाएगी। साथ ही अन्य जांच पर भी 50% की छूट की सुविधा दी जाएगी।

### ट्रेन हादसे के मृतकों के प्रति मारवाड़ी सम्मेलन ने जताया शोक

**रांची।** ओड़िशा के बालासोर के निकट में हुए दर्दनाक एवं हृदय विदारक भीषण ट्रेन हादसे में सैकड़ों लोगों के निधन पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा एवं मारवाड़ी सहायक समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा दुःख एवं संवेदना व्यक्त किया है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में-भागचंद पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, बसंत कुमार मित्तल, ललित कुमार पोद्दार, डॉ ओम प्रकाश प्रणव, अशोक नारसरिया, नंदकिशोर पाटोदिया, रवि शंकर शर्मा, मनोज चौधरी, कौशल राजगढ़िया, संजय सर्राफ, विनोद कुमार जैन, प्रदीप राजगढ़िया, अरुण बुधिया, राजेश कौशिक, किशन पोद्दार, ललित पोद्दार, मनोज रूईया, आकाश अग्रवाल आदि शामिल है।

### 4 जून को प्रस्तावित सरना प्रार्थना सभा स्थगित



**रांची।** केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति और हेसल सरना समिति के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को हेसल समुदाय भवन में बैठक का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप ने बताया कि रविवार 4 जून को प्रस्तावित सरना प्रार्थना सभा सह मिलन समारोह को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिस दिन यह प्रार्थना सभा सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया था लेकिन अकस्मात धर्म मां के स्वर्गवास होने से और कुटुम्ब भोज उसी तिथि को पड़ने के कारण यह कार्यक्रम स्थगित किया जाता है। बैठक में धर्म मां के नाम से दो मिनट का मौन रख कर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी और श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शिवा ने बताया कि भावी कार्यक्रम के तिथि की सूचना बाद में दे दी जाएगी। मौके पर सती तिर्की, अनिता उरांव, शोभा तिर्की, मंजू तिर्की, मुन्नी खलखो, नीलम उरांव, प्रमिला उरांव, सुमन उरांव, झलकी तिर्की, सीटीओ उरांव, सुनिता उरांव आदि शामिल थीं।

# आका गया जेल तो हथियार छोड़कर दूध बेचने लगा था एरिया कमांडर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खूंटी पुलिस ने शुक्रवार को जिन चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया था। उनमें से एक नक्सली एरिया कमांडर तिलकेश्वर गोप की गिरफ्तारी के बाद दूध बेचने लगा था। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर प्रशांत कुमार उर्फ डब्ल्यू गोप चार वर्ष पूर्व जेल में बंद पीएलएफआई के जोनल कमांडर तिलकेश्वर गोप के साथ घूमा करता था। तिलकेश्वर की गिरफ्तारी के बाद वह गोवा चला गया था। गोवा में एक डेढ़ वर्ष रहने के बाद वह वापस लौटा और दूध बेचने के काम में लग गया। एसपी ने बताया कि शीघ्र ही पैसा व नाम कमाने की हसरत पाले डब्लू गोप को जरियागढ़ थाना क्षेत्र के चिद्दी गांव निवासी प्रदीप गोप ने सुप्रीमो दिनेश गोप से संपर्क कराया। सुप्रीमो से संपर्क होने के बाद उसे एरिया कमांडर की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। एरिया कमांडर की जिम्मेवारी मिलने के बाद कामडारा क्षेत्र के एरिया कमांडर कोरिया टोपनो ने उसे एक पिस्टल कई कप्ते और 30 गोलियां दी थी। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से वह अपने काम में जुट गया था।

**एसपी अमन ने क्या कहा**

एसपी अमन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर को लगभग दो माह पूर्व ही सुप्रीमो दिनेश गोप ने जिम्मेदारी सौंप कर क्षेत्र में आतंक फैलाने का निर्देश दिया था। सुप्रीमो के इस निर्देश पर ही तोरपा के अवैध बालू उठाव स्थल पर गत 20 मई को काम में लगे एक जेसीबी में आग लगाकर क्षेत्र में दहशत फैलाने की कोशिश की गई थी। इनके पास से पुलिस ने 7.65 एमएम का एक पिस्टल .315 बोर का कप्ता, कुल 13 कारतूस, एक आल्टो कार, एक टेम्पो, चार मोबाइल सहित नक्सली पर्चा व चंदा रसीद बरामद किया। एसपी ने बताया कि संगठन के इन सदस्यों से कहा गया था कि क्षेत्र में कुछ बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर फिर से संगठन का दहशत और दबदबा कायम करना है। गिरफ्तार एरिया कमांडर डब्लू गोप के विरुद्ध इसी वर्ष तोरपा थाने में आर्म्स एक्ट, वाहन जलाने, रंगदारी मांगने आदि संगीन धाराओं में तीन मामले दर्ज किए गए थे। दूसरी और गिरफ्तार मिथिलेश उर्फ मिथुन गोप के विरुद्ध भी इसी साल तोरपा थाना में एक मामला दर्ज हुआ है।

### इन नक्सलियों की हुई थी गिरफ्तारी

- एरिया कमांडर प्रशांत कुमार उर्फ डब्ल्यू गोप
- नीतीश गोप मिथिलेश गोप उर्फ मिथुन
- बाहन गोप उर्फ नंद (20)

## रांची के सत्यमश्री ने राष्ट्रपति की बनाई पेंटिंग, दिया गिफ्ट



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में प्रतिभा की कमी नहीं है। क्रिकेट की बात हो, हॉकी के खिलाड़ियों की। इन दोनों खेलों की बदौलत रांची का नाम पूरी दुनिया में लोग जानते है। अब रांची के ही एक आर्टिस्ट ने अपनी पेंटिंग से न केवल भारत बल्कि विदेशों में भी टैलेंट का लोहा मनवाया है। वहीं हाल ही में रांची आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उसकी बनाई गई पेंटिंग गिफ्ट की गई। जिसकी काफी सराहना की जा रही है। जिसे उसने कुछ घंटों में बनाया था। वहीं अगले दिन पेंटिंग राष्ट्रपति को भेंट की गई। इतना ही नहीं तीन महीने पहले मार्च में हुए जी-20 सम्मेलन के दौरान उसकी बनाई डिजाइन की दीवारों पर पेंटिंग कराई गई।

## स्पीड न्यूज

### क्षेत्र का विकास पहली प्राथमिकता : डॉ मेहता



**तरहसी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने तरहसी प्रखंड में डी एम एफ टी मद से ग्राम तरहसी पूर्वी पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रो बच्चन कुमार, तरहसी प्रखंड के भाजपा विधायक प्रतिनिधि गोपाल प्रसाद साव, प्रखंड नीलांबर पितांबरपुर के प्रमुख सुनील कुमार पासवान, सुरेश राम, अनिल सिंह, अजय पासवान, दिलीप पांडेय, चंदन सोनी, सुधीर तिवारी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर डॉ मेहता ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता के साथ किए गए एक एक वादा को हर संभव निभाने का प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने कहा की क्षेत्र का विकास पहली प्राथमिकता है। 24 घंटे क्षेत्र में उपलब्ध रहते हुए जनता जनार्दन की समस्या के समाधान को ले कार्य कर रहा हूं।

### दो माह से मिट्टी भराई कार्य के नाम पर बाधित है अनुमंडल मैदान : कमलेश



**हुसैनाबाद पलामू।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय स्थित कपूरी मैदान का जीर्णोद्धार व सौंद्रीकरण एक करोड़ की लागत से किया जा रहा है। बरसात शुरू हो जाने के बाद मैदान क्यारी में तब्दील हो जायेगा। वर्तमान में संवेदक ने पूरे मैदान में मिट्टी डाल रखा है। जिससे मैदान का अस्तित्व ही समाप्त होता दिखने लगा है। आम लोगों के साथ साथ खिलाड़ियों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने इस संबंध में नगर पंचायत हुसैनाबाद के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी प्रवेज आलम से बात कर कहा है कि बरसात शुरू होने के पहले कपूरी मैदान का काम पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि अगर 15 जून तक मिट्टी का कार्य पूरा नहीं किया गया तो वह नगर विकास सचिव से मिलकर संवेदक को काली सूची में डालने का आग्रह करेंगे। हुसैनाबाद अनुमंडल में यह एक ऐसा मैदान है, जहां महिला, पुरुष और युवा मार्निंग वॉक करते हैं। किंतु संवेदक के द्वारा पिछले दो माह से जैसे-तैसे मिट्टी भराई कार्य के नाम पर अनुमंडल मैदान को बाधित कर दिया गया है। नगर विकास और आवास विभाग के द्वारा करीब एक करोड़ रुपए की लागत से मैदान सौंद्रीकरण का कार्य बंद है। विधायक ने पलामू डीसी से इसका तत्काल निर्माण कार्य कराने की मांग की है। ताकि लोगों को परेशानी न हो।

### सुख, शांति और समृद्धि के लिए यज्ञ जरूरी : आलोक कुमार चौरसिया



**सतबरवा पलामू।** डालटनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने सतबरवा के रामघाट में पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चौथे दिन शुक्रवार की रात्रि में यज्ञ में शामिल होकर पूजा अर्चना किया और क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि की कामना किया। मौके पर विधायक चौरसिया ने कहा कि सुख, शांति और समृद्धि के लिए यज्ञ का होना जरूरी है। यज्ञ से मानव जीवन का कल्याण होता है। सनातन धर्म को बचाए रखने के लिए यज्ञ का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि हमारी सभ्यता संस्कृति बची रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन में हमें चढ़ बढ़ कर हिस्सा लेकर पुण्य के भागी बनना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने यज्ञ समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार को सहयोग राशि प्रदान की और मंदिर परिसर में ढाई लाख रुपए से विवाह मंडप निर्माण कराने का घोषणा किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, भाजपा नेता आशीष सिन्हा, संदीप कुमार, अजय उरांव, सुरेंद्र प्रसाद, मनोज सिंह, रबिंद्र सिंह, सुनील गांधी, कृष्णा मांझी समेत कई लोग मौजूद थे।

# राज्य सरकार की इच्छा शक्ति दिखाई नहीं दे रही : विष्णु दयाल राम

- सांसद ने विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत 9 वर्ष के कार्यकाल की गिनायी उपलब्धियां





**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम वर्ष 2014 से लेकर वर्तमान समय तक सांसद रहते हुए एक से बढ़कर एक विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। जिससे पलामू संसदीय क्षेत्र के जनता लाभान्वित हो रहे हैं। वहीं सांसद के अथक प्रयास से बन रहे कई राष्ट्रीय राज्य मार्ग एवं ब्रिज, जलाशय योजना, रेलवे परियोजना से पलामू संसदीय क्षेत्र के जनता ही नहीं बल्कि दूसरे राज्य के लोगों को भी काफी सहूलियत मिल रहा है। सांसद बीडी राम भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों से संपर्क कर कई जन उपयोगी योजनाओं को पलामू संसदीय क्षेत्र में उतारने का अथक प्रयास किया है।

जो 9 वर्ष के कार्यकाल में दिखाई देने लगा है। इन योजनाओं से पलामू संसदीय क्षेत्र के जनता के बीच एक नई उम्मीद की किरणें दिखाई देने लगा है। लेकिन सांसद द्वारा लाए गए योजनाओं में झारखंड सरकार की इच्छा शक्ति नहीं दिखाए जाने के कारण सांसद बीडी राम अपने आप को कुंठित महसूस करते हैं। उन्होंने विकास कार्यक्रम के तहत अपने कार्यकाल में किए गए बड़े-बड़े उपलब्धियों को आम जनता के बीच रखने का प्रयास किया है।

गढ़वा जिला में बाईपास सड़क नहीं रहने के कारण दिन प्रतिदिन जाम से लोगों को परेशान होना पड़ता था। वही जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस के पसीना भी छूटते थे। इससे छुटकारा दिलाने के लिए सांसद ने गढ़वा बाईपास रोड का निर्माण करा कर सिर्फ लोगों को ही निजात दिलाने का काम नहीं किया है। बल्कि बड़े-बड़े मालवाहक वाहन पलामू संसदीय क्षेत्र से होते हुए छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश की ओर जाते हैं ।उन्हें भी काफी सहूलियत मिला है। उन्होंने गढ़वा जिला वासियों को पेयजल एवं सिंचाई सुविधा से आच्छादित करते हुए सोन कनहर पाइप लाइन योजना को क्रियान्वित कराने का प्रयास किया। वही दूसरी ओर अन्नराज घाटी में आए दिन दुर्घटना का शिकार लोग होते थे जो मातम में तब्दील होता था। उससे निजात दिलाने के लिए सांसद ने केंद्रीय परिवहन मंत्री से संपर्क कर अन्नराज घाटी के चौड़ीकरण कराने के लिए कार्य को प्रारंभ कराया। गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड स्थित श्रीनगर पांडुका ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह ब्रिज झारखंड बिहार के रोहतास को जोड़ने वाला है जो मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस ब्रिज के निर्माण हो जाने से झारखंड बिहार ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के पीजीआई इलाज कराने के लिए जाने वाले लोगों के लिए भी काफी सहूलियत होगा। सांसद के प्रयास से वर्षों पुरानी मांग बरवाडीह चिरमिरी रेलवे लाइन पूरा होने के कगार पर है। सांसद बीडी राम के प्रयास से बरवाडीह चिरमिरी लाइन का सर्वे कराया जा रहा है। वही दूसरी ओर गया रफीगंज भाया डाल्टनगंज रेलवे लाइन बिछाए जाने के लिए सर्वे का कार्य कराया जा रहा है। सांसद के प्रयास से मंडल डैम के तहत किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मोहम्मदगंज बराज का कार्य प्रगति पर है। सतबरवा प्रखंड में स्थित पावर ग्रिड से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। सांसद बीडी राम ने अपने कार्यकाल में किए गए छोटे बड़े कार्यों को बताते हुए कहा कि जितने भी कार्य 9 वर्ष के कार्यकाल में किया गया है। वह सभी जनउपयोगी योजना है। गढ़वा बाईपास रोड में स्थित अचला गांव के पास कब्रिस्तान अडचन उत्पन्न कर रहा है। जबकि इस मामले में सीओ द्वारा गैरमजरूआ जमीन घोषित किया जा चुका है। इसके बावजूद भी झारखंड सरकार अपनी इच्छाशक्ति को जागृत नहीं कर रही है। जिस कारण विकास में बाधा उत्पन्न हो रहा है। सांसद बीडी राम ने कहा कि देश आजादी के बाद भारत को पहला ऐसा प्रधानमंत्री मिला है। जो मजदूर, किसान, महिला, छात्र, व्यवसाय, उधमी समेत प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखते हुए विकास योजना का चयन कर धरातल पर उतारने का काम किया गया है। ताकि लोगों को कहीं किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि हितकारी योजना को लेकर केंद्र सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। लेकिन करप्शन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के पास कोई अस्थान नहीं है। विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। किसी व्यक्ति को विश्व के किसी देश में जाकर कुछ बोल देने से नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व कोरोना संकट से जूझ रहा था। वहीं भारत के प्रधानमंत्री अपने लोगों के हित की रक्षा के लिए वैक्सीन तैयार कर नि:शुल्क देने का काम किया। इतना ही नहीं विश्व के कई देशों को कोरोना वैक्सीन सप्लाई किया गया। यह किसी से छिपी हुई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि देश आजादी के बाद जो जकडर्ता है उसे छुड़ाने में काफी समय लगेंगे। इसमें कई प्रकार की अड़चनें हैं जिसे दूर करने के लिए सही समय एवं जनता का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश की जनता आने वाले समय में सही पार्टी एवं सही उम्मीदवार का चयन करें तभी जिला, राज्य व देश का विकास होगा।

# ब्लू सिटी बस में अब पुरुष भी सफर कर सकेंगे : प्रथम महापौर

## आज से छात्र, दैनिक कर्मी, बुजुर्ग को भी मिलेगा राहत





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जबसे मैंने आम महिलाओं, छात्राओं एवं दैनिक मजदूरी करने वाली महिलाओं के लिए झारखंड में सबसे सस्ते दर पर पिंक सिटी बस का परिचालन मात्र 5 रुपया किराया में निगम क्षेत्र में कहीं से कहीं जाने के लिए प्रारंभ की उसी समय से कई महिलाएं मुझसे एवं नगर आयुक्त से मिलकर अनुरोध कर रही थी कि परिवार के पुरुष सदस्यों एवं 10 वर्ष से बड़े बच्चों के साथ महिला बस में नहीं जाने दिया जाता है। इसका प्रावधान किया जाए ताकि साधारण परिवार के पुरुष, बुजुर्ग एवं 10 वर्ष से बड़े बच्चे भी एक साथ परिवार के साथ सफर कर सकें। साथ ही कॉलेज स्कूल जाने वाले छात्र, कार्यालय में काम करने वाले लोग, दैनिक मजदूर को भी लाभ मिल सके। इस संबंध मैं महापौर ने महिलाओं की भावनाओं से नगर आयुक्त को अवगत कराया और आज मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि नगर आयुक्त ने महिलाओं की भावनाओं को कद्र करते हुए तत्काल पत्र लिखकर बस संचालक को दो बस महिला/पुरुषों के लिए भी प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया है। जिसकी जानकारी बस संचालक द्वारा मुझे दी गई और बताया कि सोमवार से ब्लू बस के नाम से दो बस पूरे परिवार के साथ निगम क्षेत्र में कहीं से कहीं आने जाने के लिए सुबह 7 से शाम 7 बजे तक संचालित होगा। प्रथम महापौर ने बताया निगम ने बस संचालक को 20 रुपया तक किराया लेने का प्रावधान रखा है, जबकि मेरे कहने पर बस संचालक ने मात्र 10 रूपये किराए पर महिला/पुरुष ब्लू बस का किराया निर्धारित किया है। वही पिंक बस का किराया जिसमें सिर्फ महिलाएं सफर करेंगी उसका किराया मात्र 5 रूपये ही रहेगा इसमें संचालक को होने वाली हानी की भरपाई मैं तब तक करूंगी जब तक यह बस नो लॉस नो प्रॉफिट में नहीं आ जाता। प्रथम महापौर ने यह भी बताया कि जो महिलाएं ब्लू बस में सफर करेंगी उन्हें भी 10 किराया देना होगा इसलिए महिलाएं ज्यादा से ज्यादा पिंक बस में सफर करें।

# वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी का निधन, पत्रकारों में शोक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी 48 वर्ष की मौत की खबर शनिवार को अहले सुबह मिलते ही पूरा अनुमण्डल क्षेत्र के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। देखते ही देखते उनके चहेते, कई सामाजिक व राजनीतिक दल के लोग उनके पैतृक आवास शहर के कुर्मीटोला पहुंचे। मालूम हो कि परमानंद चौधरी कम उम्र में ही पत्रकार व लेखनी की दुनिया मे पूरे अनुमण्डल में काफी अनुभवी थे। उनके निधन पत्रकार जगत को व्यक्तिगत क्षति हुई हैं जो अपूरणीय हैं। स्व परमानंद अपने जीवन मे विभिन्न बड़े छोटे बैनर के अखबार को पूरी निष्ठा व ईमानदारी पूर्वक न्यूज संकलन किया एवं समाज के विशुद्ध अपनी सेवाएं दी। पत्रकार होने के साथ साथ उन्होंने सामाजिक सरोकार से जुड़कर लोगों के दुःख दर्द मे अपनी महत्वपूर्ण सकरात्मक भूमिका निभाई। 7 माह पूर्व ब्रेन हेमरेज होने के कारण वे अचेतन अवस्था मे थे तथा उत्तर प्रदेश के वाराणसी व नोएडा में इलाजरत थे। उनका अंतिम संस्कार शहर के हरही नदी स्थित श्री कुंड मुक्ति धाम शामशान घाट पर किया गया। वही मुखाग्नि दस वर्षीय पुत्र करण चौधरी ने दी। वे अपने पीछे पत्नी समेत तीन पुत्री व एक पुत्र को छोड़ गये है। पत्रकार परमानंद के निधन पर शोक व्यक्त करनेवालों में जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, रामेश्वर राम, जाकिर अली, कामेश्वर कुशवाहा, एनसीपी नेता चंदन सिंह, नजीर अहमद, अनुज चौधरी, नेहाल अहमद, चंदन गुप्ता, नीलम सिंह, केदार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, हैदरनगर प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह अजय गुप्ता, उदय विश्वकर्मा, समेत कई लोग ने शोक व्यक्त किया है। इधर हुसैनाबाद प्रगतिशील पत्रकार मंच एवं अन्य पत्रकार समूह के सदस्यों ने शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया एवं इस दुःख के समय मे परिवार के सदस्यों को साहस दिया। मौके पर पत्रकार नौशाद अहमद, शंभु चौरसिया, संजय ओझा, जफर हुसैन, सुरेंद्र प्रसाद, सतेंद्र चंदेल, कमलेश विश्वकर्मा, हिमांशु तिवारी, विकास कुमार, अखिलेश पासवान, गौतम पटेल, जितेंद्र रावत, कुंदन चौरसिया, राकेश सिंह, लक्ष्मी सिंह समेत कई पत्रकार शामिल थे।

## हुसैनाबाद में पत्रकार जगत की अपूरणीय क्षति : प्रेस समूह

### खबर मंत्र के पत्रकार परमानंद चौधरी के निधन पर शोक व्यक्त



मेदिनीनगर। हुसैनाबाद के खबर मंत्र रिपोर्टर परमानंद चौधरी के निधन पर खबर मंत्र कार्यालय में शनिवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में पत्रकार परमानंद चौधरी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया गया। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर पत्रकार परमानंद के परिजनों को संकट की घड़ी में शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में कहा गया कि पत्रकार परमानंद चौधरी का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक व्यक्त करनेवालों में खबर मंत्र के ब्यूरो चीफ सत्येंद्र मिश्रा, गजेंद्र कुमार, संतोष कुमार, अमित कुमार, राजेश प्रसाद, महेंद्र प्रजापति, जीवन कुमार, गौतम पटेल, मित्तल सिंह, अनुप कुमार, मिन्हाज आलम, संजय गुप्ता, संजय पाठक, मनीष दुबे, राजकुमार सिंह, अवध किशोर राय राजू, रंजीत पांडेय, बीरेंद्र यादव, अमित चौधरी, ताराचंद यादव समेत कई पत्रकारों का नाम शामिल है।

## स्पीड न्यूज

### स्वर्णरेखा व खरकाई नदी की बदहाली के खिलाफ सरयू राय का धरना कल



**जमशेदपुर।** स्वर्ण रेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट व जनसुविधा ट्रस्ट के सदस्यों की संयुक्त बैठक 42, जे रोड बिष्टुपुर स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम संयोजक मुकल मिश्रा ने बताया कि स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट एवं जनसुविधा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 5 जुन सोमवार को जमशेदपुर की लाइफलाइन स्वुर्णरेखा व खरकई की बदहाली के खिलाफ मानगो के गांधी घाट में सांकेतिक धरना का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का नेतृत्व जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से आशुतोष राय, राघवेंद्र प्रताप सिंह, आकाश शाह, सन्नी सिंह, आदित्य मुखर्जी सहित अन्य उपस्थित थे।

### गोपाल मैदान में आज आरआरआर कॉन्क्लेव

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटिज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 5 जून, 2023, 12.30 से को आरआरआर कॉन्क्लेव का आयोजन कर रहा है। बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल प्लास्टिक प्रदूषण के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करना और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देना है तथा स्वच्छ भारत मिशन शहरी अभियान मेरी जिंदगी मेरा स्वच्छ शहर के समापन समारोह के रूप में भी मानना है। अभियान से जुड़ने के लिए संपर्क करें डॉ आलोक सुमन शर्मा - काशीडीह क्षेत्र - मोबाइल : 9262299397, संजय तिवारी - रामदास भट्ठा एवं बिष्टुपुर क्षेत्र - मोबाइल : 9771765999, जगन्नाथ महापात्रा - सोनारी एवं सीएच क्षेत्र - मोबाइल : 6287396292, ओम प्रकाश मिश्रा - बारीडीह एवं बमार्माइंस क्षेत्र - मोबाइल: 6287396291.

### चांडिल : एंबूलेंस व कार में टक्कर, चालक गंभीर

**चांडिल।** शनिवार की दोपहर करीब दो बजे चांडिल थाना क्षेत्र के चांडिल-कांड्रा मार्ग स्थित कटिया गांव के पास चांडिल अनुमंडल अस्पताल का एंबूलेंस और जाइलो कार के बीच सीधी टक्कर हो गई जिससे एंबूलेंस चालक चांडिल निवासी सोमनाथ राउत एवं चांडिल के ही रूचाप निवासी युवक कृष रजक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में कार सवार चार लोगों को भी हल्की चोट लगी है।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, होल्डिंग टैक्स व पानी कनेक्शन को लेकर 7 जून से लगेगा कैंप

- नगर निकायों की समीक्षा बैठक में डीसी विजया जाधव ने दिए निर्देश
- नक्शा विचलन के खिलाफ जांच तेज करने की जरुरत, कार्रवाई करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



निकायों की समीक्षा करती डीसी विजया जाधव।

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में आयोजित एक बैठक में उपायुक्त विजया जाधव द्वारा नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में नगर निकायों द्वारा क्रियान्वित की जा रही विकास योजनाओं में प्रगति, आधारभूत संरचना निर्माण, राजस्व संग्रहण, नक्शा विचलन कर निर्माण कराने वालों के विरूद्ध कार्रवाई, डोर टू डोर कचरा उठाव, साफ-सफाई आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी ने बताया कि नक्शा विचलन करने वालों के विरूद्ध की गई जांच में अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उपायुक्त द्वारा नक्शा विचलन के खिलाफ जांच और तेज करते हुए एस्टेबलिस्मेंट एवं बिल्डर दोनों को धारा 133 में नोटिस जारी करने का निर्देश धालभूम के अनुमंडलाधिकारी को दिया गया। शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई एवं डोर टू डोर कचरा उठाव की समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा सख्त निर्देश दिया गया कि कामगारों का बायोमेट्रिक अटेंडेंस के अनुसार ही संवेदकों को भुगतान करें। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, होल्डिंग टैक्स, पानी का कनेक्शन, सेप्टिक टैंक की सफाई से जुड़े आवेदन, पेंशन आदि को लेकर नगर निकायों को 7-17 जून तक सघन कैंप लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में एसडीएम पीयूष सिन्हा, संजय कुमार, मानगो नगर निगम के सुरेश यादव, नगर निकायों के प्रशिक्षु पदाधिकारी, एई, सिटी मैनेजर, सीएमएम, जेई व अन्य उपस्थित रहे।

# धालभूम क्लब में श्रीश्री जगन्नाथ स्नानोत्सव आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर। इस्कॉन, जमशेदपुर द्वारा आज शाम 4:00 बजे धालभूम क्लब, साकची, जमशेदपुर में श्री श्री जगन्नाथ स्नानोत्सव का आयोजन संस्थापक आचार्य स्वामी प्रभुपदा जी के द्वारा बताये गये विधिनुसार किया जा रहा है। उक्त अवसर पर ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर भगवान की मूर्तियों को गर्भगृह से स्नान मंडप में लाया जाता है और वैदिक मंत्रों के साथ 108 घड़ों से भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र और देवी सुभद्रा को स्नान कराया जाता है। उसके बाद भगवान जगन्नाथ गजभेष में अपने श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। उक्त रूप को संसार के कल्याणकारी रूप माना जाता है। खास बात ये है कि इस पानी में कई तरह की औषधियां मिलाई जाती है।

# एनटीटीएफ के 12 छात्र-छात्राओं का विभिन्न कंपनियों में चयन



**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों विभिन्न कंपनियों द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमें कानपुर स्थित लोहिया कंपनी, गुड़गांव स्थित मैट्रिक और कंपनी एनकॉन सिस्टम, बैंगलोर स्थित मेकिनो और टाटा पावर कंपनी एवं जमशेदपुर स्थित टाटा ब्लूस्कोप शामिल है। सभी कंपनियों द्वारा सर्वप्रथान लिखित परीक्षा,छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा,तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन पर्सनल इंटरव्यू के बाद किया गया। जिसमे छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौरव बढाया। सभी चयनित छात्रा फाइनल ईयर के है। जिसमें लोहिया कंपनी द्वारा डिप्लोमा इन टूल एंड डाई इंजीनियरिंग के छात्र जैद सादिक अली को 3.75 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया। वही डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के छात्र राजनंदन प्रधान एवं उमाशंकर पांडे को 2.40 लाख के पैकेज पर मैकिनो कंपनी द्वारा चयनित किया गया व छात्र अरिजित चौधरी एवं संस्कार सिंह को भी 2.40के पैकेज पर मैट्रिक्स कंपनी द्वारा लॉक किया गया। साथ ही साथ इनकॉन सिस्टम ने आयुषी कुमारी और अंबिका प्रमाणिक को 2.52 लाख पर गुड़गांव स्थित कार्यालय के लिए चुना गया। टाटा ब्लूस्कोप ने मेकेट्रोनिक के छात्र अविनाश राजू व मुकेश पात्रा को 2.40 लाख पर लॉक किया। दिव्यांशु राज को टाटा पावर द्वारा 2.50 लाख पर बंगलोर स्थित कार्यालय के लिए चुना। सभी छात्रों ने तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया।

# फ्लाई ओवर का टेंडर जारी, जल्द शुरु होगा काम : बन्ना

- जिला कांग्रेस ने मंत्री की जनता के प्रति समपर्ण को देख किया अभिनंदन
- फ्लाई ओवर ब्रिज और एमजीएम अस्पताल के निर्माण को लेकर किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



तिलक पुरस्तकालय में अभिनंदन समारोह की शुरुआत में ओडिसा रेल हादसे में मारे गए लोगों की याद में मौन रखते बन्ना व अन्य कांग्रेसी।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में मानगो से साकची तक फ्लाई ओवर सड़क निर्माण में सफल प्रयास किए जाने पर मंत्री बन्ना गुप्ता का भव्य स्वागत एवं आभार कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में जिला कांग्रेस के द्वारा आयोजित की गई थी। जिसे बालासोर भीषण रेल हादसा के कारण जिला अध्यक्ष एवं माननीय मंत्री ने घोषणा किया कि स्वागत, अभिनंदन कार्यक्रम नही होगा। मंत्री बन्ना गुप्ता ने रेल हादसा में मृत लोगों के आत्मा के शांति के लिए तथा मानगो निवासी स्वः यादव के निधन हो जाने पर ईश्वर से प्रार्थना किया तथा उनके परिजनों को इस दुख के घड़ी में ईश्वर शक्ति प्रदान करें। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने सभी कांग्रेसजनों से आग्रह किया सभी लोग दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से शांति का प्रार्थना करें। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने किया। सादे समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मैं जमशेदपुर के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं, इसी कड़ी में मैने लगातार प्रयास कर फ्लाई ओवर निर्माण के लिए टेंडर कराने में सफलता मिली है। जिसका जल्द ही धरातल पर कार्य दिखने लगेगा। इस विषय पर एक बुद्धिमान ने बहुत अपहास उड़ाया, तो कभी कहा कि टाटा स्टील कभी स्वीकृति नही देगी तो कभी कहा कि इसकी क्या आवश्यकता है। यहां तक की फ्लाई ओवर निर्माण का तिरस्कार भी किया, लेकिन जमशेदपुर की जनता का प्यार ने सब संभव किया है। मेरा लक्ष्य है यहां के एक एक जनता के लिए विकास की राह सफल करूं। एमजीएम अस्पताल की स्थिति काफी दयनीय हो गई थी। जब कि जमशेदपुर से मंत्री तथा मुख्य मंत्री तक रहे, वे भी मान चुके थे कि एमजीएम अस्पताल को सवारा नही जा सकता है। मैने जैसे ही स्वास्थ्य मंत्री का प्रभार ग्रहण किया उसी दिन से सोच लिया कि एमजीएम अस्पताल को विश्व स्तर का अस्पताल बना कर ही दम लुंगा, दिन रात एक कर विशेषज्ञों के साथ गहन मंथन करता रहा आज आधुनिक अस्पताल का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है और 436 करोड का कार्य प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री विजय खान, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, खगेनचन्द्र महतो, रियाजुद्दीन खान, राजकिशोर यादव, गुरदीप सिंह, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, रामदरस चौधरी, समरेन्द्र नाथ तिवारी, सुरेश धारी, अंसार खान, मंजीत आनन्द, नलिनी सिन्हा अध्यक्ष महिला कांग्रेस, पप्पू शुक्ल, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, अनंत लाल, ऊषा यादव, संजय तिवारी, अजय मिश्र, लालबाबू, बिजेन्दर पाण्डेय, अशोक सिंह क्रांतिकारी, अशोक सिंह, जसवंत सिंह जस्सी, सविता राय, पुरबीरानी दत्ता, अपर्णा गुहा, कमलेश कुमार, राकेश साहू, सविता राय, रानी राव, सीमा महंती, सुभद्रा पाण्डा आदि मौजूद थे।

# रोज चलाइये साईकिल, रहेंगे निरोग व होगी धन की बचत : डॉ सूत्रधार

- एनआइटी जमशेदपुर में विश्व साईकिल दिवस पर साईकिल रैली का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** तीन जून विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर शनिवार सुबह-सुबह ही एनआइटी जमशेदपुर के छात्रों शिक्षकों एवं कर्मचारियों का गहमागहमी शुरू हो गया। साइकिल दिवस के अवसर पर काफी बड़ी संख्या में संस्थान के प्रशासनिक भवन के सामने सैकड़ों की संख्या में संस्थान कर्मी सुबह छः बजे ही अपने अपने साइकिल के साथ इकट्ठा हो गए। साइकिल रैली को संस्थान के निदेशक डॉ गौतम सूत्रधार ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया एवं इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि हम सबों को अपने दैनिक क्रिया-कलाप में साइकिल का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने साइकिल के प्रयोग से स्वास्थ्य और पर्यावरण को होने वाले फायदे के बारे में जागरूकता फैलाने का आवाहन करते हुए कहा कि साइकिल चलाने से हम अपने को चुस्त और दुरुस्त तो रखते हीं हैं साथ हीं राष्ट्र के निर्माण में भी आपकी भागीदारी होती है। संस्थान के कुलसचिव कर्नल (डॉ.) निशिथ कुमार राय ने बताया कि रोज साइकिल चलाने से आपके शरीर का इम्यून सिस्टम अच्छा होता है और दिमाग ज्यादा एक्टिव रहता है इसलिए सबको कम से कम 30 मिनट रोज साइकिल चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग न केवल सर्वोत्तम व्यायाम है बल्कि या खर्च की बचत में भी मददगार है। साइकिल रैली के प्रतिभागी संस्थान के प्रशासनिक भवन के सामने से साइकिल चलाते हुए सभी छात्रावास, आवासीय परिसर एवं मुख्य द्वार तक पूरे जोश खरोश के साथ साइकिल यात्रा किया एवं पुनः प्रशासनिक भवन के सामने वापस आकर साइकिल रैली का समापन किया। इस अवसर पर डॉ. जैनेंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों को फेस मास्क एवं शीतल पेय देकर स्वागत किया। इस आशय की जानकारी संस्थान के सुनील कुमार भगत ने दी।

# श्रीनाथ विवि में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन तथा श्रीनाथ विश्वविद्यालय के एन एस एस इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में उदयपुर गांव में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। एएसजी नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से लगभग 75 लोगों के आंखों की जांच नेत्र विशेषज्ञ की एक टीम ने किया। शिविर में जांच आरंभ से पहले एन एस एस के स्वयं सेवक ने घर-घर जाकर लोगों को इस निःशुल्क जांच शिविर में आकर अपनी आंखों की जांच कराने के लिए प्रेरित किया। ज्ञात हो कि श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन तथा श्रीनाथ विवि ने उदयपुर गांव को गोद ले रखा है तथा समय -समय पर वहां जन सरोकार से जुड़े विषयों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस विषय पर जानकारी देते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी विनय शांडिल्य ने कहा कि हमारे इस जांच शिविर का उद्देश्य है लोगों को अपनी आंखों की सुरक्षा के लिए जागरूक करना साथ ही यदि उनकी आंखों में कोई परेशानी है तो उसे चिकित्सकीय सलाह दी जाए ताकि उनकी आंखों का ससमय इलाज संभव हो सके। मौके पर श्रीनाथ विवि के विनय शांडिल्य, लक्ष्मी कुमारी, डीन एडमिनिस्ट्रेशन जे. राजेश के अतिरिक्त गांव के मुखिया, वार्ड सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## नगड़ी : तालाब से बुजुर्ग का शव बरामद

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के मोरो माघेया तालाब से शनिवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान मोरो पोखरा टोली के चमरा लकड़ा (62 वर्ष) के रूप में की गयी है। थाना प्रभारी अमित प्रशांत के मुताबिक चमरा को संभवतः मिर्गी की बीमारी थी। इस कारण नहाने के दौरान तालाब में डूबने से उसकी मृत्यु हो गयी। इस संबंध में अस्वभाविक मौत का मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## पत्रकार की बहन के निधन पर शोक



**अनगड़ा।** अनगड़ा के वरिष्ठ पत्रकार सरुफ खान की बहन एवं हिंदपीढ़ी रांची निवासी शहजादी खातुन का शुक्रवार की देर रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह लगभग 70 वर्ष की थीं। रात करीब 12.30 बजे घबराहट महसूस होने के बाद उन्हें इलाज के लिए अंजुमन अस्पताल रांची ले जाया गया, जहां से उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स पहुंचने के बाद इलाज के क्रम में उन्होंने दम तोड़ दिया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। शनिवार को रातू रोड कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। उनके निधन पर विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, समाजसेवी और शिक्षाविद डॉ रिझू नायक, पत्रकार नसीम अहमद शानी, जीतेंद्र साहू, अनुप पांडेय, बबलू मुस्ताक, सिकंदर अंसारी, शिवलाल महतो, परवेज खान, खालीक खान, रुस्तम खान ने शोक प्रकट किया है।

## स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना के कर्मचारी के निधन पर शोक



**सिकिदिरी।** स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी स्विच वार्ड टेक्नीशियन- टू के कर्मी राजकिशोर सिंह का शनिवार का अचानक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से सिकिदीरी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके परिजनों ने बताया की वे नाइट ड्यूटी कर सुबह घर लौटे चाय पीने के बाद सीने में दर्द की बात कही। तत्काल उन्हें मेदांता अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा, कार्यपालक अभियंता संजय कुमार सिंह, रामजी सिंह, सहायक अभियंता संतोष कुमार, कनीय अभियंता कृष्णा प्रसाद, रामाश्रय सिंह, पवन गुप्ता, सत्यपाल राउत, मुरली मनोहर सिंह, लक्ष्मण प्रसाद सैनी, गोविंद राणा, राजेश कुमार ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

## नागपुरी शोध संस्थान में पांच पुस्तकों का लोकार्पण आज

**पिठोरिया।** नागपुरी संस्थान शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र पिठोरिया में चार जून को सुजीत कुमार केशरी की पांच पुस्तकें कहानी पिठोरिया की ऐतिहासिक गांव सुतियांबेगढ़, सब कुछ लुटा, तो लुटाना सीखा, अब टूटे तारों से कौन करेगा प्यार, चारों झारखंड झरोखा रांची से प्रकाशित व भारतीय संस्कृति में अंक का महत्व का लोकार्पण किया जाएगा।

### ओरमांझी पहुंचीं खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की अपर सचिव निधि खरे

# युवा किसान के कृषि फार्म का निरीक्षण

**निरीक्षण के बाद गदगद निधि खरे ने कहा यही है भारत का असली परिवर्तन**



ओरमांझी में खेत में तैयार फसल को देखते अपर सचिव निधि खरे व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय विभाग के अपर सचिव निधि खरे शनिवार को ओरमांझी के प्रगतिशील युवा किसान आशीष कुमार महतो के कृषि फार्म को देखने पहुंची थीं। 30 एकड़ में फैले कृषि फार्म में कोंहड़ा और टमाटर की फसल लगी थी। वहीं लगभग तीन ट्रक से ज्यादा कोंहड़ा तोड़ कर रखा देख काफी प्रभावित हुईं। युवा किसान ने बताया कि वह लीज पर जमीन लेकर व नदी की पानी से खेती करता है। उसने एक पॉली हाउस की जरूरत बतायी और कहा कि उसके खेत के तैयार फसल को किराए के माकान में रखना पड़ता है। निधि खरे ने किसान से कृषि फार्म शुरू करने और इससे गांव में आये बदलाव की जानकारी ली और कहा कि यही है भारत की असली परिवर्तन। उन्होंने मौके पर उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार से कहा कि ऐसे किसानों को साधन उपलब्ध कराना जरूरी है। निधि खरे ने पहली बार खेत में इतना कोंहड़ा देख कर पूछा कि ब्रिकी कहां होती है। इसके अलावा फार्म में कौन-कौन सा फसल लगता है। गांव के लोग मजदूरी करने कहां जाते हैं। कृषि फार्म शुरू करने से पहले और अब बाहर जाने वाले मजदूरों की संख्या में कितना परिवर्तन आया है, सहित कई जानकरी ली। इससे पूर्व फूल का पौधा देकर अपर सचिव निधि खरे का स्वागत किया गया। वहीं निधि खरे और डीडीसी दिनेश यादव ने फार्म हाउस में फलदार पौधे भी लगाए और उपस्थित पदाधिकारियों से पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक का इस्तमाल नहीं हो, ऐसी योजना बनाने को कहा। मौके पर सीजीडब्ल्यू के वैज्ञानिक सुधांसु कुमार मोहंती, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रेशु भारद्वाज, बीडीओ विजय सोनी, सीओ विजय केरकेट्टा, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, सरिता देवी, तकनीकी विशेषज्ञ मणिमला खलखो, बीटीएम अलिजान अंसारी, मुखिया धनराज बेदिया, एएसएम दिनेश इरिगेशन के श्यामू विश्वकर्मा, कृषक मित्र भानू प्रताप सहित फार्म हाउस के मजदूर व कई स्थानीय किसान उपस्थित थे।

**युवा किसान ने बताई अपनी पीड़ा**

प्रगतिशील युवा किसान आशीष महतो ने अपर सचिव निधि खरे को बताया कि कृषि फार्म में लगभग एक सौ मजदूरों को मजदूरी मिली हुई है। जिसमें ज्यादतर महिलाएं हैं। आज गांव के 50 प्रतिशत लोग शहर न जाकर अपने गांव में ही मजदूरी कर काफी खुश हैं। उसने बताया कि कृषि फार्म में बोरिंग नहीं है। नदी में बांध बनाकर काफी दूर से पानी लाकर सिंचाई की जाती है। बारिश के मौसम में प्रत्येक वर्ष बांध बह जाने से 50 हजार की क्षति होती है। फसल तैयार होने के बाद सही कीमत नहीं मिलने से फसल स्टॉक करने के लिए न पॉली हाउस है और न ही कृषि बीमा होती है। इससे काफी मेहनत के बावजूद मुनाफा नहीं हो पाता है।

## रातू: कमड़े में गैंग रेप के पांचों आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने कमड़े से छह मई की दोपहर अपहृत नाबालिग और अर्द्धविक्षिप्त छात्रा के साथ गैंग रेप मामले में सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, हालांकि वृंदावन कॉलोनी के आशुतोष कुमार को घटना के दूसरे दिन ही दबोच लिया गया था, जबकि मुहल्ले के अंकुर कुमार सिंह, ललित ग्राम के नीतीश सिंह, झिरी संत नगर के सूरज सिंह और सुखदेव नगर इंद्रपुरी निवासी रोड नंबर छह में रहने वाले संदीप कुमार फरार हो गये थे। आशुतोष को रिमांड में लेकर दो दिनों तक पूछताछ और छापेमारी की गयी। इस बीच अन्य भी पुलिस की गिरफ्त में आ गये। ग्रामीण एसपी ने इस सफलता के लिए बधाई दी है।

**कॉल डंप से मिली मदद**

पीड़िता की मां ने एक अज्ञात समेत पांच के खिलाफ थाने में कांड संख्या 188/23 दर्ज करायी थी। अवर निरीक्षक बादल दास इसके आईओ हैं। श्री दास ने घटनास्थल का कॉल डंप कराया। फिंगर प्रिंट दस्ते की मदद ली। छात्रा की मेडिकल जांच करायी।

**स्पीडी ट्रायल की गुंजाइश**

आरोपियों का डीएनए टेस्ट कराया जायेगा। इसके लिये आईओ की ओर से संबंधित कोर्ट को अर्जी दे दी गयी है। मजिस्ट्रेट की अनुमति मिलते ही चिकित्सक डीएनए जांच करेंगे। गैंग रेप कानून की नजर में जघन्य अपराध माना गया है। 20 साल की सजा का प्रावधान है। इसमें स्पीडी ट्रायल होने की गुंजाइश है।

## विवादित जमीन पर कब्जा करने पहुंचे लोगों को ग्रामीणों ने खदेड़ा, जेसीबी को फूंक डाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाना क्षेत्र के छोटका हातमा बस्ती में विवादित जमीन पर कब्जा करने पहुंचे लोगों को ग्रामीणों ने खदेड़ दिया। साथ ही जेसीबी को भी जला डाला। घटना शनिवार सुबह लगभग 8.00 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार इस बस्ती में 12 एकड़ का एक जमीन का टुकड़ा है, जिस पर दोनों पक्ष अपना दावा करते हैं। खतियान में यह जमीन शनिचरा मुंडा के नाम से है। वहीं दूसरी ओर पंजी टू में मुद्दीन मियां के नाम से दर्ज है। मोदीन मियां के वंशजों द्वारा इस जमीन को भू माफियाओं को एग्रीमेंट कर दिया गया था, जिसके बाद कई दिनों से लोग इस जमीन पर कब्जा करने की तैयारी में थे। शुक्रवार की को पूरे दिन 50 से 60 की संख्या में जमा होकर भू माफियाओं द्वारा निजी अमीन के तहत जमीन की मापी कराई गई थी। साथ ही यहां पर इन लोगों ने पूरे दिन पार्टी भी की थी। शनिवार को जैसे ही यह लोग जेसीबी लेकर जमीन पर काम करवाने लगे एक गांव वाले द्वारा गांव में घंटा बजा दिया गया, जिसके बाद हरवे हथियार से लैस होकर ग्रामीण जमीन पर पहुंचे और कार्य कर रहे लोगों को खदेड़ा। जेसीबी चालक ने किसी तरह जान बचाकर भाग गया। जेसीबी को ग्रामीणों ने आग के हवाले कर दिया।

**दोनों पक्ष ने दर्ज कराया था मामला**

इस जमीन पर कब्जा जिनका है उनका कहना है कि वे पिछले कई दिनों से इस जमीन पर जा रहे थे। मामले को लेकर दोनों पक्ष से थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया था। वहीं दूसरी और घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी अनिमेष नैथानी, एसीओ विजय हेमराज, खलखो एथाना प्रभारी विनय कुमार यादव सहित आसपास के कई थानों के प्रभारी पहुंचे और हालात को अपने काबू में लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल के तहत कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुचाने के लिए पूर्व विधायक रामकुमार पहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं संग गोंदली पोखर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक श्री पाहन ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रदेश और केन्द्र सरकार द्वार जन हित में बड़ी-बड़ी योजनाओं को घरातल पर उतारा गया है, जिसका लाभ आम जनता को मिल रहा है। गोंदली पोखर में बड़े जल मीनार से कई गांव के ग्रामीणों को नल जल योजना के तहत पेय जलापूर्ति हो रही है। साथ ही स्वर्ण रेखा नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण भाजपा सरकार द्वारा मेरे कार्यकाल में हुआ है।



**कार्यक्रम में थे मौजूद**

कार्यक्रम में ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, भाजपा जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष सिकंदर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहु, अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, अजय महतो, सुनील महतो, अगमलाल महतो, शिव शंकर केशरी, राजेन्द्र महतो, घनेनाथ महतो, दुर्गा महतो, सुरेश महतो, शिवलाल पाहन, देवनाथ महतो, धनीराम महतो सहित काफी संख्या में भाजापा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीआईएसएफ ने अवैध कोयला को किया जब्त

**खलारी।** शनिवार की सुबह सीआईएसएफ ने 2 टन अवैध रूप से जमा कोयला को जब्त किया गया है। जबकि जनवरी से मई महीने तक सीआईएसएफ जवानों ने पांच बार अभियान चलाकर अवैध कोयला जब्त किया है। यह धंधे को सुचारू रूप से चलता रहे इसके लिए कोयला माफिया सारे सिस्टम को मैनेज करते है। तभी तो यह धंधा बेखौफ तरीके फलफूल रहा है। ज्ञात हो पिछले कुछ महीनों से केडीएच खदान क्षेत्र और डकरा ओबी डंप से तस्करों द्वारा कोयला डंप कर बाहर भेजा जाता है।

## रातू में श्रीराम कथा और यज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में

**रातू।** ऐतिहासिक राजकिला के समीप 12 जून से शुरू होने वाले पांच दिनी श्रीराम कथा और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में है। यज्ञ स्थल को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है, जबकि मंडप सजधज कर तैयार है। इसमें राम, लक्ष्मण, सीता और बजरंगबली आदि देवी-देवताओं की तस्वीर लगायी गयी है। इससे यहां की मनोहारी छटा देखते ही बन रही है। प्रवेश द्वार दर्शकों के लिये आकर्षण के केंद्र होंगे। यज्ञ को लेकर क्षेत्र के लोग, विशेषकर महिलाएं बेहद उत्साहित हैं। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किये जायेंगे। आयोजन समिति के स्वयंसेवक भी मुस्तैद रहेंगे। बारह की सुबह गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जायेगी। प्रसिद्ध कथावाचक संत गोपालमणि जी महाराज भक्तों को भक्तिरस का रसपान करायेंगे।

## पहली पाली के प्रश्न पत्र को दूसरी पाली में भी बांटा, परीक्षा कैंसिल

**वाईबीएन यूनिवर्सिटी**

**नामकुम।** शनिवार को राजाउलातू के वाईबीएन यूनिवर्सिटी में चल रही डिप्लोमा इन फार्मेसी सैद्धांतिक वार्षिक परीक्षा की दूसरी पाली में पहली पाली प्रश्न पत्र बांट दिया गया। कुछ देर बाद परीक्षा संचालन समिति को मामले की जानकारी हुई तो परीक्षा ही कैंसिल करा दी गयी। परीक्षा कैंसिल होने की जानकारी मिलते ही सभी परीक्षार्थी आक्रोशित हो गए और नारेबाजी करने लगे। परीक्षार्थियों का कहना था कि आज अन्तिम परीक्षा थी, जिसके कारण स्थानीय घरों और हास्टल में रूके सभी परीक्षार्थी अपना कमरा सुबह ही छोड़ चुके थे और उसे सोमवार से होने वाली परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी किराए पर ले चुके थे। साथ ही सभी परीक्षार्थी अपनी वापसी का टिकट रविवार का ले चुके थे और परीक्षा कैंसिल होने के बाद अब उनके समक्ष विकट स्थिति हो गई है।

# रात्रि क्रिकेट: एलबीएस ने 11 बॉल में जीता मैच

**लाल बहादुर शास्त्री रात्रि क्रिकेट में इरबा नेवरी और चकला टीम की शानदार जीत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** लाल बहादुर शास्त्री क्लब ओरमांझी द्वारा आयोतिज एसएस हाई स्कूल स्टेडियम में खेले जा रहे रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन एलबीएस, नेवरी, इरबा व चकला की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर अपने-अपने मुकाबले जीत लिये। अपने दूसरे मुकाबाले में मात्र 21 गेंद पर मैच जीतने वाली टीम एलबीएस ओरमांझी ने तीसरे मुकाबले में भी शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मंदरो एकादस के खिलाफ एलबीएस टॉस जीत कर फिल्डिंग करते हुए मात्र 28 रन पर रोक दिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी श्वेतांग प्रकाश ने घातक गेंदबाजी करते हुए दो ओवर में मात्र 6 रन देकर चार विकेट लिया। वहीं बल्लेबाजी करते हुए एलबीएस टीम के मनीष व प्रिंस ने मात्र 11 गेंद में लक्ष्य प्राप्त कर अपने टीम को 10 विकेट से जीत दिला दिया। श्वेतांग के अलावा अन्य विजेता टीम के खिलाड़ी रितेश, सुनील व एडी को उसके शानदार खेल प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बैंटिंग कर किया गया। मौके पर उप प्रमुख रिजवान अंसारी, जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, सुरेश प्रसाद साहू, खुर्शीद आलम, सौरभ कुमार विक्की, अभिमन्यू सिंह पप्पू, श्वेतांक कुमार, मनीष कुमार, आफताब आलम, अजित गिरी, नीरज शाह, रोहित कुमार, शशि कुमार साहू, ललित सिंह, संजय तिर्की व तुलसी खरवार सहित कई लोग उपस्थित थे।




मंच पर विधायक का किया गया स्वागत।

**एक नजर में**

## दिव्या कुमारी इंटर साइंस में स्कूल टॉपर





**अनगड़ा।** एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय चिलदाग के छात्र-छात्राओं ने इंटर साइंस में शानदार प्रदर्शन किया है। दिब्या कुमारी 450 अंक हासिल कर विद्यालय की टॉपर बनी। 426 अंक हासिल कर शिवम उरांव सेकेंड टॉपर बना। वहीं संतोषी कुमारी 420 अंक हासिल करके थर्ड टॉपर बनी। इंटर साइंस में 76 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनकी सफलता के लिए विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका संगीता कुमारी रवि ने सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बधाई दी है।

## बाइक सवार ने ट्रेलर में मारी टक्कर, मौत

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के रांची टाटा रोड पर जामचुआं के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त रामगढ़ कैंट के सेन्ट्रल हास्पिटल कॉलोनी के रहनेवाले सुजीत डुंगडुंग (27 वर्ष) के रूप में की गयी। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि मृतक सुजीत अपनी बाइक से मुसाबनी से अपने घर रामगढ़ जा रहा था। उसी दौरान रात लगभग तीन बजे वह असंतुलित होकर जामचुआं के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गया, जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गयी। पुलिस ने सुजीत के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। सुजीत के चचेरे भाई राकेश डुंगडुंग के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है।

## सुतियांबे गांव में दुर्लभ सांप का रेस्क्यू

**पिठोरिया।** पिठोरिया के सुतियांबे गांव से सर्प मित्र शुभम कुमार एवं उमा कुमार द्वारा रेस्क्यू किया गया। उन्होंने बताया कि पूरे रांची जिला में पांच साल बाद दिखा बैरड वुल्फ स्नेक। हिंदी में इसे साखड सांप कहते हैं। इसका रंग काला और पूरे शरीर में पीली पट्टी होती है। इस सर्प की लंबाई 18 सेंटीमीटर है, जो 40 सेंटीमीटर तक बड़ा हो सकता है। शुभम ने बताया कि इनका मुख्य आहार छिपकली एवं छोटे मेंढ़क होते हैं। उन्होंने बताया कि अपना आहार खोजने के लिए यह सांप लोगों के घरों में घुस जाता है। यह सांप दीवार पर भी चढ़ने में माहिर होता है। यह सांप स्वभाव से आक्रामक होता है, लेकिन इसमें विष नहीं होता है, परंतु लोग इसे करैत सांप समझ कर मार देते हैं। इसी कारण ये रांची क्षेत्र से विलुप्ति के कगार पर हैं। सांप को पकड़ने के बाद उसे जंगल में छोड़ दिया गया है।

## पुरी में पासवा के 10वें राष्ट्रीय परिषद की बैठक

**ठाकुरगांव।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन का 10वें राष्ट्रीय परिषद की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्मयाल अहमद की अध्यक्षता में ओडिसा के पुरी में हुई। बैठक का उद्घाटन झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, पासवा के झारखंड अध्यक्ष आलोक दुबे, राष्ट्रीय सलाहकार फरजाना शकील, संयुक्त सचिव दीपक मल्होत्रा ने किया। मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि पासवा स्कूली शिक्षा में अहम योगदान दे रहा है।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

**OFFICE OF THE DISTRICT BOARD CHATRA**
(Email id-districtboardchatra@gmail.com)

**Corrigendum**

Invitation having E-quotation No. 02/23-24, (PR No. 298368 District (23-24)_D) clause no. (1)-3 "Earnest Money" to be read as follows-

| Name of work | Clause no | As per published Invitation of Bid | Corrigendum to be read as follow |
|---|---|---|---|
| Furniture supply and installation on the office of executive chamber, conference room, office member office etc. | Clause No. 1 (3) Earnest Money Deposit (EMD) | 800000.00 (eight lakh only) pledge to DDC CUM CEO DITRICT BOARD CHATRA. | 600000.00 (Six lakh only) pledge to DDC CUM CEO DITRICT BOARD CHATRA. |
| Electric item supply and installation in the office of executive chamber, conference room office member office etc. | Clause No. 1 (3) Earnest Money Deposit (EMD) | 800000.00 (eight lakh only) pledge to DDC CUM CEO DITRICT BOARD CHATRA. | 200000.00 (Two lakh only) pledge to DDC CUM CEO DITRICT BOARD CHATRA. |

The remaining conditions will remain the same.
PR 299116 District (23-24)_D
DDC CUM CEO
DISTRICT BOARD CHATRA

**Office of The Executive Engineer cum Member Secretary Drinking Water & Sanitation Division Simdega**
Phone: 06525350233 Email: sbmg.simdega@gmail.com

EOI No. : --02--- Date :- --03.06.2023--

**VERY SHORT EOI FOR IMPLEMENTING AGENCIES**

Expression of Interest (EoI) for inviting of Technical support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission - Grameen), Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/Community/Goushal/ in District of Simdega, Jharkhand through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization.)

Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand invites EOI from interested and experienced parties to implement Bio-gas projects in different villages of Jharkhand state under GOBAR-DHAN scheme.

The **Technical Support Agency**(TSA) can be Gram Panchayat, SHG federations, Bulk waste generators such as dairies, poultry farms, markets, industries, religious sites etc and entrepreneurs. Selected agencies shall be willing to collect waste, install Bio-gas plants, under take operation maintenance of the same for at least 2 years. The agencies can be attached with empanelled technical support (if needed).

Interested agencies are requested to furnish willingness for undertaking GOBAR-DHAN projects, supported by credentials and testimonials in the prescribed online application form available on following link **simdega.nic.in** on or before 15.06.2023, 04.00 PM. The guidelines of GOBARDHAN scheme can be downloaded from the following link https://sbm.gov.in /gbdw20/Documents/GobardhanFramework.pdf. The details can also be viewed on the Website: **simdega.nic.in**

Swachh Bharat Mission (Grameen) Govt. of Jharkhand reserves its right to cancel or modify this Expression of Interest (EoI) without assigning any reasons whatsoever.

Executive Engineer
Swachh Bharat Mission (Grameen)
PR 299148Drinking Water and Sanitation(23-24)#D Drinking Water and Sanitation Division Simdega

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय,राँची।**

**भर्ती–कैम्प दिनांक–05.06.2023**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, रॉची के कार्यालय परिसर में दिनांक 05.06.2023 को पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जो निम्नवत है–

Date-05-06-2023

| SL. NO | NAME AND ADDRESS OF THE EMPLOYER | POST | NO OF VACANCIES | QUALIFICATION | AGE | SALARY | Experience | REMARKS | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Welspun India ltd., Anjar, Kutch, Gujrat-370110 | Trainee Weavirg Opt | 200 | 10th pass | 18-30 | 11466/- | | | Gujrat |
| | | Trainee Ring trainee opt | 200 | 10th pass | | | | | |
| | | Trainee SMO | 100 | 10th pass | | | | | |
| | | Checker | 100 | 10th pass | | | | | |
| | | Trainee Printing | 100 | 10th pass | | | | | |
| | | Opt Fitter Trainee | 50 | ITI | | 12000/- | 2 yrs | | |
| | | Electrician | 50 | ITI | | 12000/- | 2 yrs | | |
| 02. | PNB Metlife Sunrise Forum 2nd Floor, Vardhaman Compund Ranchi | Chief Insurance Manager | 25 | 12th pass/Graduate | 25+ | 3.60 lakh PA | 5 yrs | | Ranchi |
| | | Life Insurance Manager | 50 | 12th/Graduate | 25+ | 60K/1.44/ 2.40/3.60 Lakh PA | 3 yrs | | |
| | | Financial Advisor/LPM | 100 | 10th/12th | 25+ | 90K to1.80 Lakhs PA | 2 yrs/Fresher | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा rojgar. jharkhand. gov.in/ www.ncs.gov.in_ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु 11:30 पूर्वाहन तक अपनी उपस्थित दर्ज करा लेगें ससमय उपस्थिति नही होने पर परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOP का दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगें।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, रांची।
PR.NO.299090 Labour Employment and Traning(23-24):D

## समय संवाद

ओरल समस्याओं के लिए फायदेमंद है। इसमें एंटी कैंसर एजेंट पाए जाते हैं। बालों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसके पत्तों को घिसकर हल्दी के साथ लगाने से पिंपल्स की समस्या से भी निजात पा सकते हैं। पान की बेल को कटिंग से आसानी से लगाया जा सकता है और मनीप्लांट की तरह मॉस स्टिक पर चढाया जा सकता है। इसकी पत्तियों में मौजूद जैल बालों और त्वचा संबंधी कई समस्याओं में उपयोगी है। लो ब्लड प्रेशर, लो शूगर लेवल को मेंटेन करने में मददगार है। फंगल इंफेक्शन या एलर्जी होने पर ऐलोवेरा पत्ती काटकर निकले जैल को रगड़ने से आराम मिलता है। ऐलोवेरा रेतीली मिट्टी में आसानी से लगाया जा सकता है।

# जो घर जारे आपना चले हमारे साथ

(संत कबीर जयंती/4 जून/विशेष)

**योगेश कुमार गोयल**

मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत कर दिया और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। इनमें जीवन का मर्म छुपा है। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल था। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया।

संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंध श्रद्धा और आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया। संत कबीर की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है और इस वर्ष संत कबीर की जयंती 04 जून को है।

संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे। उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहां बैठा रहा। कबीर ने उस व्यक्ति से इसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, ह्यह्यमहाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है?ह्लह्ल

संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ! दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी



लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहे अनुसार लालटेन जलाकर ले आई। वह आदमी भौंचक्का सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनट बाद कबीर ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ये संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं। लेकिन कबीर ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है?

उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंगवाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवतः घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ? कबीर दास ने उसे गृहस्थ जीवन का मूल मंत्र समझाते हुए कहा कि अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे। गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है और इससे विषम से विषम परिस्थिति भी स्वतः ही हल हो जाती है।

# विश्व में भक्ति की परम्परा भारत की देन है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**जीव** ही शिव है वह पृथ्वी पर एक मात्र जीव है जिसे मेघा मिली है। शेष जीवों का जीवन सिर्फ आहार-विहार पर टिका है। भक्तों के साथ सतसंग में स्वामी सत्यानंद परमहंस ने कहा कि जीव सब कुछ पाने की लालसा रखता है। यह लालसा उसके अंदर होती है। इसी के कारण वह संसार में सभी प्रकार के काम करके ज्यादा से ज्यादा अर्जित करना चाहता है। उन्होंने कहा एक कथा के माध्यम से बताया कि एक शेरनी का बच्चा सियार के झुंड में पला बढ़ा। वह सब कुछ वहीं करता जो शियार करते थे। लेकिन एक दिन एक शेर की की दहाड़ सुनकर उसे लगा कि यह आवाज तो उसके अंदर भी हैऔर वह भी दहाड़ने लगा। यानि जो भी है शक्ति है वह अंदर में छिपी है कभी-कभी समाज और माहौल के कारण एहसास नहीं हो पाता। ठीक उसी प्रकार सभी को सब कुछ त्याग का बल मिला है लेकिन जब इस बल का एहसास कोई करा देता है जब ही मनुष्य भी सब कुछ पाने की लालसा और दौड़ से रूक जाता है। एक जीव को जितना जीने के लिए चाहिए उससे कई गुणा अधिक अर्जित करने के बाद भी उसे चैन नहीं मिलती और इस अंतहीन दौड़ में बैचेन होकर जीवन जीता है। उसका चिंतन पूरा का पूरा सांसारिक वस्तुओं में उलझ जाता है जबकि भक्ति उसे संसार में रहते हुये संसारिक बंधनों से विरक्त होने की चेतना देती है। संसार में भक्ति की परम्परा भारत की देन है। संत महात्माओं की परम्परा केवल भारत में ही है। कठोर साधना से आत्मतत्व की प्राप्ति हो सकती है लेकिन इसमें लंबा समय लगता है। पहले इस प्रकार के साधना की जाती थी। उन्होंने कहा कि आग लकड़ी में भी है लेकिन वह अपने आप प्रज्वलित नहीं हो सकती है। लकड़ी से लकड़ी रगड़कर भी आग प्रज्वलित की जाती है लेकिन इसमें समय ज्यादा लगता है। वहीं कही आग प्रज्वलित है उससे आग जला लेना सहज है। इसलिए वर्तमान काल में संत-महात्माओं ने भक्ति के सहज मार्ग को स्वीकार्य किया। यह मार्ग दास भाव का मार्ग है। दासत्व का सबसे बड़ा उदाहरण अर्जुन हैं जिन्होंने कृष्ण का दासत्व स्वीकार किया। राम ने वशिष्ठ का, हनुमान ने राम का दासत्व स्वीकार किया। इसी मार्ग में चलना बेहतर है। जन्म जन्मातर के कर्म-सत्कर्म का संचित फल मनुष्य को मिलता है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटीः रांची)

# भूत -प्रेत के सपने का अर्थ



**सपने** में बुरी आत्मा देखना अशुभ माना जाता है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार आत्मा का दिखाई देना भविष्य में आने वाली किसी मुसीबत का पूर्व संकेत है।

कहीं आपको भी तो नहीं आते भूत-प्रेत और आत्माओं के सपने, जानिए इनका मतलबयदि आप सपने में किसी आत्मा को अपने पास खड़ा देखते हैं तो यह एक शुभ सपना है। इंसान अक्सर सपनों में कई अजीबोगरीब चीजें देखता है। फिर चाहे इनका हमारे वास्तविक जीवन से कुछ लेना देना हो या नहीं। स्वप्न शास्त्र की माने तो सपने हमें आने वाले भविष्य के बारे में कुछ न कुछ संकेत देते हैं। बस जरूरत होती है इनके अर्थ को समझने की। यहां हम बात करेंगे भूत-प्रेत और आत्माओं से जुड़े सपनों के बारे में जो सपने लगभग हर किसी को आ जाते हैं। किसी को सपने में वो लोग दिखाई देते हैं जो अब इस दुनिया में नहीं रहे हैं तो किसी को विचित्र आकृतियां दिखाई देती हैं। जानिए ऐसे सपनों का क्या होता है मतलब? अगर सपने में आपको अपने पूर्वज दिखाई देते हैं तो इसका मतलब होता है कि आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी होने वाली है। यानी ये सपना आपके लिए शुभ संकेत हैं। वहां अगर आप सपने में पूर्वजों के हाथों से फल ग्रहण कर रहे हैं तो इसका मतलब आपके ऊपर उनका आशीर्वाद बना हुआ है। सपने में किन चीजों को देखने से भविष्य में धन की प्राप्ति होने के मिलते हैं संकेत, जानिए स्वप्न शास्त्र से

सपने में बुरी आत्मा देखना अशुभ माना जाता है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार आत्मा का दिखाई देना भविष्य में आने वाली किसी मुसीबत का पूर्व संकेत है। वहीं किसी जानकार, रिश्तेदार, दोस्त आदि की आत्मा या भूत देखना यात्रा में मिलने वाले कष्ट का संकेत है। सपने में खुद को आत्मा या भूत से बातें करते हुए देखना भी अशुभ होता है ये सपना धन हानि का संकेत देता है। हालांकि अगर आप सपने में किसी मृत जोड़े या फिर एक स्त्री और पुरुष की आत्मा को देखते हैं तो ये सपना धन प्राप्ति का संकेत देता है।

# बच्चों की फुंसियों पर रखें नजर



**श्वेता पाण्डेय**

**बच्चों** के शरीर पर अक्सर फुंसियां हो जाती हैं खासकर गर्मियों के दिनों में. इसकी कई वजह हो सकती हैं जैसे मौसम बदलना, एनीमिया, इम्यूनिटी कमजोर होना, आयरन की कमी और स्किन पर कैमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना। इन फुंसियों की वजह से बच्चे को दर्द, जलन, बुखार और सूजन आने जैसी दिक्कत हो सकती है। कई बार लोग इनको ठीक करने के लिए घरेलू इलाज का सहारा लेते हैं। लेकिन अगर ये फुंसिया लम्बे समय तक बच्चे के शरीर पर बनी रहती हैं। तो इसको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए क्योंकि ये एक्जिमा भी हो सकता है। बच्चों में एक्जिमा होने की कई वजह हो सकती हैं। बच्चे की स्किन पर कैमिकल बेस्ड क्रीम-पाउडर, लोशन जैसे प्रोडक्ट का इस्तेमाल होना। किसी साबुन के इस्तेमाल से रिएक्शन होना वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन होना। धूल-मिट्टी और गंदगी के संपर्क में आने की वजह से या सिंथेटिक कपड़े पहनने की वजह से भी ये दिक्कत हो सकती है। कई बार घर में किसी को एक्जिमा की दिक्कत पहले से होने की वजह से भी ये परेशानी हो सकती है। बच्चे के गाल, कोहनी, घुटने और घुटने के पीछे के हिस्से पर लाल चकत्ते दिख रहे हों। एड़ियों, गर्दन और कलाई में बार-बार रैशेज हो रहे हों। फुंसी में पस और खून आ रहा हो। फुंसी और रैशेज वाली जगह पर सूजन दिख रही हो और ये शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैल रहा हो। तो आपको इस बात को नजरअंदाज किये बिना डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

वैसे तो आपको शिशु को डॉक्टर को दिखाने के बाद उनकी सलाह पर ही अमल करना चाहिए। लेकिन किसी वजह से अगर आप बच्चे को डॉक्टर के पास नहीं ले जा पा रहे हैं। तब तक आप जो सावधानी बरत सकते हैं उनमें बच्चे को बिना साबुन के नहलाएं। शरीर पर शैम्पू और तेल जैसी चीज न लगाएं। कॉटन टॉवल से हल्के हाथों से शरीर को सुखाएं. शरीर पर कोई लोशन, क्रीम और पाउडर जैसी चीज भी न लगाएं। बच्चे को कॉटन के ढीले कपड़े पहनाएं। बच्चे के नाखूनों को काटते रहें। उसके खिलौनों को धोते और साफ करते रहें। बिस्तर मुलायम और सूखा रखें।

# श्रीभदभगवत गीता: जीवन अस्तित्व की संपूर्ण व्याख्या

**विजय सिंगल**

**अस्तित्व** के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं को अलग-अलग नहीं किया जा सकता। ये दोनों एक ही वास्तविकता के अविभाज्य एवं अभिन्न अंग हैं। आध्यात्मिकता और नैतिकता का सबसे आधिकारिक स्रोत होने के नाते भगवद ?गीता ने मानव जीवन के इन दोनों पक्षों की व्याख्या बड़े ही व्यापक ढंग से की है। एक तरफ यह सारी सृष्टि के पीछे की अपरिवर्तनीय सच्चाई की जांच करती है; और दूसरी तरफ यह भौतिक दुनिया के लगातार बदलते हुए घटनाक्रम से भी संबंधित है।

गीता ने केवल ब्रह्मांड के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि मानव-प्रकृति को बेहतर ढंग से समझने के उद्देश्य से परम सत्य और भौतिक संसार के संबंधों पर गूढ़ विचार किया है। इस तरह की समझ का उपयोग व्यक्तिगत व्यवहार को बेहतर बनाने और इसके परिणामस्वरूप पूरे समाज में समग्र रूप से सुधार लाने के लिए एक साधन के रूप में किया गया है। गीता ने मानव जाति को न केवल वह दर्शन दिया है जो हमें सत्य को जानने की दूरदर्शिता देता है, बल्कि उन तरीकों और साधनों को भी सुझाया है, जिनके द्वारा उस सत्य को महसूस किया जा सकता है। इसने हमें न केवल जीवन के अर्थ और उद्देश्य की सैद्धांतिक व्याख्या प्रदान की है, बल्कि यह भी समझाया है कि उस उद्देश्य को कैसे प्राप्त किया जा सकता है। इसने असंख्य मानवीय समस्याओं के व्यावहारिक समाधान भी सुझाए हैं।

ब्रह्मविद्या के रूप में गीता ने आत्मा, परमात्मा और जीवात्मा की मुक्ति जैसी अनेक आध्यात्मिक अवधारणाओं का गहन अध्ययन किया है। साथ ही योगशास्त्र के रूप में उस मुक्ति को प्राप्त करने के विभिन्न व्यावहारिक तरीकों का वर्णन किया गया है। इस प्रकार भगवद ?गीता वास्तविकता को जानने का विज्ञान और उस वास्तविकता के साथ एकता प्राप्त करने की कला, दोनों है।

गीता ने न केवल यह प्रकट किया है कि मनुष्य परमात्मा का एक अभिन्न अंग है, बल्कि विभिन्न तकनीकों को भी निर्धारित किया है जिसके द्वारा वह परमात्मा के साथ अपनी एकता के बारे में सदा जागरूक रह सकता है।

गीता में भगवान दूर के दर्शक मात्र नहीं हैं, बल्कि एक निरंतर साथी हैं। वह सखा हैं, एक घनिष्ठ मित्र हैं, जो हर समय हमारे साथ रहता है (श्लोक 11.42)। वह दार्शनिक हैं और मार्गदर्शक भी। ईश्वर और मनुष्य के बीच विचारों का आदान-प्रदान चलता रहता है। संवाद तब तक जारी रहता है जब तक कि मनुष्य का भ्रम नष्ट नहीं हो जाता और सारे संदेह दूर नहीं हो जाते (श्लोक 18.73)। गीता की शिक्षा न केवल व्यक्ति को यह समझने में मदद करती है कि अपनी परिस्थितियों को देखते हुए उसे क्या करना चाहिए, बल्कि वह कार्य करने में उसका मार्गदर्शन भी करती है।

**ज्ञान, कर्म और भक्ति मार्ग**

गीता में विभिन्न पथों का वर्णन किया गया है जिन पर चल कर व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त कर सकता है। ये मार्ग हैं ज्ञान मार्ग अर्थात ?आत्म ज्ञान का मार्ग, कर्म मार्ग अर्थात ?कसी भी प्रकार के बंधन से मुक्त कार्य करने की विधि; और भक्ति मार्ग अर्थात ?ईश्वर के प्रति प्रेम और विश्वास का मार्ग। आत्मा की मुक्ति के इन मार्गों को अलग-अलग और सामूहिक रूप से योग के नाम से जाना जाता है। आत्म-साक्षात्कार के ये तीनों मार्ग एक-दूसरे के विपरीत नहीं हैं। ये तो वास्तव में एक-दूसरे के पूरक ही हैं। गीता ने स्पष्ट तौर पर यह घोषणा की है कि सच्चा त्याग संसार से विमुख होने में नहीं, बल्कि लगन और निर्लिप्तता से अपने कर्तव्य का पालन करने में है। भगवान श्रीकृष्ण ने मन की समता पर भी बहुत जोर दिया है।

# नाखूनों को बनाये खूबसूरत

**आप** जानते है कि अगर आपको नेचुरल तरीके से खूबसूरती न मिले तो बाहर की खूबसूरती ज्यादा देर नहीं टिकती है। चेहरे के साथ-सथ हम अपने नाखूनों में भी अधिक ध्यान देते है। जिससे कि वह भी खूबसूरत और मजबूत रहे, लेकिन कई कारणों के कारण वह ज्यादा टिक नहीं पाते है। आमतौर में पैरों की उंगलियों के नाखून के मुकाबले हाथ की उंगलियों के नाखून जल्दी बढ़ते हैं। अगर आपके नाखूनों में किसी तरह की समस्या है, तो वे बढ़ नहीं पाते। इसका मुख्य कारण ठीक ढंग से खाना नहीं खाना, पोषक तत्वों, विटामिन्स की कमी के कारण हो सकता है।अगर आप चाहते है कि आपके नाखून भी खूबसूरत, मजबूत और चमकदार हो तो आप किचन में मौजूद कुछ चीजें ये काम कर सकती है।

**नींबू**

यह विटामिन सी के गुणों से भरपूर होता है। यह आपके नाखूनों के लिए काफी फायदेमंद है। इसके इस्तेमाल से आपके नाखूनों की लंबाई बढने के साथ-साथ चमक और मजबूती आती है। इसे इस्तेमाल करने के लिए एक बाउल में एक चम्मच नींबू का रस, कुछ बूंदे जैतून के तेल में अच्छी तरह मिलाकर नाखूनों की मालिश करें।

**संतरे**

इसके जूस में भी विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसको इस्तेमाल करने के लिए थोड़े सा संतरे का जूस लेकर उसमें अपने नाखूनों को दस से पंद्रह मिनट तक डुबोएं रहें। इसके बाद हल्के गुनगुने पानी से धो कर उस पर मॉस्चराइजर लगा लें। अगर आप चाहते है कि आपके नाखून खूबसूरत हो तो इसका इस्तेमाल रोज करें।

**जैतून का तेल**

जैतून के तेल में कई ऐसे तत्व पाएं जाते है जो कि आपके नखूनों के लिए काफी फायदेमंद है। इसके लिए रात को सोते समय हाथ तथा पैरों के नाखूनों पर जैतून के तेल की मालिश पांच मिनट तक करें। और दूसरे दिन साफ पानी से धो लें। इसके अलावा आप चाहें तो 15-20 मिनट के लिए अपने नाखूनों को जैतून के तेल में डूबो कर रखें। इससे शरीर में खून के संचार बढ़ता है। जोकि आपके लिए फायदेमंद है।

# इस मौसम में कैसा लें आहार

गर्मी का मौसम है और इस मौसम में आहार का बड़ा महत्व है।

**रियाला पीठा दाल**

लोग ज्यादातर पीठे में चना या तुअर यानी अरहर की दाल का इस्तेमाल करते हैं, मगर हम इसमें साबुत मूंग या छिलके वाली मूंग दाल का उपयोग करेंगे। मूंग दाल सबसे सुपाच्य होती है। इसकी जगह आप बिना छिलके वाली मसूर या मोठ भी ले सकते हैं।

ये दालें भी बहुत सुपाच्य होती हैं। अगर दालें साबुत ले रहे हैं, तो उन्हें चार से पांच घंटे के लिए धोकर भिगो दें। अगर बिना छिलके की ले रहे हैं, तो एक से डेढ़ घंटा भिगोना काफी होगा।

इसके अलावा एक मुट्ठी या काटने पर दो कटोरी बराबर बने उतनी मात्रा में पालक के पत्ते लें। पालक का जब भी इस्तेमाल करें, उसे ब्लांच जरूर कर लें, इससे उसका हरापन बना रहता है, वरना सीधे पकाने पर उसका रंग कुछ काला पड़ जाता है।

ब्लांच करने के बारे में कई बार बात कर चुके हैं, पर फिर बता दें कि एक भगोने में नमक मिला पानी उबालें, उसमें पालक के पत्तों को डाल कर पांच मिनट के लिए छोड़ दें। फिर पानी को निथार लें और पालक के पत्तों को तुरंत ठंडे बर्फ के टुकड़े मिले पानी में डाल दें।

इसी तरह पांच-सात मिनट के लिए छोड़ दें। फिर दो-तीन बार ठंडे पानी से धो लें। इस तरह पालक की हरियाली बरकरार रहती है। फिर इन पत्तों को मिक्सर में डाल कर पीस लें और अलग रख दें। अब दो कटोरी आटा गूंथें, जैसे रोटी के लिए गूंथते हैं। इसे ढंक कर रख दें। तब तक दाल को तैयार करें। एक कुकर में पानी समेत भिगोई हुई मूंग दाल को डालें, उसमें जरूरत भर का नमक, चौथाई चम्मच हल्दी, चुटकी भर हींग और चौथाई चम्मच सब्जी मसाला डाल कर दो सीटी आने तक उबाल लें। आंच बंद करें और भाप शांत होने के बाद ढक्कन खोल लें।

अब गूंथे हुए आटे में से छोटे-छोटे टुकड़े लेकर अंगुलियों से फैला कर या बेलन से बेल कर छोटे-छोटे गोलाकार बनाएं और उन्हें चार जगहों से मोड़ कर चकरी फूल की तरह बना कर दबाएं। अगर ऐसा नहीं करना चाहते तो बेली हुई रोटी को चौकोर बड़े टुकड़ों में काट लें। इन टुकड़ों को उबली हुई दाल में डालें और ढक्कन बंद करके एक सीटी आने तक पका लें। फिर आंच से उतार कर दाल में से आटे के पीठे को अलग बरतन में निकाल लें। दाल को मिक्सर में डाल कर पीस लें।

अब एक कड़ाही में दो खाने के चम्मच बराबर देसी घी गरम करें। उसमें जीरा और अजवाइन का तड़का दें और फिर पिसी हुई दाल और उसके साथ ही पिसा हुआ पालक भी डाल दें। अगर पानी कम लग रहा है, तो थोड़ा पानी डाल सकते हैं। आंच मध्यम रखें। दाल और पालक को चलाते हुए उबाल आने दें। इसी में उबले हुए पीठे भी डालें और पांच से सात मिनट तक पकने दें।

अब हरियाला दाल पीठा तैयार है। इसे परोसने वाले बरतन में निकालें। तड़का पैन में दो-तीन चम्मच मक्खन गरम करें, उसमें चुटकी भर हींग और चौथाई चम्मच कुटी लाल मिर्च या दो साबुत लाल मिर्च से तड़का तैयार करें और दाल पीठा पर डाल दें। गरमागरम परोसें।

लौकी हलवा

जिन लोगों को पाचन संबंधी परेशानी रहती है, उन्हें आमतौर पर और खास तौर पर इस मौसम में, दुग्ध उत्पाद वाली मिठाइयों से परहेज ही करना चाहिए। ऐसे में फलों और सब्जियों से बनी मिठाइयां बेहतर होती हैं। लौकी का हलवा या फिर बर्फी बनाना बहुत आसान है। इसे जब चाहें, घर में बना सकते हैं। इसे बनाने में न तो अधिक सामग्री की जरूरत होती और न ज्यादा कौशल की। बहुत सारे लोग इसमें खोया या दूध का इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग इसमें मिल्क पाउडर या मिल्कमेड का भी उपयोग करते हैं। मगर आप किसी भी तरह के दुग्ध उत्पाद का उपयोग न करें, तो बेहतर। हां, इसमें कुछ सूखे मेवे डाल सकते हैं। इसे नरम बनाने के लिए नारियल का बुरादा भी डाल सकते हैं। चाहें तो कच्चे नारियल की गीरी को घिस कर इस्तेमाल कर सकते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# वैश्विक स्मारकों के दिशा-विन्यास पर वैदिक प्रभाव

**प्रो. भगवती प्रकाश**

दुनिया के प्राचीन मंदिरों, पिरामिडों और पुरास्मारकों की दिशाओं का नियोजन चुंबकीय कम्पास से न होकर पृथ्वी की धुरी वैदिक परम्परा के अनुरूप है। इस कारण भौगोलिक उत्तर सभी स्थानों पर सदैव एक सा रहता है

कंबोडिया स्थित अंकोरवाट मंदिर सहित दुनिया के अधिसंख्य पुरास्मारकों की दिशाओं का नियोजन वैदिक परम्परानुसार है।

विश्व के प्राचीन मंदिरों, पिरामिडों और पुरास्मारकों की दिशाओं का नियोजन चुंबकीय कम्पास के अनुसार न होकर, भू-अक्ष अर्थात पृथ्वी के घूमने की धुरी की वैदिक परम्परा के अनुरूप है। दक्षिण-पूर्व एशिया से भारत, चीन, ईरान, सीरिया, लेबनान, मिस्र, यूरोप और अमेरिका तक ईसा पूर्व काल के स्मारकों का दिशा विन्यास एक



समान आधार पर भू-अक्ष अर्थात वैदिक भौगोलिक उत्तर दिशा आधारित होना आश्यचर्यजनक है। इन स्मारकों के स्थापत्य में उपग्रह चित्रों से भी भी ट्रू नॉर्थ से कोई विचलन नहीं आता है।

**भौगोलिक और चुंबकीय उत्तर में भेद**

चुंबकीय कम्पास की उत्तर दिशा वास्तविक भौगोलिक उत्तर दिशा से भिन्न होती है जो स्थान व समय भेद से बदलती रहती है। भौगोलिक उत्तर पृथ्वी के घूमने की धुरी या अक्ष पर आधारित होने से सभी स्थानों पर सदैव एक सा रहता है। भौगोलिक उत्तर अर्थात भू-अक्ष या पृथ्वी की धुरी आधारित ट्रू नार्थ व तदनुरूप कार्डिनल दिशाओं के निर्धारण की पुराणों एवं वैदिक साहित्य की परम्परा का चलन आधुनिक जगत में 1860 के बाद प्रारम्भ हुआ है। उसके पूर्व चुंबकीय उत्तर दिशा से नौवहन में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। आधुनिक नौवहन में इसी वैदिक ट्रू नॉर्थ का उपयोग किया जाता है। पृथ्वी की धुरी या अक्ष को अंतरिक्ष में बढ़ाने पर वह पृथ्वी से 434 प्रकाश वर्ष दूर स्थित ध्रुव तारे पर पहुंचती है। इस धुरी में 50 विकला के वार्षिक विचलन की 25,771 वर्षों में पूरी होने वाली चक्राकार आवृत्ति को दृष्टिगत रख कर वैदिक साहित्य में इसे अयन चलन या अयनांश कहा गया है। इच्छित दिवस यथा अयन संक्रातियों, विषुव संक्रांतियों या सक्रान्तियों, विषुव संक्रांतियों या अन्य महत्वपूर्ण दिवस के सूर्योदय की दिशा से अभिमुखित करने की यह परम्परा पूरे विश्व में रही है। इसी वैदिक परम्परानुसार दिशा साधन के कारण ही कोणार्क, झांसी, ग्वालियर, श्रीकाकुलम व कश्मीर के सूर्य मंदिरों, कंबोडिया स्थित अंकोरवाट, मिस्र के फराओ/फरोह मंदिरों, लेबनान के बालबेक स्थित मंदिरों, यूरोपीय ग्रीको-रोमन मंदिरों, संक्रांति उत्सव स्थलों एवं प्राचीन माया आदि अमेरिकी सभ्यताओं के मंदिरों के गर्भ गृह में पूर्व निर्धारित दिवस पर सूर्योदय की पहली किरण निर्बाध पहुंचती है। अयन संक्रांतियों से आशय उत्तरायण व दक्षिणायन संक्रांतियों से है और दिन व रात्रि एक समान होने पर वह विषुव सक्रांति कहलाती है। विश्व के पिरामिडों में कैलाश पर्वत एक प्राकृतिक पिरामिड है।

**सुसाईड ऑनलाइन...**




साभारः कार्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

स्पीड न्यूज

## पेयजल आपूर्ति योजना के छूटे हुए घरों के लिए पाईप बिछाई गयी

चरही । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे महत्वाकांक्षी योजना हर घर में नल से जल की आपूर्ति योजना के एक भी लाभुक छूट न पाए,इसका ध्यान बहेरा पंचायत में दिया जा रहा है। बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो द्वारा पंचायत क्षेत्र के पिपरा गांव में छूटे हुए घरों में अपनी देख रेख में पाईप बिछ्वाने का कार्य कर रहे हैं। हर घरों को पेय जल आपूर्ति किया जा सके,इसका ख्याल रखा जा रहा है। शीघ्र ही छूटे हुए पाइप लाइन को लगाकर घरों में कनेक्शन देकर पानी सप्लाई शुरू करा देने का भरोसा मुखिया देवकी महतो ने लाभुकों से किए हैं। विभाग के कर्मियों में उस्मान,प्रवचन,वार्ड सदस्य अजहरुद्दीन अंसारी,जल सहिया नगमा, तबारक हुसैन,सलीम, सराज,मुमताज,ताज समेत कई लोग उपस्थित थे।

## अवैध कोयले से लदे पिकअप वैन को पकड़ा

चरही । बीते रात शुक्रवार को चरही थाना क्षेत्र के फुसरी के पास अवैध कोयला लदे एक पिकअप वैन को सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों ने गश्ती के दौरान पकड़ा ।जानकारी के अनुसार पिकअप वैन नंबर जेएच13एच/1330 सीसीएल तापीन नार्थ के समीप ब्लॉक नंबर 42 से लगभग 45 बोरिया अवैध कोयला लादकर हजारीबाग की ओर जा रहा था ।तभी इसकी गुप्त सूचना सुरक्षा कर्मियों को मिली ।तत्काल कर्मियों ने कार्रवाई करते हुए उक्त पिकअप वैन को फुसरी के पास धरदबोचा गया ।पकड़े गए पिकअप वैन और कोयला को चरही पुलिस के सुपर्द किया गया ।इस संबंध में सुरक्षा कर्मी कुमार अभिषेक के द्वारा चरही थाना में मामला दर्ज कराया है।

## मुखिया और उपमुखिया ने किया जलमीनार का उद्घाटन

चरही। शनिवार को बहेरा पंचायत के ग्राम बहेरा वार्ड नम्बर 1 में 15 वें वित आयोग से ऊपर बहेरा में आशमुनी के घर के बगल में जल मीनार का अधिष्ठापन किया गया ।जिसकी लागत राशि 249,600 रुपये है ।लाभुक समिति के अध्यक्ष लालजी मांझी है ।बहेरा पंचयात के मुखिया देवकी महतो और उप मुखिया शिवचंद मुर्मू ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर तथा पूजा-अचार्ना कर जल मीनार का विधिवत उद्घघाटन किया गया ।मौके पर वार्ड सदस्य आशमुनी मुर्मू ,समाज सेवी शंकर सिंह भोगता ,विनोद कुमार केसरी,श्यामलाल महतो सहित आसपास के कई ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित हुए ।

## पूर्व विधायक मनोज यादव ने ओडिशा ट्रेन हादसे पर किया शोक व्यक्त

बरही। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार को हुए भीषण ट्रेन हादसे पर दुख व्यक्त किया। इस हादसे में कम से कम 238 लोगों की मौत हुई है। उन्होंने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए ओडिशा के बालासोर जिले में बहानगा रेलवे स्टेशन के समीप कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने की हृदयविदारक घटना से मन आहत है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को दु:ख की इस विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति दें। दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। भाजपा के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को स्थगित करते हुए उन्होंने कार्यक्रम को अगले दिन करने का निर्णय लिया।

## कर्मियों के बार-बार तबादले से विकास प्रभावित, ग्रामीण परेशान

चरही । चुरचू प्रखंड के सभी पंचायतों के पंचायत सचिव,रोजगार सेवक और हल्का कर्मचारी को बार बार चुरचू बीडीओ के आदेशानुसार तबादला कर दिया जा रहा है ।इससे पंचयात के छोटे-मोटे विकास के कार्य प्रभावित हो रहर हैं ।तथा सही ढंग से कोई कार्य नहीं हो पा रहा है ।इससे प्रखंड के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है ।बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने कहा कि उपरोक्त कर्मियों को बार-बार तबादला किये जाने से क्षेत्र में हर कार्य प्रभावित हो रहे हैं ।श्री महतो ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि कर्मचारियों के बार-बार तबादले पर रोक लगाई जाए ।ताकि प्रखंड के कार्य सुचारू रूप से चल सके ।और ग्रामीणों को सुविधा मिल सके।

# शिक्षक धनंजय प्रकरण मामले में कई अहम साक्ष्य को किया गया नजरंदाज !

## प्रतिपूर्ति भत्ता वितरण में राशि का किया गया डायवर्सन

खबर मन्त्र एक्सक्लूसिव

### जांच टीम को लिखित देकर सहायिका ने की थी तस्दीक

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसरातू कटकमदाग के शिक्षक धनंजय कुमार पर लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच के लिए गठित टीम ने कई अहम साक्ष्य जुटाए थे। लेकिन उन साक्ष्यों को नजरअंदाज करते हुए उन्हें निलंबन मुक्त करने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों में भी इस बात का उबाल है कि उन्हें निलंबन मुक्त करते हुए पुनः इसी विद्यालय में वापस भेज दिया गया। शिक्षक पर कई गंभीर आरोप लगे थे। कटकमदाग प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने भी उनके खिलाफ विभाग को पत्र लिख कार्यवाई की मांग की थी। उन पर एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़, कबाड़/स्क्रैप बेचने सहित प्रतिपूर्ति भत्ते के वितरण में अनियमितता के आरोप थे।



वीडियो क्लिप से ली गयी फोटो

**प्रतिपूर्ति भत्ता वितरण में राशि के डायवर्सन का मामला:** कोरोना काल के दौरान जब विद्यालय बंद थे तब सरकार ने बच्चों के लिए तीन किश्त में प्रतिपूर्ति भत्ता वितरण का प्रावधान किया गया था। प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर रहते हुए शिक्षक धनंजय कुमार ने उक्त राशि में कटौती कर उसके बदले बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया था। वहीं इस राशि के वितरण में कक्षावार वर्ग शिक्षकों के हस्ताक्षर भी नहीं है ।सूत्र बतातें हैं कि जांच के दौरान वर्ग शिक्षकों ने इस पर हस्ताक्षर करने से इंकार भी कर दिया था। राशि निकाले जाने व पोशाक वितरण की बात को लिखित रूप में विद्यालय की सहायिका ने जांच टीम को दी थी। जानकार बतातें हैं कि जिस मद के लिए राशि मुहैया कराई जाती है उसी में खर्चना सरकारी नियम है। यह साफ तौर से राशि के डायवर्सन का मामला है।

### बीईईओ की जांच के वीडियो में छेड़खानी की पुष्टि

आठवीं की छात्रा से छेड़खानी मामले की जांच कर रहे बीईईओ डोमन मोची के सामने एक ग्रामीण इस बात की पुष्टि करते हुए वीडियो में देखा जा सकता कि कैसे आरोपी शिक्षक परिजनों के कोपभाजन का शिकार हुआ। घटना के दिन जब परिजन व ग्रामीण विद्यालय पहुंचे थे तब शिक्षक वहां से फरार हो गए। इसके बाद बीते वर्ष एक नवंबर से 10 नवंबर तक वे विद्यालय से बिना सूचना के अनुपस्थित रहे। इतने अहम साक्ष्य को नजरअंदाज किया जाना समझ से परे है।

### स्क्रैप/कबाड़ बेचने का मामला

विद्यालय प्रबंधन समिति पंजी में कबाड़ बेचने का जिक्र किया गया है। लेकिन इसके अंतर्गत कौन-कौन सी वस्तुएं शामिल हैं इसका उल्लेख पंजी में नहीं किया गया है। बताया जाता है कि कबाड़ बिक्री के बाद इससे प्राप्त 2600 रूपए की राशि को ग्रामीणों के दबाव पर उक्त शिक्षक ने दो माह बाद बैंक में जमा कराए। इस राशि को इतने दिनों तक अपने पास रखना भी जानकारों ने नियम विरुद्ध बताया है। ऐसे में अब सवाल उठने प्रारंभ हो गए हैं कि यदि उक्त शिक्षक को क्लीन चिट दिया जाना ही था तो जांच टीम गठित किए जाने का क्या औचित्य था।

# पुलिस व ग्रामीणों के हिंसक झड़प में कई पुलिसकर्मी सहित ग्रामीण घायल

रोमी गांव हुआ रन क्षेत्र में तब्दील

## बीएसएफ कर्मी को मिले 10 डिसमिल जमीन पर कब्जा दिलाने आई थी पुलिस

### घटना में दो प्राथमिकी दर्ज, 61 नामजद

खबर मन्त्र संवाददाता

पदमा। थाना अंतर्गत उरवां मोड़ स्थित रोमी बंगला के पास शुक्रवार को ग्रामीणों और पुलिस के बीच करीब तीन घंटे हिंसक झड़प हुई। इस दौरान कई जवान और ग्रामीण घायल हो गए। पथराव में जवान अमित कुमार सिंह को चोट लगी। वहीं एक महिला पुलिस भी घायल हुई है। स्थिति पर काबू पाने के लिए पुलिस को आंसू गैस छोड़ने पड़े।

**क्या है मामला :** दरअसल बीएसएफ में सेवा दे रहे जवान प्रकाश कुमार शर्मा को दिसंबर 2022 में सैनिक बंदोबस्ती के तहत रोमी गांव में 10 डिसमिल जमीन बंदोबस्ती पट्टा के तौर पर दिया गया था। जिसको कब्जा दिलाने के लिए पुलिस पहुंची थी । पुलिस को पहुंचते ही लगभग आधा घंटा के बाद पुलिस को ग्रामीणों का विरोध का सामना करना पड़ा। पुलिस द्वारा लाठी चार्ज कर वहां उपस्थित ग्रामीणों को खदेड़ा गया। ग्रामीणों को पुलिस के द्वारा समझाने बुझाने का प्रयास किया जा रहा था कि अचानक लाठी-डंडे ईट पत्थर चलने शुरू हो गए। भीड़ पर काबू पाने के लिए पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले छोड़कर लाठीचार्ज कर भीड़ पर काबू पाया गया ।पुलिस द्वारा कार्यवाई करते हुए सुनील मेहता पिंटू कुमार सहित 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है।



झड़प के दौरान पुलिसकर्मी

**क्या कहते हैं ग्रामीण :** ग्रामीणों का कहना है कि आज लगभग 4 वर्ष पूर्व इस जमीन के बारे में प्रकाश कुमार को पूरे गांव बैठक कर बोला गया था कि इस जमीन के छोड़कर कहीं और जमीन बंदोबस्त करा लो। 1984 में अंचल अधिकारी पदमा के द्वारा दाखिल खारिज संख्या 1 अभिलेख 13-14 को नक्शा बनाकर विद्यालय को अंचल अधिकारी के द्वारा प्राप्त अंचल अधिकारी के द्वारा प्रकाश शर्मा के नाम से दर्ज हुआ बंदी को निरस्त करने के लिए डीसी महोदय को आवेदन दिया गया था। लेकिन उसपर कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

## बिजली को लेकर विद्युत महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

इचाक। ईचाक प्रखंड के पंचायत डाड़ीघाघर, ग्राम गरडीह मे देश आजादी के बाद 2008-09 मे राजीव गाँधी विधुतिकरण के तहत दो वर्ष के लिए बिजली बहाल किया गया था । जो कवर का तार होने के कारण जल गया है। तब से अभी तक उस गाँव के लोगों को अंधेरा मे हीं रहना पड़ रहा है। बिजली नहीं रहने के कारण ग्राम - गरडीह वासियों को आधुनिक युग जैसे - बिजली लाईट बती, मोबाइल, टीवी, कृषि, एवं एवं कई ऐसी सुविधाओं से वंचित है। इस मामले पर भाजपा नेता सह समाजसेवी रमेश कुमार हेम्ब्रोम ने कहा कि मै बिजली को लेकर लगातार 2012 से अभी तक बिजली विभाग के जीएम , एसी ,एसडीओ ,उपायुक्त, एवं यहां तक सरकार को भी लिखा गया है लेकिन कोई भी इस पर संज्ञान नहीं लिया ।

# स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है साईकिल चलाना : प्रो.एनके तिवारी

भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्वयंसेवको एवं विद्यालय और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विश्व साईकिल दिवस मनाया। इस अवसर पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा विनोवा भावे विश्व विद्यालय एनएसएस प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार साइकिल जागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.अर्जुन कुमार मिश्रा एवं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.बी रविदास ने बताया क अप्रैल 2018 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 जून को विश्व साईकिल दिवस मनाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य लोगों को साईकिल चलाने से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय फायदों के बारे में जागरूक करना है। मौके पर प्राचार्य प्रो.एनके तिवारी ने कहा कि आधुनिकता के इस अंधी दौड़ में साईकिल चलाना सिर्फ पर्यावरण के लिहाज से ही अच्छी नहीं बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि साईकिल चलाने से शरीर का वजन नियंत्रित रहता है और तनाव कम होता है। साथ ही फेफड़े तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबुत होता है। प्राचार्य श्री तिवारी ने कहा कि साईकिल चलाने से शारीरिक तंदुरूसती मजबुत होती है और इससे पर्यावरण भी प्रदूषित नहीं होता। कार्यक्रम में कराटे प्रशिक्षक सह कॉलेज के पूर्व छात्र नरेंद्र सिन्हा भी स्कूली बच्चों के साथ शामिल हुए। साईकिल जागरूकता रैली में शामिल बच्चे हिंग लगे ना फिटकरी रंग चोखा आए, साईकिल को अपनाना है पर्यावरण को बचाना है, करो साईकिल की सवारी कभी ना होगी कोई बीमारी का नारा बुलंद करते दिखें। मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अपने जीवन शैली में रोजमर्रा के कार्यों के लिए साईकिल को अपनाने का सामुहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक द्वारिका प्रसाद, झरी मिस्त्री, प्रो.मनोज कुमार, कुन्दन झा, प्रो.मनोज प्रसाद, महावीर, कृष्णा, सोमनाथ, सुजल चंद्रवंशी, रागिनी, सोनी, बबलू, राजेश, आदर्श, आर्यण, हर्षित, तेजस्व, नादिर अख्तर आदि का विशेष योगदान रहा।

# निश्चित रहें हर हाल में समस्याओं का होगा समाधान : अंबा प्रसाद

### कांग्रेस, झामुमो एवं राजद कार्यकर्ताओं की चैनगडा में हुई संयुक्त बैठक, जन समस्याओं पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। चैनगडा गांव में शुक्रवार की देर शाम पूर्व पतरातू प्रखंड प्रमुख फोचवा देवी के आवास में कांग्रेस, झामुमो एवं राजद के सक्रीय कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद शामिल हईं। बैठक में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत समस्याओं से विधायक अंबा प्रसाद को अवगत कराया। सभी समस्याओं को सूचीबद्ध कर जल्द समाधान करने का विधायक ने आश्वासन दिया। बैठक के दौरान ग्रामीण महिला-पुरूष ने भी अंबा प्रसाद को कई समस्याओं से अवगत कराया। जिसपर अंबा प्रसाद ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान कराया। साथ ही कई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य ही क्षेत्र का चहुंमुखी विकास व जन समस्याओं का समाधान करना है।



बैठक में उपस्थित विधायक अंबा प्रसाद व कांग्रेस, राजद व झामुमो के लोग

विधायक ने कहा कि कांग्रेस जात की नहीं जमात की राजनीति करता है, इसमें सभी वर्गो को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। यही कारण है कि दिन-प्रतिदिन कांग्रेस से दर्जनों लोग जुड़े रहे हैं। मौके पर पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि ष्णा सिंह, मो.हसीब, ड. अत्ताउल्लाह, अंजन प्रसाद, झामुमो नेता इमामुल हक, राजेश बेदिया, जीतराम बेदिया, शिवनारायण बेदिया, अब्दुल गफ्फार, महादेव बेदिया राजद, अब्दुल कुद्दुस, मो.रफी उल्लाह, कामेश्वर बेदिया, संदीप उरांव, अंगद करमाली, दीपक करमाली, शंभू बेदिया, दिलीप बेदिया, भुनेश्वर बेदिया, गणेश तूरी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

गोला। रामगढ़ -बोकारो मुख्य मार्ग के मगनपुर बड़ा तालाब के समीप शुक्रवार 1 बजे रात के करीब कार व जेसीबी की सिधी टक्कर हो गई। जिससे कार पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, महिला सहित 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा गोला पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शनिवार सुबह को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। मृतकों की पहचान लूसाडीह थाना राजगंज धनबाद निवासी आयुष कुमार उम्र 19 वर्ष पिता वीरेंद्र प्रसाद चौधरी व रामगढ़ जिले के छत्तरमांडू निवासी रानी देवी उम्र 34 वर्ष पति हिरोज कुमार के रुप में हुई। जबकि घटना में मृतक आयुष की मां सरोज देवी व मृतक रानी देवी के पति हिरोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्रखंड प्रमुख पति रंधीर बसरिया व अन्य लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि चंदनक्यारी से एक तिलक कार्यक्रम में शामिल होकर वेन्यू कार जेएच24एफ8680 पर सवार होकर सभी वापस छत्तरमांडू लौट रहे थे। इस बीच उक्त तालाब के पास कार अनियंत्रित होकर जेसीबी को टक्कर मार दिया। जिससे यह घटना हुई।





दुर्घटनाग्रस्त वाहन, वाहन के अंदर मृतका रानी देवी का शव

घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि घटना के बाद जेसीबी भागने में सफल रहा। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। मृतक आयुष घर का एकलौता चिराग था- मृतक आयुष कुमार पिता विरेन्द्र प्रसाद चौधरी धनबाद जिले के लुसाडीह थाना राजगंज निवासी अपनी मां के साथ अपने मामा के घर छत्तरमांडू आया हुआ था। जिसके बाद कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर अपने मामा, मामी व मम्मी के साथ चंदनकियारी गया हुआ था।

लौटने के क्रम में यह घटना घटी। जिसमें आयुष व उसकी मामी रानी देवी की मौत हो गई। आयुष घर का एकलौता चिराग था। उसके पिता विरेन्द्र प्रसाद चौधरी आर्मी के जवान हैं और बॉर्डर पर तैनात हैं। शनिवार की दोपहर रानी देवी का अंतिम संस्कार लोधमा स्थित दामोदर नदी घाट पर कर दिया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं, आयुष कुमार का अंतिम संस्कार उनके परिजनों ने किया।

एक नजर में

## जागरूकता रैली का आयोजन

बरही। अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में अस्पतालकर्मी सहित कई लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया ।जागरूकता रैली का उद्देश्य साइकिल फॉर हेल्थ का नारा लगाते हुए इसकी शुरूआत की गई। जागरूकता रैली का नेतृत्व अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। उन्होंने रैली के उद्देश्यों पर विस्तार से बताते हुए कहा कि साइकिल के उपयोगिता को स्वास्थ्य के एवं प्रदूषण के लिए बेहतर बताया। कहा कि ईंधन से चलने वाले दो पहिया वाहनों के उपयोग से आर्थिक क्षति एवं पर्यावरण में विपरीत प्रभाव पड़ता है, इन सब चीजों से बचने के लिए साइकिल का उपयोग आज के परिवेश में महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने सभी से अच्छी सेहत और पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त बनाने, मोटापा व बीमारियों से छुटकारा पाने व शारीरिक फिटनेस हेतु अपने जीवन में अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग करने की अपील की। वहीं बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि स्वस्थ जीवन पाने के लिए साइकिल चलाना जीवन का हिस्सा बनाना होगा, तभी हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं तथा वाहनों से होने वाले प्रदूषण को दूर कर सकते हैं। मौके पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के अलावा बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, पारा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे, प्रह्लाद कुमार, विष्णु महतो सहित अन्य अस्पतालकर्मी मौजूद थे।

## 5 से 17 जून तक चलेगा सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा : डॉ प्रकाश ज्ञानी

बरही। अनुमंडलीय अस्पताल में सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के तहत डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी की अध्यक्षता प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डायरिया से बचाव व किन-किन कारणों से डायरिया फैलता है, के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। डॉक्टर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि डायरिया बीमारी के नियंत्रण को लेकर प्रखंड में 5 से 17 जून तक डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जाएगा, जिसके तहत अभियान चलाकर लोगों को बीमारियों से बचाव बारे जागरूक किया जाएगा। जागरुकता अभियान के दौरान पांच वर्ष तक के बच्चों को डायरिया से बचाव के लिए ओआरएस घोल व जिंक टेबलेट वितरित किया जाएगा। साथ ही बताया कि 0 से 2 महीने तक के बच्चे को जिंक टैबलेट को नही दिया जाना है। डायरिया के लक्षणों में आंख का धसना, सुस्तीपन, कम पेशाब, त्वचा में लक्षण है। लक्षण दिखने पर लगातार ओआरएस देकर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र लाना है। सहिया स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करेंगी और हैंडवाश को लेकर बताएगी। उन्होंने लोगों को स्वच्छता का पालन करने की भी सलाह दिया। साथ ही साथ कहा कि खाने से पहले हैंडवाश जरूर करें। उन्होंने बताया कि 5 जून को विधिवत रूप से बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा। मौके पर मुखिया यास्मीन तब्बसुम, बीपीएम नारायण राम, लिपिक पंकज कुमार आजाद, रंजीता कुमारी, बिनोद कुमार यादव, अनिता कुमारी, ममता कुमारी, संतोष कुमार, बिजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहें।

## नुक्कड़ नाटक का आयोजन

बड़कागांव। पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के पर्यावरण विभाग द्वारा पिछले कई दिनों से कई कार्यक्रम चलाई जा रही है। क्विज कंपटीशन, चित्रकला प्रतियोगिता एवं लेखन प्रतियोगिता के अलावा अब विभाग के द्वारा पिछले 2 दिनों से हजारीबाग और बड़कागांव क्षेत्र के कई इलाकों में नुक्कड़ नाटक आयोजित की जा रही है। पहले दिन जहां हजारीबाग के त्रिमूर्ति चौक एवं गांधी मैदान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया वहीं दूसरे दिन माइंस एरिया में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक की गई। नुक्कड़ नाटक मुख्य रूप से प्लास्टिक पॉल्यूशन से होने वाले नुकसान के बारे में केंद्रित है। नुक्कड़ नाटक के पहले दिन आरंभ से पहले अशोक कुमार यादव क्षेत्रीय अधिकारी, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हजारीबाग द्वारा वहां मौजूद लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की शपथ दिलाई गई। आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से पहले वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मिशन लाइफ अभियान के तहत लोगों को प्लास्टिक पोलूशन से होने वाले खतरे के बारे में अवगत कराया जा रहा है।

## दिगवार में यज्ञ के समापन के बाद भक्ति जागरण

कुजू। दिगवार काली मंदिर आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के समापन के बाद शुक्रवार की देर रात्रि भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन आजसू जिला उपाध्यक्ष मनोज महतो ने फीता काटकर किया। इस बीच यज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत अंग वस्त्र एवं व परिसर में बने विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट देकर किया गया। वही संगम म्यूजिकल ग्रुप संचालक जय लाल महतो करमा के माध्यम से पहुंचे कलाकारों ने गणेश वंदना के साथ भक्ति जागरण प्रारंभ किया। इस दौरान कलाकारों ने कई बेहतरीन भजन एवं विभिन्न देवी -देवताओं की जीवंत झांकी प्रस्तुत किया।

## बिरसा बस स्टैंड जीर्णोद्धार कार्य का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

रामगढ़। डीएमएफटी के तहत रामगढ़ शहर के बिरसा बस स्टैंड में हो रहे जीर्णोद्धार कार्य का शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने अब तक हुए कार्यों का जायजा लेने के क्रम में आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से फाउंडेशन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्य में लगे मानव संसाधन का जायजा लेने के क्रम में जिडको के अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लेने एवं गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए ससमय कार्य पूर्ण कर यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## ड्रग्स कारोबार से जुड़े दो फरार आरोपियों को जेल

भुरकुंडा (रामगढ़)। ड्रग्स कारोबार से जुड़े दो फिरोरियों को गिरफ्तार कर भुरकुंडा पुलिस ने शनिवार को नयायिक हिरासत में भेजा है। जानकारी के अनुसार ड्रग्स बेचने के नामजद अभियुक्त गुड्डू गिरी व राहुल गिरी अक्टूबर 2022 से फरार चल रहे थें। गुप्त सूचना के आधार पर भुरकुंडा पुलिस ने सेंट्रल सौंदा स्थित उनके आवास से दोनों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पतरातु (भुरकुंडा) कांड संख्या 188/22, धारा 8/21बी/22बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनो अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा है। मामले पर ओपी प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि कोयलांचल में इन दिनों ड्रग्स का कारोबार काफी तेजी से बढ़ा है। इसमें ज्यादातर युवा नशा व पैसे कमाने के चक्कर में इस दलदल में फंस रहे हैं। दोनो अभियुक्तों के पकड़े जाने से इस कारोबार से जुड़े कई अन्य लोगों के पकड़े जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में ड्रग्स का कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। पुलिस इस कारोबार से जुड़े लोगों को पकड़ने के लिए लगातार छापामारी अभियान चला रही है। पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## रेल हादसा मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए : डॉ आशीष

भुरकुंडा (रामगढ़)। कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव सह अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित-मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड आशीष कुमार ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर उड़ीसा के बालासोर में ट्रेन दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति गहरा दख व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करते हुए दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि 285 लोगों की हुई मौत का जिम्मेवार स्टेशन मास्टर है या रेल मंत्री या फिर केंद्र सरकार है इसका जवाब देना होगा। श्री कुमार ने कहा है कि यह बड़ी त्रासदी है, इस रेल हादसा ने देश को झकझोर दिया है। उन्होंने इतनी बड़ी घटना होने पर रेल मंत्री को इस्तीफा देने और पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराकर दोषी रेलवे कर्मचारी, स्टेशन मास्टर, को नौकरी से बर्खास्त करते हुए 302 का मामला दर्ज कर कोर्ट अफ इंक्वयरी करने की मांग की है।

## स्पीड न्यूज़

### चंदवा के चकला में युवती के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चकला ग्राम पंचायत में एक शादीशुदा युवती के साथ के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता ने चंदवा थाना में लिखित आवेदन प्राथमिक दर्ज कराई है। जिसमे गांव के ही आरिफ खान पिता इकबाल खान पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आवेदन में कहा है कि जब वह घर मे अकेली स्नान कर रही थी। इसी क्रम में आरोपी आरिफ आ धमका व जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। परिवार के लोगो के आने के बाद घटना की आपबीती बतायी। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 124/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर चंदवा पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल जांच व 164 का बयान दर्ज कराने के साथ आरोपी की धर-पकड़ को लेकर भी अभियान तेज कर दिया है।

### आरोपी प्रेमी को भेजा गया जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग का मामला आए दिन प्रकाश में आते रहता है। और अक्सर यह सुनने व देखने को मिला कि पहला प्यार को छोड़ दूसरे युवती के साथ प्यार जताते हुए। तो कही प्यार में फंसी लगा कर या जहर पी कर आत्महत्या का मामला आम बात हो गया है। उसी क्रम में सेन्हा थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है कि प्रेमी धर्मवीर मुंडा ने अपने प्रेमिका को धोखा देकर अपने साथ प्रेमिका को अपना घर ले गया। और प्रेमिका को ठंडा में जहर डाल युवती को यह बोल कर पिलाया की आधा तुम पियो और आधा हम पीते है। युवती ने प्रेम प्रसंग के विश्वास में जहर मिलाया ठंडा को पी ली लेकिन ठंडा के पीने के कुछ समय बाद युवती का हालत बिगड़ने लगा। तो लड़का के माता पिता ने युवती को घर से बाहर निकाल कर छोड़ दिया। उसी दौरान युवती के परिजनों को लड़की के अचेत अवस्था में होने की सूचना प्राप्त हुआ तो युवती को आनन फानन में सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। तभी इलाज के उपरांत लड़की के माता पिता को पता चला कि पुत्री को जहर दिया गया है। घटना 19 मई 2023 का बताया जा रहा है। वही थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रेम प्रसंग में युवती को जान से मारने का नियत से ठंडा में जहर मिला कर प्रेमी द्वारा पिलाया गया था। जिसकी सूचना इलाज के उपरांत युवती के बयान पर थाना कांड संख्या 74/23 दर्ज कर आराहंसा निवासी सुखदेव मुंडा के पुत्र आरोपी धर्मवीर मुंडा को गिरफ्तार कर मेडिकल जाँच के उपरान्त लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

### दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के कल्हेपाट के समीप सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीण व पुलिस के सहयोग से दोनो को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना देर शाम सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट चौक के समीप देर शाम का बताया जा रहा है। सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक एवं सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच ग्रामीणों की मदद से दोनों घायल को अस्पतल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान दोनों घायल की पहचान हेसवे निवासी विराज यादव के 30 वर्षीय पुत्र राजदीप यादव तथा भूखलु मिस्त्री के 35 वर्षीय पुत्र शंकर मिस्त्री के रूप में किया गया। दोनों घायल को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के उपरांत सदर अस्पताल लोहरदगा बेहतर इलाज हेतु रेफर किया गया। घटना का कारण बताया जाता है कि घाघरा की ओर से लोहरदगा जाने के दौरान अज्ञात ट्रक चालक अचानक डेड ब्रेक ले लिया। उसी समय पूछे से आ रही मोटरसाकिल जे एच 01ए एच 4736 के चालक अनियंत्रित हो ट्रक के पीछे धक्का मार दिया। घटना के पश्चात ट्रक चालक गाड़ी ले फरार हो गया। जबकि क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को सेन्हा थाना पुलिस जप्त कर अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया था। मामले को लेकर महिला थाना में कांड संख्या 17/23 धारा 363, 376, 341, 354 आईपीसी 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार कर जेल भेजे गए आरोपी युवक की पहचान नागपुरी यूट्यूबर मिंटू कुमार के रूप में हुई है। आरोपी युवक लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र का रहने वाला है। नाबालिग के परिजनों ने आरोपी पर कई संगीन आरोप लगाए है जानकारी के अनुसार यूट्यूब पर नागपुरी एल्बम बनाने और टूर पर जाने के नाम पर नाबालिग और उसकी नाबालिग दोस्त को बहला फुसलाकर कर आरोपी युवक अपने साथ रांची ले जाता है और दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता था साथ ही कई बार अपने घर में भी घटना को अंजाम दिया है। वही पूरी घटना की जानकारी परिजनों को होने पर पीड़ित नाबालिग की मां ने महिला थाना पहुंच आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, दुष्कर्म, प्रताड़ना सहित कई मामले पर प्राथमिकी दर्ज कराई जिसके आधार पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले को लेकर पुलिस गहनता से जांच कर रही है ।

# मारे गये नक्सली कमांडर लाजीम पर दर्ज थे 61 आपराधिक कांड: एसपी

## मुठभेड़ के बाद कई नक्सली अंधेरे का लाभ उठाकर भागे

### घटना स्थल से पुलिस ने एक 315 बोर का देशी रायफल, दो देशी कट्टा, 315 बोर का 8 जिंदा गोली, तीन खोखा, एक भुजाली और बाइक किया बरामद



बरामद हथियार के साथ प्रेस कांफ्रेंस करते एसपी व शामिल पुलिस पदाधिकारी।

खबर मन्त्र सवाददाता

**गुमला।** भाकपा माओवादी संगठन के एरिया कमांडर पांच लाख के ईनाम लाजीम अंसारी को मुठभेड़ में मार गिराये जाने के बाद शनिवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. ऐहतेशाम वकारिव ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली की लाजमी अंसारी अपने दस्ते के साथ चैनपुर थाना क्षेत्र के टोंगी में किसी बड़ी घटना को अंजाम देना पहुंचा है। सूचना मिलते ही एक ओपीएस प्लान कर मेरे नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में पुलिस उपाधीक्षक अभियान मनीष कुमार, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, थाना प्रभारी घाघरा अमित कुमार चौधरी, थाना प्रभारी चैनपुर आशुतोष कुमार सिंह व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। एसपी ने बताया कि टोंगो सेमरा बरटोली के जंगल के पास पुलिस पार्टी के साथ माओवादी दस्ते का मुठभेड़ हुआ। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में भाकपा माओवादी कमांडर लाजीम अंसारी को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। वहीं रात्रि होने व जंगल का लाभ उठाते हुए लाजीम के दस्ते के कई सदस्य भागने में सफल रहे। मृतक लाजीम अंसारी पर झारखंड सरकार ने पांच लाख व एनआईए ने एक लाख रूपया ईनाम घोषित किया था। इधर घटना स्थल से पुलिस ने एक 315 बोर का देशी रायफल, दो देशी कट्टा, 315 बोर का 8 जिंदा गोली, तीन खोखा, एक भुजाली, बांस का डंडा, एक प्लेटीना बाईक, उसके पॉकेट से 45 सौ रूपये, पॉकेट डायरी, कपडे का थैला व दैनिक जरूरत के समान बरामद किया है। एसपी ने बताया कि लाजीम अंसारी पर 61 कांड दर्ज हैं। जिसमें गुमला जिला में 42, लोहरदगा में 11 व लातेहार में 8 कांड दर्ज है।

### तीन डाक्टरों की टीम ने दंडाधिकारी की उपस्थिति में किया नक्सली कमांडर के शव का पोस्टमार्टम


पोस्टमार्टम हाउस के समीप लाजीम के शव के साथ ग्रामीण

**गुमला।** पुलिस मुठभेड़ में मारा गया भाकपा माओवादी संगठन का एरिया कमांडर पांच लाख का ईनामी नक्सली लाजीम अंसारी के शव का पोस्टमार्टम शनिवार को तीन डॉक्टरों की टीम ने दंडाधिकारी की उपस्थिति में की। इस दौरान पोस्टमार्टम का वीडियो ग्राफी भी कराया गया। डॉक्टरों की टीम में डॉ पीसीके भगत, डॉ सुनील कुमार किस्कू, डॉ रोशन खलखो एवं मजिस्ट्रेट गौतम कुमार शामिल थे। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। नक्सली के पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया। इधर पोस्टमार्टम रूम में पनसो गांव से भारी संख्या में ग्रामीण आये थे। वहीं पोस्टमार्टम के उपरांत नक्सली लाजिम अंसारी के बड़े भाई इब्राहिम अंसारी से पूछे जाने पर बताया कि लाजिम नक्सली बनने से पूर्व मवेशी का कारोबार करता था। उस दौरान कुछ मवेशी कारोबारियों के द्वारा उस पर चोरी का इल्जाम लगाया गया था। जिसके बाद उसके साथ गांव वालों ने मारपीट की थी। जिसके बाद से ही वह नक्सल की दुनिया में कदम रखा था।

# शादी समारोह से लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना में मनिका के पत्रकार की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



कौशल किशोर पांडेय, दुर्घटनाग्रस्त वाहन

**लातेहार/बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर शनिवार को सड़क दुर्घटना में मनिका प्रखंड के एक दैनिक अखबार के पत्रकार कौशल किशोर पांडे की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कौशल किशोर पांडे अपनी अल्टो कार से एक बिहार के शेखपुरा अपने रिश्तेदार के यहां से शादी समारोह में शामिल होकर अपने मनिका वापस जा रहा था। इसी दौरान नवादा ग्राम के पास अनियंत्रित होकर कार पेड़ से जा टकराई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों एवं हेरहंज पुलिस के सहयोग से कार को गैस कटर के माध्यम से काटकर घायल पत्रकार को बाहर निकाला गया। एवं बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया। बालूमाथ के पत्रकारों ने उसे एंबुलेंस से रांची रिम्स भिजवाया। जहां रांची ले जाने के क्रम में मांडर के पास उनकी स्थिति बिगड़ने लगी। एंबुलेंस ड्राइवर मोहम्मद अफरोज ने ब्राम्बे के समीप एक निजी अस्पताल में ले गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मनिका प्रखंड के कई पत्रकार ब्राम्बे निजी अस्पताल पहुंचे और शव को लेकर सदर अस्पताल लातेहार लाकर पोस्टमार्टम कराया। समाचार लिखे जाने तक कौशल किशोर पांडे की परिजन मनिका में नहीं होने के कारण स्थानीय पत्रकार उनकी देखरेख में लगे हुए थे।

इस मौके पर सांसद सुनिल सिंह, लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह, जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव, भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, भाजपा नेता महेश सिंह, भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, लातेहार के पत्रकार मनिष उपाध्याय, चंद्रप्रकाश सिंह, योगेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, बद्री प्रसाद, पंकज प्रसाद, रूपेश कुमार, राजीव मिश्रा, संजीव कुमार गिरी, रामकुमार कुमार, रूपेश अग्रवाल, बिरेंद्र प्रसाद, निरज सिन्हा, अजय सिन्हा, दीपू कुमार, अभय कुमार समेत कई पत्रकार अलावे भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, मंडल महामंत्री मनदीप कुमार, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत प्रसाद साहू, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, शिक्षक गोविंद पासवान, संदीप पासवान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रमेश पासवान, ईश्वरी ठाकुर, सुजीत प्रसाद साहू, अंकित पांडेय, शंभू प्रसाद, रोशन प्रसाद, विकास प्रसाद, अमरदीप प्रसाद, डॉक्टर चंदन कुमार, अमित राय, एसआई गौतम कुमार सिंह, अमित राय, आनंद राय डिगलू राय, तस्लीम अंसारी,चंदन कुमार,जिप सदस्य बलवंत सिंह,मिथुन प्रसाद,कमल प्रसाद,सागर यादव समेत सैकड़ो लोगों ने शोक प्रकट किया।

### बार-बार बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने से परेशान ग्रामीणों ने की सड़क जाम

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला मोहल्ले का बार-बार ट्रांसफार्मर उड़ जाने से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को बालूमाथ रांची मुख्य पथ एनएच 22 को जाम कर दिया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक सड़क जाम रहा जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए जामकर्ताओं ने बताया की टमटमटोला मोहल्ले का ट्रांसफार्मर पिछले माह पहले से खराब था। एक फेज काम कर रहा था जिससे पूरे मोहल्ले में बिजली जल रही थी। जिससे हमेशा लो वोल्टेज रहता था। कई बार इसकी शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों से की गई तब जाकर तीन दिन पूर्व मोहल्ले में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था। लेकिन ट्रांसफार्मर चार्ज होने के बाद उसमें जब लोड दिया गया तो वह जल गया। आगे ग्रामीणों ने बताया की बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने से हम सब काफी परेशान हैं। गर्मी के दिन और ट्रांसफार्मर जल जाने से काफी परेशानी हो रही है। वहीं जाम की सूचना पाकर बिजली विभाग के एसडीओ ने ग्रामीणों से टेलीफोन पर बात की और देर शाम तक नया ट्रांसफार्मर लगवाने की बात कही तब जाकर जाम समाप्त हुआ।

## एक नजर में

### हथियार के साथ गुमला पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**गुमला।** गुमला पुलिस ने शुक्रवार की देर रात पालकोट रोड से दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में पालकोट रोड निवासी अशोक जायसवाल के पुत्र 32 वर्षीय सुभाष जायसवाल व चेटर निवासी अरूण वर्मा का 24 वर्षीय पुत्र सूरज वर्मा के नाम शामिल है। इनके पास से पुलिस ने एक सात चक्रीय रिवाल्वर, एक पिस्टल मैगजीन सहित तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस संबंध में शनिवार को गुमला थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए थाना के पदाधिकारियों ने बताया कि रात करीब 1:15 बजे गुप्त सूचना मिली की पालकोट रोड स्थित देहाती ढाबा के पास दो तीन लड़के हथियार लेकर खडें हैं जो किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना को संज्ञान में लेकर एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसके बाद सूचना का सत्यापन के लिए टीम को भेजा गया। इस दौरान छापेमारी में दो अभियुक्त सुभाष जायसवाल व सूरज वर्मा को खदेड़ कर पकड़ा गया। अभियुक्तों की तलाशी के दौरान उनके पास से हथियार बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से जब हथियार के कागजात मांगे गये तो वे किसी तरह का कागज प्रस्तुत नहीं किये। पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया। दोनों अभियुक्तों को शनिवार को जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में पुअनि संचित कुमार, पुअनि दिलीप टुडू व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पीएमएफएमई एवं पीएमईजीपी से संबंधित हुई समीक्षात्मक बैठक, उपायुक्त ने दिए कई निर्देश

**गुमला।** लघु उद्यमियों को एक बेहतर रोजगार सृजन के अवसर मिले एवं उन्हें उन्नत उधमियों की श्रेणी में लाया जा सके इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज एवं प्रधान मंत्री रोजगार सृजन योजना को जिला प्रशासन लगातार धरातल पर मूर्त रूप देने हेतु प्रयासरत है। योजनाओं से लोगों को जोड़ते हुए जिले भर के नए उद्यमियों एवं लघु उद्यमियों का विकास किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा उक्त योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित वर्तमान स्थिति से अवगत होने के लिए उद्योग विभाग के साथ एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से लघु उद्यमियों के विकास , पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमइ योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जीएम डीआईसी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार इस वित्तीय वर्ष में कुल 08 लाभुकों को पीएमएफएमई से जोड़ते हुए उनका ऋण स्वीकृत कर दिया गया है। वहीं प्राप्त 20 आवेदकों के आवेदनों पर बैंक के स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं पीएमईजीपी योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष ( अप्रैल माह से जून माह 2023) तक में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 8 आवेदकों के आवेदनों को लोन हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी गई है शेष बचे हुए आवेदनों पर बैंक द्वारा प्रक्रियात्मक कार्रवाई की जा रही है।

### विद्यालयों में विद्यार्थियों की शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़े दो महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई समीक्षा बैठक

**गुमला।** जिले के विद्यालयों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा हेतु शनिवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक हुई। बैठक में सर्व प्रथम उपायुक्त ने मिड डे मील एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ( फ्ड्ढरङ) की समीक्षा की । मिड डे मिल के संबंध में उपायुक्त ने बच्चों को प्रति दिन मिलने वाले मध्याह्न भोजन की जानकारी ली। उन्होंने सप्ताह में 2 दिन प्रति बच्चे को 2 अंडे देने का निर्देश दिया। वहीं खाने में कड़ी पत्ता एवं मूंगे के साग के उपयोग को नियमित रखने का निर्देश दिया। गर्मी छुट्टी के खत्म होने के पश्चात प्रत्येक बच्चों का हाइट एवं वेट मापी करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने एमआईएस पोर्टल की स्थिति, किचन सह स्टोर मरम्मती, प्रखंड स्तरों पर होने वाले बैठक की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट की भी समीक्षा की। इस दौर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों के शारीरिक विकास से संबंधित स्वास्थ्य जांच सहित प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिले में चलाए जा रहे एफएलएन प्रोग्राम की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रोग्राम के विरुद्ध बच्चों में आए विकास संबंधित ब्लॉक वार रिपोर्ट की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने एफएलएन प्रोग्राम से संबंधित शिक्षकों को दिए गए ट्रेनिंग के अंत में शिक्षकों की भी परीक्षा लेने को अनिवार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्यार्थियों के क्वालिटी एजुकेशन में किसी प्रकार की कमी न हो इसके लिए शिक्षा विभाग को खास खयाल रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा गर्मी छुट्टी के खत्म होते ही बच्चों में डिसिप्लिन डेवलप करें।

### अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार घायल

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के काली मंदिर के समीप अज्ञात फोर व्हीलर वाहन के धक्के से बाइक सवार बड़ा अंबवा निवासी 45 वर्षीय सुल्तान अंसारी घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि सुल्तान आइसक्रीम बेचने का काम करता है और आज सुबह गुमला से आइसक्रीम खरीद कर बाइक में पीछे डब्बा बांधकर पालकोट की ओर आइसक्रीम बेचने के लिए जा रहा था। तभी काली मंदिर के समीप पीछे से आ रही अज्ञात फोर व्हीलर वाहन ने बाइक सवार को रौंदते हुए घटनास्थल से फरार हो गया।

### झारखंड नवनिर्माण दल का कैडर कन्वेंशन 9 जून को

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) का केंद्रीय स्तरीय कैडर कन्वेंशन 9 जून 2023 को रांची में आयोजित की जाएगी। विदित हो कि वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस 9 जून को होने वाली यह कन्वेंशन में दल द्वारा चलाई जा रही जागो अभियान तथा आगामी कार्यक्रम तय करने के लिए बुलाई गई है। कन्वेंशन में केंद्रीय समिति के सभी सदस्य के अलावे जिला समिति के विभिन्न मंच मोर्चा के पदाधिकारी मुख्य रूप से भाग लेंगे।

### पर्यावरण संरक्षण का लोगों ने लिया संकल्प

**बालूमाथ।** पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के तहत चलाए जा रहे मिशन लाइफ के तहत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड़ कोलियरी में पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर संबोधित करते हुए गंगेश्वर यादव ने कहा कि आज से ही नहीं बल्कि प्राचीन काल से पर्यावरण का बहुत महत्व रहा है, क्योंकि प्रकृति का संरक्षण करना मतलब उसका पूजन करने के समान होता है। हमारे देश में पर्वत, नदी, वायु, आग, ग्रह नक्षत्र, पेड़ पौधे यह सभी कहीं ना कहीं मानव के साथ जुड़े हुए हैं। लेकिन बढ़ते विकास के कारण इसे लगातार नुकसान पहुंच रहा है। हम लोगों को पर्यावरण संरक्षण करने की आवश्यकता है। मौके पर बसिया पंचायत भवन में साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। ग्रामीणों के बीच पेड़ का भी वितरण किया गया और उन्हें लगाकर उनकी रक्षा के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। मौके पर विनोद कुमार दीपक खान प्रबंधक, विमला देवी मुखिया बसिया पंचायत, हमीद अंसारी सीएसआर, ग्रामीण शंकर साव, रामेश्वरी कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# गुरीटांड़ के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर लगायी न्याय की गुहार

### जमीन विवाद में कुडू के पूर्व प्रखण्ड प्रमुख व अन्य लोगों के साथ हुई थी झड़प, दोनों पक्ष ने थाना में दिया है आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता


न्याय की गुहार लगाते ग्रामीण

**चंदवा।** बीते 31 मई को प्रखंड के गुरीटांड गांव में जमीन विवाद में कुडू के पूर्व प्रखंड प्रमुख परिखा मुंडा समेत 3 लोगों के साथ झड़प व मारपीट मामले में दूसरे पक्ष गुरीटांड गांव के ग्रामीणों के द्वारा शनिवार को थाना प्रभारी को आवेदन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई गई है। मामले को लेकर शनिवार सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण थाना पहुंचे, ग्रामीणों ने कहा कि पीढ़ी दर पीढ़ी रह रहे जमीन को बिचौलिया लोग हड़पना चाह रहे हैं। मामले की जांच कर उचित न्याय किया जाए। ग्रामीणों की बात सुनने के बाद पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मामले में जांच में बाद ही कोई कार्रवाई होगी। किसी के साथ अन्याय नही होगा। चंदवा थाना को दिये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि जिस जमीन पर विवाद करने का प्रयास किया जा रहा है वह जमीन उनके पूर्वजो को भूदान में मिला है। जिस पर ग्रामीणों का दखल कब्जा है। उक्त जमीन को परिखा मुंडा (पूर्व प्रमुख कुडू), शाहिद अंसारी (तिलैयाटांड), मनोज साव (हुटाप) व राजेन्द्र लोहरा (चांपी) के द्वारा मापी कराने का प्रयास किया जा रहा था। ग्रामीणों ने आवेदन में आरोप लगाते हुए बताया कि शाहिद अंसारी के द्वारा 30 मई को ग्रामीणों को धमकी दिया गया था कि जमीन की मापी शांतिपूर्ण तरीके से होने दें, अगर मापी नहीं हुआ तो परिणाम बुरा होगा, साथ ही कहा गया था कि 31 मई को राजा साहब आएंगे और जमीन की नापी कराएंगे। लेकिन 31 मई को राजा साहब निकेश कुमार नहीं आए। ग्रामीणों के द्वारा कहा गया कि राजा साहब को बुलाईये हम लोग कुछ बात करेंगे। जिस पर बिचौलिया लोग गोल मटोल जवाब देने लगे।

# एक साथ 45 डायनामाइट के विस्फोट से दहला इलाका, कई घर हुए क्षतिग्रस्त

### उग्रवादी संगठन ने नहीं बल्कि पुल निर्माण करा रहे संवेदक ने कराया विस्फोट

दीपक राज


यहीं कराया गया था विस्फोट

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के मंगरा पंचायत अंतर्गत अमडीहा ग्राम में शुक्रवार की दोपहर दो बजे के करीब एक साथ 45 डायनामाइट के धमाकों से पूरा इलाका दहल गया। धमाका इतना भयावह था की लगभग पांच सौ मीटर के दायरे में भूकंप की तरह पूरी धरती कांप उठी। कई घर क्षतिग्रस्त हो गए, घर में आराम कर रहे लोग चौकी और पलंग से नीचे गिर गए। वहीं एक व्यक्ति के घर की छत फाड़कर पत्थर का टुकड़ा उसके सीने पर गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाईक सवार लोग दुर्घटनाग्रस्त हो गए। कुछ देर के लिए इलाके में आगरा-तफरी का माहौल बन गया। किसी को यह पता नहीं था की आखिर अचानक हुआ क्या है। बता दें कि यह भयावह विस्फोट किसी उग्रवादी संगठन के द्वारा नहीं किया गया था बल्कि अमडिहा में पुल निर्माण का कार्य करा रहे संवेदक विनय कु.शर्मा ने ग्रामीणों को सूचना दिए बगैर कराया था। संवेदक विनय कु.शर्मा सरकारी शिक्षक है, और वर्तमान में मनिका प्रखण्ड के कुमंडीह विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थापित हैं।

**कहां से लाया गया भारी मात्रा में विस्फोटक ? :** जानकारी देते चले कि अमडीहा ग्राम में धड़धड़ी नदी के ऊपर ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा करीब दो करोड़ की लागत से पुल का निर्माण कराया जा रहा है। यह काम पलामू की कंपनी राजवीर कंस्ट्रक्शन के नाम से है, जिसके संवेदक के रूप में कंपनी के करीबी विनय कु.शर्मा है, जो कार्यस्थल पर रहकर कार्य करा रहें है। इस घटना के बाद कंपनी और उनके संवेदक की कार्यप्रणाली पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहें है। आखिर इतनी मात्रा में डायनामाइट कहां से और किसकी अनुमति से लाया ? किसकी अनुमति से इतना भयावह विस्फोट कराया गया ? संवेदक द्वारा स्थानीय लोगों को या प्रखण्ड प्रशासन को इसकी सूचना क्यों नहीं दी गई ? अगर नक्सली एक विस्फोट करते तो जिला प्रशासनिक महकमा यहां पहुंच जाता। लेकिन इस दहला और कंपा देने वाली घटना के दो दिनों बाद भी अब तक कंपनी और उसके संवेदक पर कोई कानूनी कारवाई क्यों नहीं की गई ? आखिर किसकी सरपरस्ती के कारण इनका बचाव किया जा रहा है ? आदि कई सवाल लोगों के जेहन में सैर कर रहें है।

### सुरक्षा मानकों को किया गया दरकिनार : बीडीओ

उधर घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की और संवेदक पर कारवाई की बात कही। वहीं दूसरे दिन शनिवार को बीडीओ राकेश सहाय, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल ने भी घटना स्थल पर पहुंच ग्रामीणों से पूछताछ की। जहां सांसद प्रतिनिधि ने सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संवेदक पर कारवाई की मांग की है। वहीं बीडीओ ने कहा कि इस घटना में संवेदक द्वारा सुरक्षा मानकों को दरकिनार किया गया है। एक बड़ी अनहोनी घटना होने से बच गई है। इसमें संवेदक की घोर लापरवाही है। पूरे घटना का जांच प्रतिवेदन जिला के वरीय अधिकारियों को भेजा जाएगा। उधर पीड़ित परिवार और स्थानीय ग्रामीण प्रखण्ड से लेकर जिला और राज्य के वरीय अधिकारियों से उचित कारवाई की मांग कर रहें है।

स्पीड न्यूज

## घायल डॉ बीएनपी बर्णवाल से मिली पूर्व जिप अध्यक्ष

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बीएनपी वर्णवाल के सड़क दुर्घटना में घायल होने पर उनके कुशल क्षेम जानने के लिए पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने विश्रामबाग रोड स्थित उनके आवास पर पहुंची। उन्होंने बीएनपी वर्णवाल के स्वास्थ्य की पूर्ण जानकारी ली एवं स्वस्थ होने के लिए पूर्ण आराम करने और सामाजिक दायित्वों से अभी दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के धरोहर होते हैं। वे स्वस्थ होकर बच्चों के बीच सुचारू शिक्षा व्यवस्था तभी शुरू कर सकते हैं, जब वह पूर्ण रूप से शारीरिक स्वस्थ हो जाएं।

## पूर्व पारा शिक्षक के निधन पर जताया शोक

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** विद्यापुरी निवासी पूर्व पारा शिक्षक 54 वर्षीय राजीव कुमार मिश्रा के निधन पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने उनके आवास पर पहुंचकर उनके शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। बताते चलें कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष एवं बड़े भाई शिक्षक संजीव मिश्रा से मिलकर सारी घटना की जानकारी ली एवं इस विकट घड़ी में उन्हें हिम्मत प्रदान की।

## डीडीसी की अध्यक्षता में अमृत सरोवर की समीक्षा बैठक संपन्न

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत सरोवर की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में डीडीसी द्वारा प्रखंडवार अमृत सरोवर के तहत बन रहे तालाब के कार्यों की समीक्षा किया गया। उन्होंने अमृत सरोवर के निर्माण कार्य की जानकारी ली। वहीं उन्होंने कहा कि जितने भी सरोवर का निर्माण किया जा रहा है, उसकी निर्माण कार्य में तेजी लायें। जिन सरोवरों को निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है, उसका निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिये।

## ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे को लेकर प्रमुख ने जताया शोक

**जयनगर (कोडरमा)।** ओडिशा के बालासोर जिले के बहानग रेलवे स्टेशन के समीप शुक्रवार को कोरोमंडल एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमे लगभग तीन सौ यात्री की मौत हो गई और लगभग 9 सौ यात्री घायल होने की सूचना पर जयनगर प्रखंड प्रमुख अंजू देवी ने गहरी शोक जताया है। वही उन्होंने कहा कि इस ट्रेन हादसे से आहत हूं और दिवंगत आत्मा की शांति को लेकर ईश्वर से कामना की एवं शोक संतप्त परिजन को इस दुःख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने की शक्ति दे तथा घायल लोगों को जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## सेवानिवृत्त रेलकर्मी का निधन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बेहराडीह निवासी महादेव शर्मा का शनिवार को हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। इस दुखद घटना की जानकारी होने पर जिप सदस्य केदारनाथ यादव उनके पैतृक आवास पहुंचकर गहरी शोक संवेदना प्रकट किया एवं अंतिम यात्रा में शामिल हुये। वहीं बड़े पुत्र बैजनाथ शर्मा ने मुखाग्नि दी। उन्होंने कहा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। मौके पर मुखिया इंद्रदेव यादव, रोजगार सेवक बसंत शर्मा, शिक्षक राजू शर्मा आदि ग्रामीणों ने शोक संवेदना प्रकट किया।

## हजारों के संख्या में शामिल होंगे श्रद्धालु : यज्ञ समिति

**सिमरिया।** प्रखण्ड के आदर्श ग्राम जबड़ा में 7 जून से 15 जून तक श्रीश्री 1008 लक्ष्मी महायज्ञ किया जा रहा है जिसमें श्री राम कृष्ण हनुमान मंदिर के प्रतिमा पर प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। यज्ञ में हजारों श्रद्धालु क्षेत्र से शामिल होंगे। यज्ञ कमिटी के सदस्यों ने बताया कि हमारे जबड़ा गाँव में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गयी है। यह यज्ञ 7 जून से लेकर 15 जून तक चलेगा। वहीं कमिटी के सदस्यों ने बताया कि यज्ञ में दूरदराज के सभी श्रद्धालुओं से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर पुण्य के भागी बने।

### डॉ.नीरा यादव विकास तीर्थ के तहत डोमचांच शीत गृह का किया निरीक्षण

# विकास के कई काम कोडरमा क्षेत्र में लगातार जारी है : डॉ.नीरा यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव कार्यक्रम विकास तीर्थ के निमित शनिवार को डोमचांच के फुलवरिया में निर्माणाधीन शीत गृह का भाजपा कार्यकर्ताओ एवं स्थानीय लोगों के साथ निरीक्षण किया। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष कार्यकाल के पश्चात् भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत विभिन्न विकास कार्यों को स्थल पर जा कर लोगों को इसके संबंध में अवगत कराया जा रहा है। इसी के निमित्त डॉ.नीरा यादव स्थल पर जा कर लोगों को अनेक उपलब्धियां गिनायी। उन्होंने विगत 9वर्ष की उपलब्धियों को एक एक कर बताया। शीत गृह निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा झारखंड की वर्तमान सरकार द्वारा दुर्भावना से ग्रसित होने के कारण ही आज कोल्ड स्टोरेज के निर्माण में विलम्ब हो रहा है। वहीं उन्होने कहा कि फुलवरिया में स्थानीय षकों का मुख्य खेती से उत्पादन आलू, फूलगोभी, प्याज, टमाटर आदि करते हैं और उसे एक ही चंदवारा कोल्ड स्टोरेज पर निर्भर रहना पड़ता है एवं अन्यत्र बिहार में स्थित कोल्ड स्टोरेज पर निर्भर रहना पड़ता है। परन्तु इसके बन जाने से कोडरमा के लोग अपने यहां फसल उत्पादन को जमा कर सकते हैं और बाद में अच्छे मुनाफे पर इसे बाजार में बेच सकते हैं। विधायक ने कहा स्थानीय किसानों के लिए मेरे प्रयास से लाया गया कोल्ड स्टोरेज मील का पत्थर साबित होगा। मैं हमेशा कोडरमा के लोगों के हित में कार्य के लिए कृतसंकल्पित थी हूं और रहूंगी। मौके पर महेन्द्र यादव, मुकेश कुमार, शिशिर सिंह, मुन्ना सिंह, त्रिपुरारी सिंह, चंदन सिंहा, महेश यादव एवं दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता के साथ कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

## आठवीं बोर्ड परीक्षा में भी कोडरमा ने राज्य स्तर पर लहराया परचम




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मैट्रिक इंटर की परीक्षा में राज्य स्तर पर शानदार सफलता के बाद कोडरमा जिला ने आठवीं बोर्ड परीक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन कर पूरे राज्य में सफलता का परचम लहराया है। गौरतलब हो कि इस वर्ष के मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में कोडरमा जिला पूरे राज्य में लगातार दूसरी बार अव्वल रहने का गौरव हासिल किया था। वहीं शनिवार को जैक द्वारा जारी आठवीं बोर्ड परीक्षा में भी कोडरमा पूरे राज्य में अव्वल स्थान हासिल कर सबको चौका दिया गया, आठवीं बोर्ड परीक्षा में जिले के 9825 प्रतिशत रिजल्ट हुआ है। उपायुक्त आदित्य रंजन ने मैट्रिक इंटर के बाद आठवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में भी पूरे राज्य में कोडरमा के अव्वल रहने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी है। डीसी श्री रंजन ने कहा कि जिले में पिछले डेढ़ सालों से प्रोजेक्ट इम्पैक्ट और प्रोजेक्ट रेल के तहत अनुभवी शिक्षकों और पीएमयू टीम के द्वारा आठवीं से लेकर 12वीं के छात्र छात्राओं का नियमित रुप से साप्ताहिक टेस्ट लेकर विद्यार्थियों को लगातार मोनेटरिंग कर रहे है, जिससे परिणाम स्वरूप मैट्रिक इंटर के रिजल्ट के बाद आठवीं बोर्ड परीक्षा में भी कोडरमा पूरे राज्य में पहला स्थान प्राप्त करने में सफलता पाई है। ज्ञात हो कि इस वर्ष आठवीं बोर्ड परीक्षा में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 15,510 विद्यार्थियों में से 15,186 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे, जिसमे से 14,920 बच्चों ने सफलता प्राप्त किया है।

## सहकारी बैंक से बेहतर विकल्प कोई बैंक नहीं हो सकता : निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के हजारीबाग रोड स्थित झारखंड स्टेट को - ऑपरेटिव बैंक में शनिवार को बैंक सदस्यो व समिति सदस्यों के लिए समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सहकारी बैंक के नवनिर्वाचित निदेशक कौशलेंद्र सिंह शामिल थे। इस दौरान सिमरिया शाखा प्रबंधक अविनाश जायसवाल के नेतृत्व में बैंक सदस्य और समिति सदस्यों ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर निदेशक ने कहा कि एक अच्छा सहकारी बैंक होना समय और देश की मांग है।वर्तमान में सहकारी बैंक को माइक्रो फाइनेंस और बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से मिल रहे चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाएगा। बैंक को आधुनिक तकनीकी एवं आधारभूत संसाधनों से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित निदेशक मंडल के अध्यक्ष विभा सिंह के नेतृत्व में सहकारी बैंक, लैम्स व पैक्स के विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा बैंक लगातार विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। बैंकिंग प्रणाली पैक्स के जड़ो को भी मजबूत करेगा।

उन्होंने कहा की सहकारी बैंक से बेहतर विकल्प और कोई नही हो सकता है। आनेवाला समय में सहकारी बैंकिंग प्रणाली में लोगो का विश्वास बहाल होगा। चतरा जिला सोसाइटी के आधुनिकीकरण, कंप्यूटर राइजेसन और ऑनलाइन माध्यमों से जोड़ा जाएगा। कार्यक्षेत्र में विस्तार एवं वित्तीय पारदर्शिता को बहाल करने के लिए चरणबद्ध प्रयास किया जाएगा। निदेशक ने चतरा जिला के इटखोरी सहित राज्य में 15 शाखाएं खोली जाएगी। बैंक को एक माह के अंदर मोबाइल बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा जाएगा। वही शाखा प्रबंधक श्री जायसवाल ने बताया कि जिले के हिरींग पैक्स के अध्यक्ष रह चुके निदेशक कौशलेंद्र कुमार सिंह 27 मार्च 2023 को रांची में संपन्न बोर्ड ऑफ डायरेटर के चुनाव में 15 सदस्यीय निदेशक मंडल में निदेशक चुने गये है। उन्होंने बैंक के उत्थान और विकास पर चर्चा की। मौके पर चतरा शाखा प्रबंधक राजेश शुक्ला, सरयू राणा, वकील प्रसाद साहू, विजय कुमार गिरी, गोबिंद ठाकुर, विजय कुमार पांडेय, सुवेश राम, बिरेंद्र साहू, नागेश्वर साव, तालेश्वर यादव, सकेंदर महतो, जोधन महतो, श्याम सुंदर लकड़ा, धनेश्वर प्रजापति सहित कई बैंक कर्मी और समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## खून से लहुलुहान युवक का शव बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत रायडीह रोड के रेलवे पुल से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर शुक्रवार की रात्रि लगभग 8 बजे एक युवक का शव बरामद हुआ। जिसकी पहचान 35 वर्षीय शंकर साव पिता लालो साव ग्राम नवादा पुरनाडीह निवासी के रुप में की गयी। शव लहुलुहान अवस्था में सड़क पर पड़ा था, देखने से प्रतीत होता है कि हत्या की गई हो। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने टेम्पु से गांव-गांव घुम घुमकर अनाज की खरीदी करता था। घटना स्थल पर टेम्पु पर चावल की बोरी और मृतक का मोबाइल पड़ा था। इस घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। खबर सुनते ही डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान व नवलशाही थाना प्रभारी अनिल सिंह अपने दल बल के साथ पहुंचकर देखा कि एक युवक का शव खून से लथपथ पड़ा है। शव होने की जानकारी वरीय पुलिस पदाधिकारी को दिया गया। सूचना मिलते ही कोडरमा एएसपी प्रवीण पुष्कर, अंचल इंस्पेक्टर अवधेश सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों को आश्वासन दिया कि हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया एवं घटना स्थल को घेरा बंदी कर शनिवार पुलिस ने उक्त स्थल पर डग स्क्वायड की टीम पहुंची और घटना स्थल से कुछ दुरी पर आटा चक्की मिल पर जाकर वहां सुंघने लगा और उसके बाद आस पास खेतों में घुमने लगे। वहीं गुस्साए परिजनों ने शनिवार को उक्त युवक के शव को कोडरमा-जमुआ मुख्यमार्ग स्थित नवादा चौक के पास रखकर सड़क जाम कर दिया। जाम होने की खबर मिलते ही सीओ मां देवप्रिया घटना स्थल पर पहुंचकर मामला को आश्वासन पर शांत कराया। वहीं माले जिला सचिव राजेन्द्र मेहता ने युवक की हत्या की घोर निंदा करते हुए जिला प्रशासन से तीन दिन के अंदर हत्यारों की गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होने कहा अगर 72 घंटा में हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो भाकपा माले आंदोलन पर उतरेगी।

## विश्व साइकिल दिवस पर छात्र-छात्राओं ने निकाली साइकिल रैली




खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भद्रकाली महाविद्यालय एनएसएस इकाई 1 के तत्वाधान में महाविद्यालय के एनएसएस के स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने साइकिल रैली निकाली। छात्र-छात्राओं ने साइकिल के सामने तख्तियों पर 'साइकिल चलाओ पर्यावरण बचाओ 'जीवन को खुशहाल बनाएं,जीवन में साइकिल अपनाएं', 'बीमारियों को रखना है दूर तो साइकिल चलाएं जरूर' जैसे स्लोगन चिपकाकर महाविद्यालय से दलित बाहुल्य क्षेत्र परसौनी पंचायत के केशव टांड़ होते हुए परसौनी गांव भ्रमण के पश्चात तुम्बीचौक होते हुए महाविद्यालय पहुंचे साइकिल के उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक किया ।इसके पूर्व प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर ने साइकिल रैली को रवाना करते हुए कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए आवश्यक है प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी ने कहा कि अपने स्वास्थ्य को अच्छा तथा ईंधन और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए साइकिल दिवस का आयोजन पूरी दुनिया में प्रत्येक वर्ष 3 जून को किया जाता है।

# तीन हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांवों में खुलेगा बैंक का ब्रांच डीसी ने की बैठक, समस्याएं होंगी दूर

खबर मन्त्र संवाददाता




बैठक करते डीसी

**गढ़वा।** जिले में तीन हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांवों में ब्रिक एवं मोर्टार ब्रांच खोला जाएगा। इसके लिए डीसी शेखर जमुआर ने शनिवार को कार्यालय कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में डीसी ने सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में तीन हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांव में बैंक शाखा खोलने को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा किया। साथ ही इस कार्य में आ रहे अड़चनों को साझा करने का निर्देश दिया। ताकि समस्याओं को दूर कर यथा शीघ्र कार्य को पूरा किया जा सके। उन्होंने सेंट्रल बैंक, आईडीबीआई बैंक, यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक से बैंक खोलने के लिए स्थान चिन्हित करने एवं बैंक संचालन के लिए नेटवर्क सहित अन्य टेक्निकल कार्यों की जानकारी ली। सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक ने बताया कि रमना के हरदाग कलां में ब्रांच खोलना प्रस्तावित है। जिसे लेकर स्थान चिन्हित किया जा रहा है। डीसी ने रमना बीडीओ से समन्वय बनाते हुए जल्द स्थान चिन्हित कर बैंक ब्रांच खोलने की दिशा पर अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आईडीबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक ने बताया कि कांडी प्रखंड के रमना-कांडी रोड में बैंक ब्रांच खोलना प्रस्तावित है। जिसे लेकर स्थान चिन्हित करने सहित अन्य आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। जबकि यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक ने कहा कि केतार प्रखंड के परती, कुशवानी क्षेत्र में बैंक ब्रांच खोलना प्रस्तावित है।

इसके लिए स्थान चिन्हित कर नेटवर्क प्रोवाइडर टीम द्वारा समीक्षा की जा रही है एवं जल्द उक्त क्षेत्र में बैंक ब्रांच का अधिष्ठापन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से डीडीसी राजेश कुमार राय, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक इंदु भूषण लाल सहित सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक एवं आईडीबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

## एक नजर में

### चिमनी ईंट भट्ठा को खनन पदाधिकारी ने किया ध्वस्त

**विशुनपुरा।** थाना क्षेत्र के अमहर गांव में पचफेड़ी टोला बाकी नदी स्थित अवैध रूप से संचालित चदरा चिमनी ईंट भट्ठा को खनन पदाधिकारी नन्ददेव बैठा एवं अंचलाधिकारी निधि रजवार ने ध्वस्त कर दिया। मौके पर अंचलाधिकारी निधि रजवार ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध ढंग से संचालित चिमनी ईंट भट्ठा के खिलाफ विशेष अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि दो चदरा वाले इस चिमनी भट्ठा में भट्ठा मालिक के द्वारा आग लगाई गई थी, जिसे ध्वस्त किया गया है। थाना क्षेत्र में अवैध चिमनी भट्ठा को किसी भी परिस्थिति में चलने नहीं दिया जाएगा। इस अवैध कारोबार के जरिए सरकार को भारी राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही थी। उन्होंने बताया कि यह 501 मार्का चिमनी भट्ठा गढ़वा के सुनील कुमार मेहता पिता कृष्णा महतो का बताया जा रहा है। भट्ठा स्थल पर बड़ी संख्या में ईंट भट्ठा मालिक के द्वारा स्टॉक कर रखा गया है। खबर लिखे जाने तक खनन पदाधिकारी के द्वारा ईंट भट्ठा के संचालक पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

### विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली

**गढ़वा।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र संगठन गढ़वा के तत्वाधान में शनिवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में साइकिल रैली निकाली गई। इस दौरान गढ़वा जिला मुख्यालय में युवा क्लब एवं प्रगति महिला मंडल के सदस्यों ने हनुमान नगर सहिजना से साईकिल रैली निकाली। रैली रंका मोड़ से होते हुए सदर अस्पताल पहुंची। पुनः नेहरू युवा केंद्र जिला कार्यालय होते हुए हनुमान नगर पहुंचकर समाप्त हो गई। इस दौरान रैली में शामिल लोगों ने स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की स्वच्छता एवं सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया।

### कुलसचिव व डीसी से मिले आम आदमी पार्टी के प्रभारी

**भवनाथपुर।** आम आदमी पार्टी के भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी शंकर प्रिय राम चंद्रवंशी ने 31 मई को नीलांबर पीतांबर विश्व विद्यालय, मेदिनीनगर पलामू के कुलसचिव तथा दो जून को गढ़वा उपायुक्त से व्यक्तिगत मुलाकात कर वनांचल कालेज ऑफ साइंस, फरठिया गढ़वा के छात्रों के साथ हो रहे आर्थिक शोषण की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई की मांग किया। दिए आवेदन में शंकर प्रिय राम चंद्रवंशी ने उल्लेख किया है कि वनांचल कालेज ऑफ साइंस, फरठिया गढ़वा सत्र 2022-25 बीएसी एमएलटी सत्र एक के विद्यार्थियों से परीक्षा फार्म के नाम पर 11 हजार रुपया बिना रसीद दिए लिया जा रहा है। जबकि ऑनलाइन रसीद मात्र 1350 का कट रहा है। जो विद्यार्थी क्लास भी किए हैं उनसे भी अपसेंटी के नाम पर चार हजार से पांच हजार रुपया लेकर रसीद भी नहीं दिया जा रहा है।

### जिला प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नम्बर

**चतरा।** ओडिशा के बालासोर जिले के बहानगा में गत 02 जून को हुए रेल हादसे में चतरा जिले के किसी भी जन की हताहत होने की सूचना हो तो सहायतार्थ उनके परिजन अपने क्षेत्र के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी या अंचल अधिकारी से संपर्क स्थापित कर सकते है। इसको लेकर जिले के सभी बीडीओ और सीओ को जरूरी निर्देश दिया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी का मोबाइल नंबर चतरा - 9304622453 / 7764901566 हंटरगंज झ 8860559548 / 9508486569
ईटखोरी - 9798511031 कान्हाचट्टी - 8709724336 कुन्दा - 8210876160 मयूरहंड 9431531382 / 9199872725
प्रतापपुर - 7091647906 गिद्धौर - 9431309517 लावालौंग - 8340546057 पथलगड्डा - 9431798686 सिमरिया - 7463886125 टंडवा - 9123251466 अंचल अधिकारी का मोबाइल न० चतरा - 8271987609 हंटरगंज - 9431364208 ईटखोरीझ7482032046 / 9470359648 कान्हाचट्टी - 8709724336 कुन्दा - 8210876160 मयूरहंडझ9431531382 / 9199872725 प्रतापपुर - 7079923413 गिद्धौर - 7667790569 लावालौंग - 8340546057 पथलगड्डा - 9431798686 सिमरिया - 9431537106 टंडवा 7903163763

### घटनास्थल पर चालक की हुई मौत

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत गांगपुर के समीप कर्बला स्थित एक अनियंत्रित कार ने देर रात 11:30 पेड़ में जोरदार टक्कर मारी। जिससे घटनास्थल पर ही चालक की मौत हो गई। टक्कर इतना जोरदार था कि पेड़ टूटकर 20 फीट दूरी जा गिरी है। मृतक व्यक्ति का पहचान आधार कार्ड के माध्यम से प्रमोद सिंह के पुत्र संदीप कुमार सिंह 25 वर्षीय की पहचान हुई है। जिसका पता ग्राम लक्ष्मणपुर पोस्ट उंटा थाना सदर चतरा है। मृतक युवक अपने गांव से हजारीबाग की ओर जा रहा था। जिस गाड़ी का नंबर जेएच 09 एडी 9021 है।

### श्रद्धालुओं ने देव स्थलों का किया भ्रमण

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय गांव के लोगों ने उत्तर भारत के सभी तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर शनिवार को अपने गांव वापस लौटे। जहां पंचायत में स्थित सभी देव स्थलों का गाजे-बाजे के साथ भ्रमण किया। एवं पूजा अर्चना श्रद्धालुओं ने किया। प्रखंड के संपूर्ण वृद्धि हो, सभी लोगों का सुख समृद्धि से परिपूर्ण रहे, के साथ अपने बच्चों के लिए भी श्रद्धालुओं ने मन्नत मांगी। पुजा अर्चना करने के बाद सभी श्रद्धालु अपने अपने घर वापस आए। ए सभी श्रद्धालु 7 मई को अपने गांव से भ्रमण के लिए गए थे। और 28 दिन में चारों धाम का तीर्थ स्थल घूमकर अपने गांव सुरक्षित पहुंचे। श्रद्धालुओं का नाम देव प्रसाद पांडेय गीता देवी सलगा गांव निवासी, विशेश्वर राणा, काबिया देवी, बालेश्वर दांगी, विन्दवा देवी, रामजीत महतो, पनवा मसोमात गिद्धौर निवासी व दर्जनों श्रद्धालु शामिल हैं।

### विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में चतरा नगर परिषद अन्तर्गत क्रियान्वित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने बाजारटांड़ में सब्जी मार्केट कॉम्प्लेक्स, हेरुआ डैम के गहरीकरण, नायकी तालाब के जीर्णोद्धार समेत चल रहे सभी निर्माण कार्यों की अघतन स्तिथि की जानकारी दी तथा जिन योजनाओं के कार्यान्वयन में समस्या आ रही है उन समस्याओं से अवगत कराया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा संज्ञान में लाई गई समस्याओं के निराकरण हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिया गया।

### पर्यावरण के प्रति किया गया जागरूक

**चतरा।** मिशन लाईफ कार्यक्रम अंतर्गत प्रारंभिक दौर में 03 जून से 05 जून तक व्यक्तिगत एवं समुदायिक स्तर पर पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने एवं उसके लिए विभिन्न स्तरों पर समुदाय को प्रेरित किया जाना है। इसे लेकर शनिवार को प्रातः 6:00 बजे पोस्ट ऑफिस चौक से हेरूआ नदी के छठ घाट तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली के हेरूआ नदी के छठ घाट पहुंचने के उपरांत छठ घाट स्थल में उप विकास आयुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत सभी उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण साफ सफाई के तहत उक्त परिसर में मौजूद कूड़े की साफ सफाई की गई।

### मानव जीवन के लिए पर्यावरण सुरक्षा जरूरी है : प्राचार्य

**कोडरमा।** विश्व पर्यावरण दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक में कार्यक्रम के तीसरे दिन शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण का संदेश दिया। वरीय व्याख्याता सह कार्यक्रम के संयोजक डॉ.एसपी यादव के नेतृत्व में पर्यावरण से सम्बंधित वाद विवाद प्रतियोगिता समेत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य गणेश प्रसाद ने कहा कि मानव जीवन के लिए प्रकृति की सुरक्षा करना बहुत जरूरी है, कहा कि पर्वत, नदी, वायु, आग, नक्षत्र आदि मानव से जुड़े हुए है।

स्पीड न्यूज

### झारखंड इंटरमीडिएट टॉपर छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**बेरमो।** फुसरो महतो मार्केट स्थित गोल कॉमर्स क्लासेस में झारखंड इंटरमीडिएट में टॉप किए छात्र छात्राओं के लिए कोचिंग संस्थान के संचालक प्रकाश कुमार के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित निवर्तमान वार्ड पार्षद रश्मि सिंह ने कहा कि गोल कॉमर्स क्लासेस की शिक्षा काफी अव्वल दर्जे की है। जिससे हर वर्ष कोचिंग संस्थान से छात्र-छात्राएं अपने विद्यालय कॉलेजों में टॉप आकर कोचिंग संस्थान का नाम रोशन करते हैं।

### बेरमो को जिला बनाने की लड़ाई अब नये तरीके से लड़ी जायेगी-संध

**बेरमो /तेनुघाट।** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी एवं भाजपा बोकारो जिला ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष चितरंजन साव ,खेतको मुखिया साबिर अंसारी, गोमिया प्रमुख प्रमिला चौड़े, बेरमो मुखिया संघ कोषाध्यक्ष विश्वनाथ महतो सहित कई जनप्रतिनिधि ने बेरमो अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कमेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता मे संघ के अधिवक्ता भवन तेनुघाट में प्रेस वार्ता की गई।

### अधिवक्ता की पत्नी को मृत्यु लाभ योजना के तहत सौंपे 50 हजार नगद

**बेरमो /तेनुघाट।** अधिवक्ता संघ बेरमो के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा एवं महासचिव वकील प्रसाद महतो द्वारा मृत्यु लाभ योजना अंतर्गत अधिवक्ता स्व जीवाधन महतो की पत्नी हेमलता देवी को पचास हजार नगद सहायतार्थ राशि प्रदान किया गया ।

### प्रतियोगिता में पाठशाला के बच्चों ने दिखाई अपने कला का हुनर

**बेरमो।** आगामी 5 जून को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बीएंडके द्वारा शनिवार को आफिसर क्लब कारगली में आयोजित विभिन्न स्कूली प्रतियोगिताओं में 50 बच्चों ने दिखाई अपनी कला की शानदार प्रस्तुति। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व आयोजित इस बच्चों की प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्कूलो के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन लेखन और बेकार की चीजों से बनाने के लिए काम की चीज की चार श्रेणियों में प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। बच्चे कारगली पहुंचे और एक से बढ़कर एक अपनी कलाओं से प्रस्तुति दी। चयनित बच्चो को 5 जून को बीएडके जीएम द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

### भाजपा नेता ने विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा, सुने ग्रामीणों की समस्या

**बेरमो।** भाजपा नेता एवं शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह शनिवार को जरीडीह प्रखंड के अरालडीह पंचायत में भाजपा के महासंपर्क अभियान के अंतर्गत पंचायत के लोगों से मुलाकात किए। इस दौरान उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफल 9 वर्ष की उपलब्धियों के बारे में पंचायतवासियों को बताया। साथ हीं, रघुवर दास सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी पंचायत के लोगों को जानकारी दिया।

### डीवीसी ने फिर से रोका चंद्रपुरा जलापूर्ति योजना का कार्य

**बेरमो।** पिछले 10 वर्षों से चंद्रपुरा की शोभा बढ़ा रही है! चंद्रपुरा जलापूर्ति योजना का बिना पानी वाला प्यासा जल मीनार. पानी के इंतजार में चंद्रपुरा के लोगों की आंखें पानी से भर जाती है। मगर 10 वर्ष पूर्व बनके तैयार इस जल मीनार में पानी भरवाने वाला कोई नहीं है। पिछले दिनों एक शिलान्यास कार्यक्रम में बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह ने डीवीसी को कड़ी चेतावनी दिया था कि 1 महीने के अंदर चंद्रपुरा जलापूर्ति योजना को चालू करवाने में डीवीसी कोई सकारात्मक पहल नहीं ढूंढती है तो डीवीसी का चक्का जाम किया जाएगा। वहीं गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने भी आश्वासन दिया था कि बहुत जल्द चंद्रपुरा जलापूर्ति योजना को चालू करवा दिया जाएगा।

# धनबाद पुलिस की बड़ी उपलब्धि, हत्या लूट और रंगदारी मामले में 9 गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। कुल 9 अपराधकर्मी पकड़े गए हैं। जिनमे आशीष शुक्ला उर्फ सत्यम उर्फ प्रिंस उम्र - 21(यूपी ) वैभव यादव उर्फ राहुल सिंह (यूपी) सालोनी कुमारी उर्फ सानू सिंह (बोकारो) सुशील सिंह (धनबाद) दिनेश कुमार गौड़ (आजमगढ़) बाबु सिंह उर्फ आशुतोष आनंद (हजारीबाग) अरुण कुमार (बोकारों ) मुकेश कुमार महतो (धनबाद) का निवासी है. इनकी गिरफ्तारी से पिछले डेढ़ वर्षो में धनबाद में घटित हुई 8 बड़े कांडो का उद्भेदन हुआ है।शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि झरिया में रंजीत साव की हत्या,पप्पू मंडल के घर पर फायरिंग, केंदुआ में राजेश यादव पर जान लेवा हमला, कतरास में मनोज यादव की हत्या,उपेंद्र सिंह की हत्या, राजकुमार साव की हत्या के अलावे गुजरात, पश्चिम बंगाल और बोकारों के कई कांड में भी उपरोक्त अपराधियों की संलिप्ता रही है। एसएसपी ने बताया कि यूपी का रहनेवाला वैभव यादव उर्फ राहुल सिंह पर यूपी में करीब 30 कांड दर्ज हैं। यूपी पुलिस के एनकाउंटर में इसके पाँव में गोली भी लगी थी। धनबाद में यह कभी अमन सिंह तो कभी प्रिंस खान के साथ जुड़कर काम कर रहा था। मुख्य रूप से यह अमन सिंह के लिए काम करता था।एसएसपी ने बताया झरिया में रंजीत साव पर गोली वैभव ने ही चलाई थी। सीसीटीवी फुटेज में भी जिस शख्स की गोली चलाने की तस्वीर कैद हुई थी वह यही वैभव ही था। रंजीत के अलावे, मनोज यादव, राजकुमार साव की हत्या के अलावे धनबाद में हाल में हुए फायरिंग की घटना में वैभव की संलिप्ता थी। इसके अलावे आशीष शुक्ला राजकुमार साव की हत्या में संलिप्त था। राजकुमार की हत्या आशीष शुक्ला ने ही की थी। दिनेश कुमार गौड़ भी धनबाद में एक दो हत्या में संलिप्त रहा है। एसएसपी ने बताया पकड़े गए आशीष, वैभव और दिनेश ये कांट्रेक्ट शूटर हैं जो पैसा लेकर किसी भी गैंग के साथ जुड़कर काम करते हैं। एसएसपी ने बताया अनुसंधान के क्रम में यह सामने आया कि गिरफ्तार 9 अपराधियों में शामिल बोकारों की रहनेवाली सालोनी कुमारी उर्फ सानू सिंह अपराधियों को पैसा पहुंचाने से लेकर पैसे का लेखा जोखा देखती थी।पुलिस अनुसंधान में यह सामने आया है कि धनबाद के बर्वाअड्डा थाना अंतर्गत किआ शोरूम में हुए बमबाजी की घटना में गिरफ्तार बोकारों का रहनेवाला अरुण कुमार कि संलिप्ता थी। 9 अपराधियों में शामिल सुशील सिंह (धनबाद) बाबु सिंह उर्फ आशुतोष आनंद (हजारीबाग ) और मुकेश कुमार महतो (धनबाद) मुख्य रूप से रैकी का काम किया करता था. साथ ही अपराधियों को गाड़ी कि व्यवस्था करना उनके रहने कि व्यवस्था का काम करते थेक



**ऐसे हुई गिरफ्तारी :** पुलिस को सूचना मिली थी कि राजगंज से बरवाअड्डा जी.टी. रोड़ फुफवाड़ीह मोड स्थित बी.एम. डब्लू पेट्रोल पम्प के पास संदिग्ध अवस्था में तीन पुरूष एक महिला दो मोटरसाइकिल के साथ खडे थे,सूचना के आधार पर पुलिस अधिक्षक ग्रामीण धनबाद एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्या0 - 01 एवं पुलिस उपाधिक्षक विधि - व्यवस्था के निर्देश में बरवाअड्डा थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बल के द्वारा सभी को पकड़ लिया गया।

जिनमे राहुल सिंह उर्फ वैभव यादव,आशीष शुक्ला उर्फ सत्यम, दिनेश कुमार गोड और सालिनी सिंह उर्फ सानु को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर दो पिस्टल, दो मैगजीन 15 चक्र गोली एक लाख पच्चीस हजार रु0 मिला।

एसएसपी ने बताया कि पुछताछ करने पर बताया कि अमन सिंह गिरोंह के सक्रीय सदस्य है । अमन सिंह के कहने पर हत्या करते है एवं रंगदारी की माँग करते है ।बोकारो से धनबाद जी.टी. रोड के किनारे मोहल्ले में भाडे का आवास खोजने के लिये आये थे, जहां से अमन सिंह के आदेश पर व्यवसायियों का रेकी कर फिर उन पर फायरिंग कर दहशत फैलाते एवं रंगदारी की माँग करते। पकडाये हुए अपराधकर्मियों के निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा हजारीबाग, बोकारो सहीत अन्य जगहों पर छापामारी कर गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।

## धनबाद में फ्लाई ओवर, आर एसपी कालेज भवन, सीओ कार्यालय भवन निर्माण हो: पूर्णिमा नीरज सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झरिया।** रांची एफएफपी बिल्डिंग में विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल विभाग के मुख्य अभियंता सुरेंद्र कुमार से मिलकर झरिया विधानसभा के वार्ड नंबर 52 अंतर्गत चासनाला बस्ती में चासनाला मुसाबनी कॉलोनी को जोड़ने वाली जोड़िया पर पुल निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने की मांग की। इस संबंध में धनबाद के विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करने को कहा। जिसपर मुख्य अभियंता ने जल्द कार्य पूर्ण करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में झरिया विधायक के साथ महगामा विधायक श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह तथा गोमिया विधायक लंबोदर महतो मौजूद थे। नेपाल हाउस सचिवालय रांची में स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग में शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल धनबाद में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पद सृजित करते हुए पुनः बहाल करने की मांग झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने अपर मुख्य सचिव के समक्ष रखी। विधायक ने कहा की वार्ड बॉय, कंप्यूटर ऑपरेटर, नर्स, समेत अन्य कर्मचारी की में घोर कमी है। मरीजों की आवश्कता को देखते हुए इन रिक्त पदों पर जल्द स्थाई कर्मियों की आवश्यकता है। आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मी काफी दिनों से कार्यरत है।

### गर्मी में गौ वंशो की प्यास बुझाने के लिए जगह-जगह लगाया नाद

**धनबाद।** चिलचिलाती गर्मी में गो माताओं को प्यास से निजात दिलाने हेतु पवित्रम गो सेवा परिवार की टीम पिछले 1 महीने से धनबाद सहित झारखण्ड के सभी जिलों में घरों एवम सार्वजनिक स्थानों के बाहर नाद लगाने का अभियान चला रही है। शनिवार ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन दिवस पर सुबह सूरज निकलने के पहले कार्यकताओं ने झरिया के इंदिरा चौक होते हुए लक्ष्मनिया मोड़, राजबाड़ी उसके बाद बस्ताकोला- गायत्री मंदिर व हनुमान मंदिर के बाहर नाद लगाकर उसके बाद जोड़ा फाटक, हाजरा रोड एवम पुराना बाजार के विभिन्न स्थानों पर नाद लगाई गई।

## संविदा आधारित रिक्त पदों पर चयन से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समिति में संविदा आधारित रिक्त पदों पर चयन से संबंधित प्रथम मेधा सूची में प्रकाशन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप ने बताया कि जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समिति अंतर्गत संविदा के आधार पर कुल 5 पदों पर 7 लोगों की नियुक्ति होनी है। जिसके विरुद्ध कुल 139 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त ने इन सभी पदों पर शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के आधार पर चयन की प्रक्रिया पूरी करने को निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी बंधु कच्छप, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप मौजूद रहे।

### सूर्य मंदिर जलाशय का कायाकल्प

**बोकारो।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बोकारो स्टील प्लांट लाइफ कैंपेन के तहत प्लांट के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग ने जन स्वास्थ्य विभाग और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ सूर्य मंदिर जलाशय में सफाई अभियान शुरू किया। सूर्य मंदिर के किनारे से प्लास्टिक कचरा और अन्य मलबे को हटाते हुए सामूहिक रूप से सफाई की गई। मौके पर इस अवसर पर सीजीएम (टीए) बीएस पोपली ने बोकारो के नागरिकों से जल निकायों में प्लास्टिक अपशिष्ट और अन्य मलबे को नहीं फेंकने का आह्वान किया जीएम, पर्यावरण एवं संरक्षण नवीन प्रकाश श्रीवास्तव ने लोगों से धरती माता और प्रकृति के अनुरूप जीवन शैली अपनाने की अपील की। इस अवसर पर एजीएम, पर्यावरण एन रंजन, वरिष्ठ प्रबंधक अंकित कुमार एवं प्रबंधक वीएन पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कीर्तन ईश्वर-प्राप्ति का सुगम साधन : आचार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** जिले के निकटवर्ती आनंद नगर में आयोजित धर्म महासम्मेलन में देश-विदेश के हजारों साधकों को संबोधित करते हुए पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत ने कहा कि ईश्वर की प्राप्ति के सुगम साधन कीर्तन है। कीर्तन भक्ति और ध्यान का अद्वितीय माध्यम है, जिसके माध्यम से एक व्यक्ति ईश्वर के साथ गहरा संवाद स्थापित कर सकता है। आचार्य विश्वदेवानंद ने बताया कि कीर्तन की शक्ति व्यक्ति को अविरल ध्यान, स्थिरता और आनंद की अनुभूति देती है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किए गए वृक्षारोपण

**सिंदरी।** सिंदरी कॉलेज परिसर में शनिवार को विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर चारों ओर परती जमीन पर फलदार वृक्ष लगाए गए। इसकी शुरूआत करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ कमलाकांत पाठक ने कहा कि सभी लोगों को बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कर उसकी देखभाल करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि देश में शहरीकरण को लेकर बड़े पैमानों पर वृक्ष की कटाई हो रही है। इससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है। सामान्य तापमान में वृद्धि के साथ ही मौसम चक्र में परिवर्तन अनुभव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के प्रति मानव जागरूक नहीं होगा तो मानव जीवन का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

### रेलवे फुट ओवरब्रिज से युवक ने लगाई छलांग स्थिति गंभीर

**धनबाद।** धनबाद रेलवे स्टेशन के फुटओवर ब्रिज से शनिवार को एक युवक ने छलांग लगा दी। युवक 25 हजार हाईटेंशन के तार से टकरा कर से बुरी तरहसे झुलस गया। इसके बाद आरपीएफ के जवान पहुंचे व शटडाउन करा कर व्यक्ति को मालगाड़ी से बाहर निकालकर स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इस बीच प्लेटफार्म संख्या 3 के पास अफरा तफरी का माहौल रहा। बताया गया है कि युवक धनसार का रहने वाला है और उसका नाम प्रमोद अग्रवाल है। वह धनबाद जंक्शन के बाहरी पुल से पुराना बाजार की ओर जा रहा था। तभी बीच पुल से मालगाड़ी पर छलांग लगा दी। वह हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया व बुरी तरह से झुलस गया।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल स्थित कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषांगिक इकाई सेन्ट्रल कोल फिल्ड लिमिटेड अंतर्गत सीसीएल बोकारो-करगली क्षेत्र में पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देश में विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून के उपलक्ष्य में पर्यावरण सप्ताह के माध्य शनिवार को क्षेत्र के सीसीएल अनुदानित स्कूल शिशु विकास विधालय +2 हाई स्कूल, संडे बाजार तथा संत अन्ना हाई स्कूल, कुरपनिया के छात्र-छात्रओं के बीच पर्यावरण से संबंधित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की नई। जिसमें ड्राइंग- पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, निबंध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। इसके पूर्व क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी विनय अंचल द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं सीसीएल अधिकारियों, स्कूलों के प्राचार्यों, आचार्यों, कर्मियों को पर्यावरण पर शपथ दिलाई । इस मौके पर अपने संबोधन में पर्यावरण अधिकारी श्री अंचल ने कहा कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या, तेजी से कटते पेड, बढते कचरे खास कर प्लास्टिक कचरे ,सिंगल युज प्लास्टिक, इलेक्ट्रोनिक अपशिष्ट हमारे पर्यावरण को क्षय कर रहे हैं । हमें अपने पर्यावरण को हर हाल में बचाव करना होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सबों को स्वयं तथा दूसरों को भी जागरूक बनना होगा।

### मिशन लाइफ के तहत बीआइटी सिंदरी में बना वर्मीकम्पोस्टिंग पिट

**सिंदरी।** बीआइटी सिंदरी के छात्रावास परिसर के पास मिशन लाइफ के तहत शनिवार को वर्मीकम्पोस्टिंग पिट बनाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे संस्थान निदेशक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बायोडिग्रेडेबल कचरे को खाद में बदलने के लिए कंपोस्टिंग ड्राइव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य कपड़े और जूट की थैलियों के उपयोग को बढ़ावा देने और सिंगल यूज प्लास्टिक के दुषप्रभावों से मानवता की रक्षा करना है। कंपोस्टिंग ड्राइव के बाद निदेशक द्वारा संस्थान के कर्मचारियों के बीच जूट बैग का वितरण किया। अन्य संकाय सदस्यों में प्रो आर के वर्मा, डॉ एस पी मिश्रा, डॉ डी महतो, डॉ आर नायक आदि।

## जिले में बहने वाली नदियों का प्रोफाइल करें तैयार: उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, डीडीसी कीर्ति श्री जी, अपर नगर आयुक्त (चास) अनिल कुमार, एडीसी सादात अनवर समेत सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिले से होकर बहने वाली नदियों की प्रोफाइल तैयार करने को कहा। बांध प्रमंडल एवं सिंचाई विभाग को समन्वय कर पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले की विभिन्न औद्योगिक कंपनियों के कॉलोनियों में कचरा निस्तारण की विस्तृत जानकारी कमेटी को उपलब्ध कराने को लेकर पत्र जारी करने को कहा। समय-समय पर एनजीटी द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुपालन हेतु बीएसएल, टीटीपीएस, सीटीपीएस आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों को ऐसे मामलों को देखने के लिए एक अधिकारी अथवा कर्मी को नामित करने को कहा। बैठक में अस्पतालों से बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण पर भी चर्चा की गई। पर्यावरण से संबंधित द्वारा उपलब्ध कराए गए फार्मेट को सभी के साथ साझा करने एवं अपडेटेड आंकड़ा व जानकारी दर्ज कर समेकित रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने को कहा। मौके पर सभी अधिकारी, राज्य प्रदूषण बोर्ड के प्रतिनिधि, विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

### विश्व साईकल दिवस के उपलक्ष मे साइकिल रैली का आयोजन

**धनबाद।** शनिवार को राष्ट्रीय सीपीएचसी एचडब्ल्यूसी कार्यक्रम के अंतर्गत 'विश्व साइकिल दिवस' के उपलक्ष में साईकिल फोर हेल्थ की थीम पर जिला एन.सी.डी कोषांग, धनबाद एवं शिक्षा समाधान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी सिविल सर्जन डॉ सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। इस उपलक्ष में प्रभारी सिविल सर्जन डॉ सुनील कुमार ने बताया कि उक्त रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना एवं पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देना है।

### वेतन विसंगति को लेकर संयुक्त मोर्चा द्वारा किया गया चक्का जाम

**बरोरा।** बरोरा क्षेत्र के एएमपी कोलियरी मुराईडीह में शनिवार सुबह प्रथम पाली में वेतन विसंगति को लेकर संयुक्त मोर्चा द्वारा चक्का जाम किया गया। और प्रबंधन विरोधी, सैप सिस्टम गड़बड़ी को लेकर नारेबाजी किया गया। वेतन विसंगति को अबिलम्ब दूर करने की मांग की गयी। इसमें मुख्य रूप से संतोष गोराई मंगल हेब्रम नर्मदेश्वर पांडे बिरंचि शर्मा जगदीश रवानी संजय पासवान एवं अन्य आंदोलन में शामिल थे।

### विद्युत समस्या का जल्द हो निदान, नहीं तो आंदोलन: अनूप

**झरिया।** विद्युत समस्या के सवाल पर एक प्रतिनिधिमंडल कार्यपालक अभियंता झरिया मनीष चंद्र पूर्ति से मिलकर आम जनों को हो रहे परेशानियों से अवगत कराया । उसके समाधान कि मांग किए और कार्यपालक अभियंता के माध्यम से विद्युत महाप्रबंधक के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कोरी बांध सतमोड़वा में पूर्व से लगे 200 के वी ए के ट्रांसफार्मर में अतिरिक्त भार को बांटने हेतु एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन कि मांग किया जाये। क्योंकि जन आंदोलन के उपरांत अधिष्ठापित नए ट्रांसफार्मर से ऑयल का लीकेज हो रहा है। हम लोगों को डर है कि पुनः कहीं यह ट्रांसफार्मर भी ना जल जाए ।

### जिला परिषद ने नाली का शिलान्यास किया

**पुटकी।** न्यू कॉलोनी में झारखंड सरकार के जिला परिषद धनबाद के 15 वे वित्त आयोग मद अंतर्गत सियालगुदरी पंचायत अंतर्गत ऐनुल मियां के घर से प्यासदेव सिंह के घर तक 220 फिट नाली निर्माण का शिलान्यास जिला परिषद कुमारी रूपा व मुखिया ममता चौधरी के द्वारा नारियल फोड़ कर शिलान्यास करते हुय कहि की बहुत समय से इस कॉलोनी ने निवासियों का शिकायत था कि बरसात का पानी नाली के द्वारा घरों में प्रवेश हो जाता था।आज यहाँ नाली निमार्णाधीन का कार्य जल्द ही पूरा कर यहाँ के लोगो का दुख दूर हो सकेगा और हमारा हमेशा प्रयास रहेगा कि पूरे क्षेत्र में विकाश का काम करने का हमारा प्रयास जारी रहेगा।

### विकास तीर्थ यात्रा स्थगित

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी चिरकुंडा नगर परिषद तालडंगा नेहरू रोड में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विकास तीर्थ यात्रा कार्यक्रम होने वाला था जिसे उड़ीसा में हुए बड़ी ट्रेन दुर्घटना के कारण आज स्थगित कर दिया गया है। वही भाजपा प्रदेश के आदेशानुसार उड़ीसा में हुए ट्रेन हादसे में मारे गए यात्रियों के शोक में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। वही उड़ीसा में बड़ी ट्रेन हादसा में मारे गए यात्रियों के लिए सभी भाजपाइयों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए 1 मिनट का मौन भी रखा। वही चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी ने कहा कि आज हम लोग तालडंगा नेहरू रोड में आयोजित होने वाले भारत सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विकास कार्यों को घर घर जाकर लोगों को अवगत कराना था।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के काशीटांड़ मोड़ के समीप 407 वाहन के धक्के से बाइक सवार जयनगर निवासी कल्पना उर्फ कपिदेव साव (44 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार कपिलदेव तगादा कर बाइक से घर लौट रहे थे इसी क्रम में हादसा हो गया। कपिलदेव की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। कपिलदेव सामाजिक और मिलनसार व्यक्ति था, कभी विवादों में नहीं रहा। इधर घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। कपिलदेव अपने पीछे माता-पिता, पत्नी और 3 बच्चे को छोड़ गया।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत 100 लोगों प्रशिक्षण दिया गया

**चिरकुंडा।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मेडिकल विंग ब्रह्माकुमारी चिरकुंडा शाखा में विपि नियोगी होस्पिटल मैथन की तरफ से नशा मुक्ति अभियान के तहत 100 लोगों प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित साकेत आई हास्पिटल के संचालक डॉ आर द्विवेदी,डॉ संगिता,डॉ मानसी व चिरकुंडा शाखा संचालिका अर्चना बहन व पिंकि बहन द्वारा दिप प्रज्जवित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### बीएसएल प्रमुख ने एंटी कोलिशन डिटेक्शन सिस्टम का किया उद्घाटन

**बोकारो।** बीएसएल के आरएमएचपी में स्टैकर और सामग्री के ढेर के बीच टक्कर का अनुमान लगाने हेतु आ रही कठिनाई को रोकने के निमित्त ईएल एंड टीसी और आरएमएचपी विभागों की टीम ने लेजर तकनीक पर आधारित टकराव रोधी प्रणाली को इन-हाउस डिजाइन किया और इसे स्टेकर चार पर स्थापित किया जिसका उद्घाटन बीएसएल प्रमुख व ईडी (वर्क्स) बीके तिवारी ने किया।

## 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 2023

### रांची में झारखंड टीम के ट्रायल में 25 खिलाड़ी चयनित



**रांची।** 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 2023 का आयोजन 27 जून से 07 जुलाई तक राउरकेला (ओडिशा) होना है। इसके लिए, झारखंड महिला हॉकी टीम के गठन के लिए, हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, बरियातु गर्ल्स हाई स्कूल, रांची में शनिवार को हुआ। ट्रायल में झारखंड के सिमडेगा, रांची, गुमला, खूंटी जिला सहित झारखंड सरकार (खेल विभाग) द्वारा संचालित एकलव्य हॉकी सेंटर एवं विभिन्न आवासीय सेंटरों से भी कुल 66 महिला खिलाड़ियों ने अपना हुनर दिखाया। इसमें से 25 खिलाड़ियों को चयनित किया गया। हॉकी झारखंड के मुताबिक प्रतियोगिता शुरू होने से पूर्व एक विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा। इनमें से बेहतर 18 खिलाड़ियों को झारखंड टीम में शामिल किया जाएगा। चयन ट्रायल में हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगन सोय, सीईओ रजनीश कुमार, हॉकी रांची के सचिव जयंत केरकेप्ता, हॉकी खूंटी के सचिव दशरथ महतो, झारखंड सरकार द्वारा संचालित आवासीय हॉकी सेंटर सिमडेगा की कोच प्रतिमा बरवा, लचरागढ़ की कोच तारिणी कुमारी,बरियातू की कोच करुणा पूर्ति, हुलहुंडू की कोच दुलारी टोपनो, अंपायर नीतू कुमारी सहित अन्य भी उपस्थित थीं।

### हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह विदेश रवाना



**रांची।** एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष और हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह विदेश में आयोजित कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए शनिवार को दिल्ली रवाना हुये। दिल्ली से वो स्विट्जरलैंड जायेंगे। जहां वे दो दिवसीय विश्व हॉकी महासंघ की बैठक में शामिल होंगे। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाच से भी मिलेंगे और भारत में हॉकी के विकास पर चर्चा करेंगे। 6 मई को भोलानाथ सिंह जापान जायेंगे और वहां महिला हॉकी जूनियर एशिया कप में भाग लेंगे। बता दें इस प्रतियोगिता में शामिल भारतीय महिला हॉकी टीम के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। इस टीम में झारखंड के तीन खिलाड़ी (दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी) भी शामिल हैं।

### ओडिशा ट्रेन हादसा : क्रिकेटर विराट भी हुए दुखी

**नयी दिल्ली।** धमाकेदार बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को ओडिशा रेल हादसे पर दुख व्यक्त किया है। भारतीय क्रिकेटर ने दुर्घटना के पीड़ितों के लिए अपनी प्रार्थना भेजने के लिए सोशल मीडिया साइट ट्विटर का सहारा लिया। कोहली को ओडिशा रेल हादसे की जानकारी मिलते के बाद ट्वीट करते हुए लिखा, 'ओडिशा में हुए दुखद ट्रेन हादसे के बारे में सुनकर दुख हुआ। मेरी प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

### थाईलैंड ओपन से बाहर हुए लक्ष्य सेन

**बैंकॉक।** युवा भारतीय शटलर लक्ष्य सेन शनिवार को थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में कुनलावुत वितिदसर्न से हारकर टूनामेंट से बाहर हो गये। अपनी घरेलू सरजमीन पर खेल रहे वितिदसर्न ने लक्ष्य को एक घंटे 15 मिनट चले मैच में 13-21, 21-17, 21-13 से मात दी। इस सीजन के पहले फाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रहे लक्ष्य ने मुकाबले की अच्छी शुरूआत की, लेकिन पहला गेम जीतने के बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। पहले गेम में वितिदसर्न तमाम कोशिशों के बावजूद लक्ष्य की बराबरी नहीं कर सके। भारतीय खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-6 की बढ़त लेने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और 21-13 से पहला गेम जीत लिया।

### वायरल के कारण रिबाकिना फ्रेंच ओपन से बाहर

**पैरिस।** कजाखस्तान की चौथी वरीयता प्राप्त एलीना रिबाकिना ने वायरल बुखार के कारण शनिवार को ग्रैंड स्लैम आयोजन फ्रेंच ओपन 2023 से नाम वापस ले लिया। विंबलडन 2022 की चैंपियन रिबाकिना को तीसरे दौर के मैच में स्पेन की सारा सोरिबेस टॉर्मो का सामना करना था, लेकिन बुखार के कारण उन्होंने सारा को वॉकओवर दे दिया।

# फाइनल: भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल हुआ ड्रॉ तो कौन बनेगा चैंपियन, जानें क्या कहता है नियम

एजेंसी

**लंदन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की शुरूआत 7 जून से हो रही है। दोनों टीमें इस मुकाबले के लिए लंदन ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर खेलने उतरेगी। टीम इंडिया लगातार दूसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। पिछली बार खिताबी भिड़ंत न्यूजीलैंड के साथ जिसमें भारत को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में टीम इंडिया की कोशिश होगी कि वह दूसरी बार इस मौके को ना गंवाए। हालांकि इस बीच फैंस के मन में कई तरह के सवाल भी चल रहेंगे कि अगर टेस्ट मैच ड्रॉ हो गया तो फिर कौन चैंपियन बनेगा। बता दें कि टेस्ट मैच में हार-जीत के नतीजे के साथ ड्रॉ की संख्या भी बहुत अधिक रही है। ऐसे में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला अगर किसी भी वजह से ड्रॉ हो जाता है तो आइसीसी के नियम के अनुसार भारत और ऑस्ट्रेलिया को संयुक्त विजेता घोषित किया जाएगा। हालांकि भारत और ऑस्ट्रेलिया में से कोई भी टीम ऐसा नहीं चाहेगी कि वह ट्रॉफी शेयर करें। ऐसे में दोनों की कोशिश यही रहेगी कि वह हर हाल में जीत हासिल कर चैंपियन बने।



### लंदन पहुंच चुकी है टीम इंडिया

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 की समाप्ति के बाद टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी लंदन पहुंच चुके हैं। यहां पहुंचने के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है। हालांकि रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के सामने एक बड़ी चुनौती ये होगी कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वह किस तरह के कॉम्बिनेशन के साथ मैदान पर उतरती है। पिछली बार जब टीम इंडिया दो स्पिन गेंदबाज के साथ मैदान पर उतरी लेकिन उसकी यह योजना बुरी तरह नाकाम हो गई थी। ऐसे में रोहित शर्मा नहीं चाहेंगे कि जो भूल न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल मैच में हुई थी दोबारा उसी को दोहरा कर चैंपियन बनने से चूक जाए। ऐसे में टीम इंडिया को एक मजबूत रणनीति के साथ ऑस्ट्रेलिया के सामने चुनौती पेश करना होगा।

## 18 महीने के खेलेंगे अजिंक्य रहाणे



**अरुंडेल (पोर्ट्समाउथ)।** लगभग 18 महीने बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को बीते हुये समय को लेकर कोई खेद नहीं है। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उसी जज्बे के साथ बल्लेबाजी करना चाहते हैं जैसी उन्होंने आईपीएल में की थी। रहाणे ने भारत के अभ्यास सत्र से इतर बीसीसीआइ टीवी से कहा, मैंने 18-19 महीनों के बाद वापसी की है। अच्छा या बुरा जो कुछ भी हुआ, मैं अपने अतीत के बारे में नहीं सोचना चाहता हूं। मैं नए सिरे से शुरूआत करना चाहता हूं और मैंने जो कुछ किया उसे जारी रखना चाहता हूं। आइपीएल में अजिंक्य रहाणे ने चेन्नई सुपर किंग्स को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभायी थी। उन्होंने कहा,मैंने निजी तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलने का पूरा आनंद उठाया क्योंकि पूरे सत्र में मैंने अच्छी बल्लेबाजी की।

## रंग बिरंगी गेंदों से फील्डिंग करती दिखी भारतीय टीम

**पोर्टसमाउथ।** पिछले कुछ साल में भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में कई प्रयोग देखने को मिले हैं और अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारी के लिये टीम रंग बिरंगी रबर गेंदों का इस्तेमाल कर रही है ताकि कैचिंग के दौरान आखिरी मौके पर गेंद के रूख बदलने पर भी कैच लपकने में परेशानी नहीं हो। यहां अभ्यास के दौरान शुभमन गिल को हरी गेंदों से कैच लपकते देखा गया। पीले रंग की भी गेंद थी लेकिन लॉन टेनिस गेंद नहीं थी जो आम तौर पर विकेटकीपर और करीबी क्षेत्ररक्षकों के अभ्यास के लिये इस्तेमाल की जाती है। एनसीए के लिये काम कर चुके एक मशहूर फील्डिंग कोच ने बताया, ये खास तौर पर बनाई गई रबर गेंदें है, वह नहीं जो गली क्रिकेट में इस्तेमाल होती है। इन्हें रिएक्शन गेंद' कहते हैं और ये इंग्लैंड या न्यूजीलैंड जैसे कुछ खास देशों में अभ्यास के लिये इस्तेमाल की जाती है जहां ठंडी हवा और ठंडा मौसम होता है। हरी गेंद की अहमियत के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, किसी खास रंग का कोई वैज्ञानिक या क्रिकेटिया कारण नहीं है।लेकिन स्लिप के क्षेत्ररक्षकों और विकेटकीपर के लिये रबर की गेंद खास तौर पर कैचिंग के लिये प्रयोग की जाती है। उन्होंने कहा, इंग्लैंड एकमात्र देश है और कुछ हद तक न्यूजीलैंड में भी गेंद बल्लेबाज के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर रूख बदल लेती है जिससे कैच लपकना मुश्किल हो जाता है। ड्यूक गेंद और भी डगमगाती है इसलिये रबर की गेंदों से अभ्यास किया जा रहा है क्योंकि ये अधिक स्विंग लेती हैं या डगमगाती हैं।



## बेन डकेट ने खेली ब्रैडमैन का 93 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा



एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट ने आयरलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में सबसे तेज 150 रन बनाने के सर डॉन ब्रैडमैन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। भले ही डकेट (182) दिन के अंत में दोहरा शतक बनाने से 18 रन कम थे, फिर भी उनकी दस्तक ब्रैडमैन के लंबे समय (93 साल) के रिकॉर्ड को पार करने के लिए काफी थी। 93 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज की और वह लॉर्ड्स टेस्ट में लंच से पहले 100 रन बनाने वाले 1924 के बाद पहले बल्लेबाज बने। 28 वर्षीय बल्लेबाज के लिए यह एक विशेष दिन था क्योंकि उन्होंने दूसरा टेस्ट शतक और घर पर पहला शतक पूरा किया। दूसरे दिन की समाप्ति के बाद डकेट ने कहा, 'लॉर्ड्स में शतक विशेष है। मुझे पता है कि हर कोई इसे कहता है, लेकिन यह वास्तव में अभी तक खत्म नहीं हुआ है।' ओली पोप के साथ बल्लेबाजी करना आसान था, दूसरे छोर पर उन्हें खेलते देखना वास्तव में सुखद था।' उन्होंने आगे खुलासा किया कि इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में जगह के लिए चुनौती जारी रहने के कारण उनके लिए यात्रा कितनी कठिन रही है। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार यात्रा रही है। मैंने केवल विदेश में (टेस्ट) खेला है, इसलिए यहां क्षेत्ररक्षण करना, माहौल को भांपना और फिर शतक बनाने का मैंने सपना देखा था। मैं बहुत खुश हूं कि मैं इसे हासिल करने में कामयाब रहा।

### भारत की उज्बेकिस्तान पर बड़ी जीत, 22-0 से रौंदा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपने महिला जूनियर एशिया कप 2023 अभियान की जोरदार शुरूआत करते हुए उज्बेकिस्तान को 22-0 से हरा दिया है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अगला पूल गेम 5 जून को मलेशिया के खिलाफ खेलेगी। भारत ने फ्रंट फुट पर की प्रतियोगिता की शुरूआत, नियमितता के साथ उज्बेकिस्तान पर शुरूआत से ही उग्र खेलकर की जिस कारण वे शुरूआती बढ़त लेने में सफल रहे क्योंकि वैष्णवी विठ्ठल फाल्के ने पेनल्टी कार्नर को बदला जबकि मुमताज खान ने बाद में मैदानी गोल करके भारतीय टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। अन्नू ने एक गोल करके टीम की तालिका में इजाफा किया और शुरूआती क्वार्टर को भारत ने 3-0 की बढ़त के साथ समाप्त किया। दूसरा क्वार्टर भी पहले क्वार्टर से अलग नहीं था क्योंकि भारत ने गेंद को कब्जे में रखकर और लगातार आक्रमण करते हुए खेल पर अपना दबदबा कायम रखा और सुनीलिता टोप्पो, मंजू चोरसिया के रूप में बड़े अंतर से अपनी बढ़त बनाने में मदद मिली।,

## वार्नर ने किया खुलासा, पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में खेलेंगे अंतिम मैच

एजेंसी



**बेकेनहैम (ब्रिटेन) :** ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने शनिवार को खुलासा किया कि वह जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपने टेस्ट करियर का समापन करना चाहते हैं। भारत के खिलाफ अगले सप्ताह होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों में लगे वॉर्नर ने अभ्यास सत्र से पहले बातचीत करते हुए उम्मीद जताई कि पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी टेस्ट उनका अंतिम टेस्ट मैच होगा। यह सलामी बल्लेबाज हालांकि हाल में लंबे प्रारूप में रन बनाने के लिए जूझता रहा है और उनकी टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं है। वॉर्नर ने कहा, टीम में बने रहने के लिए आपको रन बनाने होंगे। मैं शुरू से कहता रहूं कि (2024) टी20 विश्व कप शायद मेरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आखिरी मैच होगा।' उन्होंने कहा, अगर मैं यहां रन बनाता हूं और ऑस्ट्रेलिया में भी खेलना जारी रखता हूं तो मैं निश्चित तौर पर कह सकता हूं कि मैं वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेलूंगा। अगर मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और एशेज में रन बनाता हूं तथा पाकिस्तान श्रृंखला के लिए टीम में चुना जाता हूं तो मैं निश्चित तौर पर वहां अपने करियर का अंत करना चाहूंगा।' ऑस्ट्रेलिया को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। ऑस्ट्रेलिया इस साल के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगा जिसका आखिरी मैच तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

### विपक्षी एकजुटता में नीतीश कुमार को काफी सफलता मिलने वाली है: लालू यादव

**पटना (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विपक्षी एकता पर राज्य में महागठबंधन की सरकार में बड़ी भूमिका निभाने वाले राजद सुप्रीमो का बयान आया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने शनिवार को यहां कहा कि विपक्षी एकजुटता में नीतीश कुमार को काफी सफलता मिलने वाली है। यह तमाम विपक्षी पार्टियों की मुहिम है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार की ओर से बिहार में 12 जून को विपक्षी एकजुटता की प्रस्तावित बैठक है। इससे पूर्व नीतीश कुमार ने अलग-अलग राज्यों में जाकर कई विपक्ष के नताओं से मुलाकात की और अपने विपक्षी एकता के मुहिम को आगे बढ़ाने की कोशिश की है। अब कयाश लगाई जा रही कि, नीतीश की यह मेहनत रंग ला सकती है।

### बिहार भाजपा में 45 नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी

**पटना (हि.स.)।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसे लेकर शनिवार को बिहार भाजपा ने 45 नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शनिवार को पत्र जारी कर दिया है। जारी पत्र के अनुसार सभी 45 नेताओं को भाजपा संगठन जिला का प्रभारी बनाया गया है। प्रेमरंजन चतुर्वेदी को पटना महानगर का प्रभारी बनाया गया है। अचल सिन्हा को पटना ग्रामीण की जिम्मेदारी दी गयी है। सुभाष सिंह तोमर को मोतिहारी का जिला प्रभारी बनाया गया है। इनके अलावा अन्य नेताओं को भी अलग-अलग जिम्मेदारी दी गयी है।

### सीएम ने पांच लोगों की मौत पर जताया शोक

**पटना (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्णिया जिले के मरंगा थाना क्षेत्र के बाइपास पर हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने इस सड़क हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

### अपराध की योजना बना रहे सात बदमाश गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे सात अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया है। इसकी जानकारी देते हुए प्रेस वार्ता के दौरान एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने शनिवार शाम बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में धनंजय कुमार ग्राम बड़हरवा, अभिषेक कुमार ग्राम बड़हरवा, नवीन कुमार ग्राम सिहुलिया, मंटू कुमार ग्राम बड़हरवा, आदर्श कुमार ग्राम बड़हरवा, सत्येन्द्र कुमार बड़हरवा थाना मुफसिल एवं सोनू कुमार ग्राम भदहर थाना चिरैया शामिल है। एसपी मिश्र ने बताया कि अपराधियों का समूह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए मुफ्फसिल थाना के सिहुलिया गांव में हथियार के साथ इक्कठा हुए है। तत्पश्चात एक विशेष पुलिस टीम का गठन एएसपी सदर श्रीराज के नेतृत्व में गठित किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त गांव के आसपास के इलाकों की घेराबंदी कर उपरोक्त अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इनसे पूछताछ के आधार पर विगत 10 मई को आदापुर भुवनपुर गांव निवासी सुधांसु कुमार से लूटी गई टीवीएस बाइक, लूटे गये स्मार्ट फोन, स्मार्ट वाच एवं लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद किया गया।

➡ एक कट्टा,1 कारतूस, लूट की बाईक,मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद

## रेल दुर्घटना में नवादा के दो युवक की मौत

**नवादा (हि. स.)।** ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार की शाम को कोरोमंडल एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से सैकड़ों लोगों की मौत में नवादा जिले के दो युवकों की मौत हो गई। साथ रहे 6 लोग गंभीर रूप से घायल है। शनिवार को सूचना मिलते ही मृतक के परिजन शव लाने के लिए रवाना हो चुके। जानकारी के अनुसार कौआकोल थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत के कपसिया गांव निवासी विन्दो राय के पुत्र 40 वर्षीय मिथलेश राय उर्फ मिठू की रेल दुर्घटना में मौत हो गई है। वह कोरोमंडल एक्सप्रेस से चेन्नई जा रहें थे। सूचना के बाद मृतक के स्वजन शव लाने के लिए घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं। हादसे में पकरीवार्मा थाने के मडरा गांव के निवासी बद्री मांझी का 24 वर्षीय पुत्र पप्पू मांझी की भी मौत हो गई। उनके साथ रहे 6 लोग भी गंभीर रूप से घायल है। इसकी सूचना शनिवार को रेल प्रशासन ने दी है। स्थानीय ग्रामीण व समाजसेवी भोला पासवान उर्फ बिरेंद्र पासवान ने बताया कि मिथलेश राय उर्फ मिठू गुरुवार को ही अपने घर से चेन्नई मजदूरी करने निकला था। दुर्भाग्य कहें कि शुक्रवार की शाम रेल दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। भाजपा पूर्वी मण्डल के अध्यक्ष अजित कुमार वर्मा ने घटना पर दुःख जताते हुए केंद्रीय रेलवे मंत्री से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग किया है। इस घटना की खबर आते ही इलाके में मातम छा गया है।

### दुर्घनाग्रस्त दो ट्रेनों में जमुई के 8 लोग थें सवार

दो पैसेंजर ट्रेनों में जमुई के 8 लोग सवार थे। जिममें दो युवकों की मौत हो गई। जबकि 5 मजदूर घायल हो गए और एक लापता है। जमुई जिले के चकाई व बरहट थाना क्षेत्र के लोग बेंगलुरू गए थे। चकाई के महेशा पत्थर गांव के 5 लोग यशवंतपुर हावड़ा एक्सप्रेस और बरहट थाना क्षेत्र पाडो बाजार के 3 लोग कोरोमंडल एक्सप्रेस से आ रहे थे। मृतक की पहचान चकाई थाना क्षेत्र महेशा पत्थर गांव निवासी वीरेन किस्कू का 22 वर्षीय पुत्र राम किस्कू और बरहट थाना क्षेत्र पाडो बाजार निवासी कृष्णा मंडल का पुत्र रणवीर कुमार उर्फ छोटू (20) के रूप में की गई है। जख्मियों में मृतक रणवीर का चचेरा भाई



विजय मंडल का पुत्र गौतम और रामचंद्र का पुत्र मिथिलेश के अलावा महेशा पत्थर गांव के विकास किस्कू, श्यामलाल हेंब्रम और शीतल टुडू के पुत्र अजीत टुडू हैं। प्रेम किस्कू का अबतक कोई सुराग नहीं है।

**घायल ने परिजनों को दी सूचना**

चकाई प्रखंड के महेशा पत्थर गांव निवासी राम किस्कु, प्रेम किस्कू, विकास किस्कू, श्यामलाल हेंब्रम और अजीत टुडू यशवंतपुर हावड़ा एक्सप्रेस से घर आ रहे थे। तभी बालासोर के बहानगा बाजार स्टेशन के समीप ट्रेन दुर्घनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में राम किस्कू की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि विकास किस्कू और श्यामलाल हेंब्रम गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि अजीत को हाथ-पैर में सामान्य चोट आई है। प्रेम किस्कू का कोई पता नहीं चल पा रहा है। श्यामलाल हेंब्रम एवं अजीत टुडू का इलाज एक ही अस्पताल में चल रहा है। जबकि एक अन्य घायल विकास किस्कू का इलाज अन्य अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद घायल अजीत टुडू ने ही मामले की जानकारी परिजनों को दी।

## विश्व साइकिल दिवस : स्कूली बच्चों-संग शिक्षकों ने साइकिल चलाकर दिया संदेश

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले में कल्याणपुर स्थित राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय शीतलपुर के छात्रो व शिक्षको ने तीन जून विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर स्वच्छ पर्यावरण और ईंधन की बचत का संदेश देते हुए मिलकर साइकिल चलाया। साथ ही बैगलेस सुरक्षित शनिवार के अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बच्चों के लिए गीत गाए। सामूहिक गीत प्रस्तुति में शिक्षिका अनूपमा, रचना कुमारी, नजमा खातून, संगीता कुमारी, अनुपमा पांडे एवं अनीता देवी शामिल रही। इस दौरान पूर्व में सुरक्षित शनिवार के विजेता 4 छात्रों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। वही विश्व साइकिल दिवस की महत्ता पर शिक्षक डॉ सतीश कुमार साथी ने प्रकाश डालते हुए कहा साइकिल न केवल शरीर के लिए बल्कि पर्यावरण के लिए भी अनुकूल है। मौके पर शिक्षक मो शाहिद हुसैन, प्रभारी प्रधानाध्यापक अवध पटेल, शिक्षक अरविंद कुमार, मासूम रेजा राही, मुकेश पासवान व स्कूल के छात्र भी शामिल रहे।



### शिक्षक को पीटा

**सुपौल।** शिक्षक को बिजली के खंभे से बांधकर उसकी पिटाई की गई फिर उसके चेहरे पर चूना पोत दिया। मामले का वीडियो सामने आया है जो गुरुवार रात का है। युवक शिक्षक है जिस पर आरोप लगा है कि वह नशे की हालत में किसी महिला के घर में घुस गया था। वीडियो में वो अपनी ओर से सफाई देते नजर आ रहा है। जबकि लोग उसे मास्टर कहकर जलील कर रहे हैं। वीडियो छातापुर के गिरधरपट्टी का है। इसकी पुष्टि दैनिक भास्कर नहीं करता। पीड़ित युवक पप्पू यादव है जो मानगंज में कोचिंग सेंटर चलाता है। जानकारी मुताबिक जब वो महिला के घर में घुसा तो महिला ने शोर मचा दिया।

### काउंटी अनुभव डब्ल्यूटीसी के लिये फायदेमंद : लाबुशेन

**लंकाशर।** पिछले दो महीनों से इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में ग्लैमोर्गन के लिये खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को उम्मीद है कि यह अनुभव सात जून से भारत के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उनके काम आयेगा। लाबुशेन की टीम के कई साथी जहां अप्रैल-मई में भारत में आईपीएल खेल रहे थे, वहीं लाबुशेन ने इस दौरान इंग्लैंड के माहौल में ढलने का प्रयास किया।

## पेज एक का शेष

### बालासोर ट्रेन हादसे में...

इधर, विश्व के अनेक देशों के नेताओं ने ओडिशा के बालासोर में हुई भीषण रेल दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा भारत के लोगों के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है।

बता दें कि रेलवे ने पहले ही रेल दुर्घटना में मरने वालों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों के इलाज के लिए दो-दो लाख रुपये देने की घोषणा की है। कम घायलों को 50 हजार रुपये की वित्तीय मदद दी जायेगी। रेलवे ने बताया कि दुर्घटना के कारण बालासोर में फंसे 200 से अधिक यात्रियों को लेकर एक विशेष ट्रेन अब बालासोर से हावड़ा जा रही है। ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने शनिवार को कहा कि बालासोर में ट्रेन दुर्घटना में मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। घायल यात्रियों की संख्या 900 से अधिक है। स्पष्ट कर दें कि दक्षिण पूर्व रेलवे के ने सिर्फ उन घायलों की संख्या बतायी है, जो अस्पताल में भर्ती हैं और जिनका इलाज चल रहा है। ओडिशा सरकार ने कहा है कि कई यात्री आंशिक रूप से भी घायल हुए और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ी।

**क्या था हादसे का घटनाचक्र :** घटना के बारे में जानकारी देते हुए रेलवे ने बताया कि 12864 सर एम विश्वेश्वरैया (बेंगलुरु)-हावड़ा एक्सप्रेस सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1000 यात्रियों को लेकर हावड़ा की ओर जा रही थी। हावड़ा के रास्ते में 12864 बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतर गये और बगल की पटरियों पर गिर गये। समानांतर ट्रैक पर विपरीत दिशा से आ रही 12841 शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरे डिब्बों में जा घुसी, जिससे कोरोमंडल एक्सप्रेस के करीब 12 डिब्बे पटरी से उतर गये। ये डब्बे तीसरे ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गये।

### पीएलएफआइ की उप शाखा...

तोरपा डीएसपी ओम प्रकाश तिवारी ने एसपी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि पीएलएफआइ के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बड़ी संख्या में पीएलएफआइ के उग्रवादी गिरफ्तार किये जा रहे हैं। साथ ही, हथियार और कारतूस भी बरामद किये जा रहे है। इसी बीच, खूंटी एसपी अमन कुमार को सूचना मिली कि पीएलएफआइ संगठन के बैनर तले ब्लैक टाइगर ग्रुप (पूर्व में आपराधिक संगठन) क्षेत्र के व्यवसायियों को पर्चा छोड़ कर रंगदारी की मांग कर रहा है और इलाके में संगठन विस्तार में लगा हुआ है। इस सूचना पर डीएसपी ओपी तिवारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई करते हुए ब्लैक टाइगर के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। लेकिन, ब्लैक टाइगर का मास्टरमाइंड पुलिस गिरफ्त से दूर है।

# लूप लाइन पर चली गई थी कोरोमंडल एक्सप्रेस

## ओडिशा के बालासोर रेलवे हादसे की प्राथमिक जांच का निष्कर्ष

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ओडिशा में हुए भीषण रेल हादसे की प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि दुर्घटनाग्रस्त हुई कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन बाहानगा बाजार स्टेशन से ठीक पहले मुख्य मार्ग के बजाय लूप लाइन पर चली गई और वहां खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई। समझा जाता है कि बगल की पटरी पर क्षतिग्रस्त हालत में मौजूद कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिब्बों से टकराने के बाद बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के डिब्बे भी पलट गये।

सूत्रों ने बताया कि कोरोमंडल एक्सप्रेस की रफ्तार 128 किलोमीटर प्रति घंटा, जबकि बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस की गति 116 किमी प्रति घंटा थी। रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेल की लूप लाइन एक स्टेशन क्षेत्र में निर्मित की जाती है और इस मामले में यह बाहानगा बाजार स्टेशन है। इसका (लूप लाइन का) उद्देश्य परिचालन को सुगम करने के लिए अधिक ट्रेनों को समायोजित करना होता है। लूप लाइन आमतौर पर 750 मीटर लंबी होती है ताकि कई इंजन वाली लंबी मालगाड़ी का पूरा हिस्सा उस पर आ जाए। दोनों ट्रेनों में करीब 2,000 यात्री सवार थे। हादसे में कम से कम 288 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 1,000 यात्री घायल हुए हैं। हादसे के प्रत्यक्षदर्शी रहे अनुभव दास ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों और रेल अधिकारियों ने शुरूआत में कहा था कि कोरोमंडल एक्सप्रेस ने मालगाड़ी को टक्कर मार दी। दास इसी ट्रेन से सफर कर रहे थे। हालांकि, रेलवे ने इस तरह के किसी दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना की गहन जांच जारी रहने के बीच, किसी भी अधिकारी ने षड्यंत्र की आशंका के बारे में अब तक बात नहीं की है। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे ने ओडिशा के बालासोर में हुए इस हादसे की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी है, जिसका नेतृत्व रेल सुरक्षा, दक्षिण पूर्व क्षेत्र के आयुक्त कर रहे हैं। रेलवे सुरक्षा आयुक्त, नागर विमानन मंत्रालय के तहत आते हैं और इस प्रकार के सभी हादसों की जांच करते हैं। सूत्रों ने पूर्व में कहा था कि सिग्नल के नाकाम रहने के चलते हादसा हुआ होगा। हालांकि, रेल अधिकारियों ने कहा है कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि कोरोमंडल एक्सप्रेस लूप लाइन पर गई थी या नहीं और मालगाड़ी को टक्कर मारी थी, या यह (कोरोमंडल एक्सप्रेस) पहले पटरी से उतरी और लूप लाइन पर जाने के बाद वहां खड़ी मालगाड़ी को टक्कर मारी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की एक प्रति पीटीआई के पास है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिग्नल दिया गया था और 12841 (कोरोमंडल एक्सप्रेस) लूप लाइन पर चली गई, मालगाड़ी से टकराई और पटरी से उतर गई। इस बीच, 12864 (हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस) मुख्य मार्ग पर सामने से आई और इसके दो डिब्बे पटरी से उतर गये तथा पलट गये। इंटीग्रल कोच फैक्टरी,चेन्नई के पूर्व महाप्रबंधक सुधांशु मणि ने हादसे में शामिल दोनों लोको पायलट की ओर से कोई गलती होने से प्रथम दृष्टया इनकार किया है। प्रथम वंदे भारत ट्रेन बनाने वाली टीम का नेतृत्व करने वाले मणि ने कहा कि हादसे में बड़े पैमाने पर यात्रियों के हताहत होने का प्राथमिक कारण ट्रेन का पहले पटरी से उतरना और दूसरी ट्रेन का उसी समय वहां से गुजरना था, जो काफी तेज गति से विपरित दिशा से आ रही थी। उन्होंने कहा कि यदि पहली ट्रेन केवल पटरी से उतरी होती तो इसके एलएचबी डिब्बे नहीं पलटते और इतनी संख्या में यात्री हताहत नहीं होते। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं देखता कि चालक ने सिग्नल की अनदेखी की। यह (ट्रेन) सही मार्ग पर जा रही थी और डेटा लॉगर से प्रदर्शित होता है कि सिग्नल हरा था।

- **कोरोमंडल एक्सप्रेस की रफ्तार 128 किमी प्रति घंटा और बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट की गति 116 किलोमीटर प्रति घंटा थी**
- **दोनों ट्रेनों में करीब 2,000 यात्री सवार थे**

### ट्रेनों को टकराने से रोकने वाली कवच इस मार्ग पर नहीं है

भारतीय रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि एसई (दक्षिण-पूर्व) क्षेत्र के सीआरएस (रेलवे सुरक्षा आयुक्त) ए एम चौधरी हादसे की जांच करेंगे। रेलवे ने बताया कि रेलगाड़ियों को टकराने से रोकने वाली प्रणाली कवच इस मार्ग पर उपलब्ध नहीं है। दुर्घटना में बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल है। भारतीय रेल के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने कहा कि बचाव अभियान पूरा हो गया है। हम अब मार्ग को सुचारू करने का कार्य शुरू कर रहे हैं। इस मार्ग पर कवच प्रणाली उपलब्ध नहीं थी। रेलवे अपने नेटवर्क में कवच प्रणाली उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में है, ताकि रेलगाड़ियों के टकराने से होने वाले हादसों को रोका जा सके। जब लोको पायलट (ट्रेन चालक) किसी सिग्नल को तोड़ कर आगे बढ़ता है तो यह कवच सक्रिय हो जाता है। सिग्नल की अनदेखी करना रेलगाड़ियों के टकराने का प्रमुख कारण है। यह प्रणाली जब किसी अन्य ट्रेन को उसी मार्ग पर एक निर्धारित दूरी के अंदर होने का संकेत प्राप्त करती है तब लोको पायलट को सतर्क कर सकती है, ब्रेक लगाती है और ट्रेन को स्वतः रोक देती है।



ओडिशा के रेल हादसे में घायलों से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान।

### कई देशों के नेताओं ने हादसे पर जताया शोक

मॉस्को/तोक्यो। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो सहित दुनिया भर के नेताओं ने ओडिशा में हुई ट्रेन दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों और भारत सरकार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे संदेश में अपनी संवेदना प्रकट की। हम उन लोगों के दुख को साझा करते हैं जिन्होंने इस त्रासदी में अपने रिश्तेदारों और करीबियों को खो दिया। जापान के प्रधानमंत्री किशिदा ने रेल दुर्घटना के बाद प्रधानमंत्री मोदी को एक शोक संदेश भेजा। किशिदा ने कहा कि ओडिशा में रेल दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु और लोगों के घायल होने के समाचार से मुझे गहरा दुख हुआ है। जापान सरकार और उसके लोगों की ओर से, मैं हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति शोक प्रकट करता हूं और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

## घायलों के लिए देवदूत बनकर मदद करने पहुंचे स्थानीय

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार शाम हुए भयानक रेल हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग घायलों की मदद करने के लिए तत्काल दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। रणजीत गिरि, बिप्रदा बाग, आशा बेहरा और अशोक बेरा घायलों को बचाने के लिए सबसे पहले पहुंचने वाले लोगों में से हैं। ये सभी बालासोर जिले के बाहानगा बाजार स्टेशन इलाके के निवासी हैं, जहां हादसा हुआ। गिरि ने कहा कि मैं शाम करीब सात बजे अपने मित्रों के साथ पास ही चाय की एक दुकान पर था। मैंने अचानक जोरदार आवाज और उसके बाद लोगों के चीखने की आवाज सुनी। हम घटनास्थल की ओर दौड़े और हमने जो देखा, उसे देखकर हमारे रौंगटे खड़े हो गए। समय बर्बाद किए बिना हम घायलों को बचाने में जुट गए। हमने पुलिस एवं रेलवे अधिकारियों को भी हादसे की जानकारी दी। बाग ने कहा कि हमने कम से कम 50 घायलों को बचाया और यात्रियों को अपने वाहनों से स्थानीय अस्पतालों में पहुंचाया। हादसे में जीवित बचे कुछ लोग अपने प्रियजनों को ढूंढ़ रहे थे, लेकिन बहुत अंधेरा होने के कारण हम उनकी मदद नहीं कर सके। अशोक बेरा रक्तदान करने के लिए अस्पताल गए। उन्होंने कहा कि मैं रक्तदान करने पहुंचा, लेकिन मेरी आयु के कारण मुझे इसकी अनुमति नहीं दी गई। वे अपने परिवार को फोन करके अपनी हालत के बारे में नहीं बता सके। मैंने इसमें उनकी हरसंभव मदद की। आशा बेहरा को दो बच्चों की देखभाल करते देखा गया, जिनके माता-पिता का अभी पता नहीं चल पाया है।उन्होंने कहा कि मैंने इस बच्चे को दुर्घटनास्थल से बचाया और उसे अस्पताल लेकर आई।

**एक स्थानीय ने 50 घायलों को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया**

### जीवित बचे लोगों ने बयां किया आंखों देखा मंजर

दक्षिण भारत में कई महीने काम करने के बाद अपने परिवार के पास लौट रहे 12864 बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सवार कई यात्रियों ने अचानक तेज आवाज सुनी, जिसके बाद वे अपनी सीट से गिर पड़े और बत्ती गुल हो गई। वे हावड़ा में अपने गंतव्य से सिर्फ पांच घंटे की दूरी पर थे तभी वे जिस ट्रेन से यात्रा कर रहे थे, वह ओडिशा के बालासोर जिले के बाहानगा बाजार स्टेशन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई ट्रेन शुक्रवार को अपने निर्धारित समय से तीन घंटे से कुछ अधिक देरी से चल रही थी और करीब 20 किलोमीटर दूर अपने अगले पड़ाव बालासोर की ओर बढ़ रही थी, तभी शाम करीब सात बजे यह दुर्घटना हो गई। बर्धमान के रहने वाले मिजान उल हक ट्रेन के पिछले हिस्से के एक डिब्बे में थे। कर्नाटक से लौट रहे हक ने कहा कि ट्रेन तेज गति से दौड़ रही थी। शाम करीब 7 बजे तेज आवाज सुनाई दी और सबकुछ हिलने लगा। बोगी के अंदर बिजली गुल होते ही मैं ऊपर की सीट से फर्श पर गिर पड़ा। उन्होंने कहा कि किसी तरह वह क्षतिग्रस्त कोच से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। हक ने हावड़ा स्टेशन पर बताया कि यह बेहद दुखद था कि कई लोग बुरी तरह क्षतिग्रस्त डिब्बे के पास पड़े हुए थे। बेंगलुरु की निवासी रेखा ने कहा कि शुरूआत में पूरी तरह अफरातफरी थी। हम डर के मारे अपने डिब्बे से उतर गए और पास के खेतों में अंधेरे में बैठे रहे, जब तक कि तड़के ट्रेन हावड़ा के लिए रवाना नहीं हो गई।

- **कई यात्रियों ने अचानक तेज आवाज सुनी, वे सीट से गिर पड़े और बत्ती गुल हो गयी**

## स्पीड न्यूज

### इमरान की जमानत अवधि 13 जून तक बढ़ी

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान शुक्रवार को यहां स्थित आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) में पेश हुए और अदालत ने तीन मामलों में उन्हें मिली अग्रिम जमानत की अवधि 13 जून तक बढ़ा दी। अदालत के अधिकारी ने कहा कि इन तीन मामलों में लाहौर स्थित शीर्ष सैन्य कमांडरों के आवास पर हमले का मामला भी शामिल है।

### यूक्रेन ने कीव पर हवाई हमले को किया नाकाम

कीव। यूक्रेन के वायुसेना के जवानों ने कीव में छह दिन में रूस के छठे हमले में 30 से अधिक रूसी क्रूज मिसाइल और ड्रोन को मार गिराया। कीव के वरिष्ठ अधिकारी बताया कि कैस्पियन क्षेत्र से ईरान निर्मित शहीद ड्रोन और क्रूज मिसाइलों द्वारा कीव पर एक साथ अलग-अलग दिशाओं से हमला किया गया था।

### पूजा के साथ शुरू हुई अमरनाथ यात्रा

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर में स्थित अमरनाथ गुफा के लिए की जाने वाली वार्षिक यात्रा के प्रारंभ में शनिवार पारंपरिक पूजा एवं अर्चना की गयी। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से इस प्रथम पूजा शामिल हुए।

### सरकार ने 14 एफडीसी दवाओं पर लगाया बैन

नयी दिल्ली । सरकार ने निमेसुलाइड और घुलनशील पेरासिटामोल गोलियों एवं क्लोफेनिरामाइन मैलेट तथा कोडीन सीरप सहित 14 एफडीसी दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसने कहा कि इन दवाओं का कोई चिकित्सीय औचित्य नहीं है और ये लोगों के लिए जोखिम भरी हो सकती हैं।

## इकोनॉमी

अनल कुमार

### महत्वपूर्ण सवाल

1 किस कंपनी ने जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए ग्रीन बण्ड की शुरुआत की है बीएनपी परिबास
2. किस बैंक ने एटीएम से बिना कार्ड के नकद निकासी की पेशकश की है- आईसीआईसीआई
3. मिन्स्क समझौता किस अंतरराष्ट्रीय संकट से संबंधित है - यूक्रेन संकट
4 केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन की स्थापना कब की गई थी- 1951 में
5 राष्ट्रीय विकास परिषद् का पदेन सचिव कौन होता है? योजना आयोग का सचिव
6 केलकर टास्क फोर्स की सिफारिशों का संबंध किससे है? द करों से
7. सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित समिति है - वेणुगोपाल समिति
8 नरसिम्हन समिति का संबंध है - बैंकिंग क्षेत्र के सुधार में
9. किस समिति ने षि जोतों पर कर लगाने की संस्तुति की थी- राज समिति
10 रंगराजन समिति की रिपोर्ट की विषय वस्तु थी - भुगतान संतुलन के घाटों को नियंत्रण में रखने के लिए उपाय सुझाना
11 कर संरचना संबंधी सुधारों के लिए गठित की गई समिति थी - चेलैया समिति
12. भारत में गठित पहली सहकारी समिति थी - साख समिति
13 चंद्रशेखरन समिति किससे संबंधित है? - शेयरों से
14 भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कहां स्थित है? - नई दिल्ली
15 बैंक द्वारा ऋण देने के उद्देश्य से किसी व्यक्ति के खाते में की गई जमा राशि को कहते हैं व्युत्पन्न जमा
16. एन आउट लाइन अफ मनी के लेखक हैं क्राउथर
17 जब केंद्रीय बैंक द्वारा उपभोक्ता वस्तुओं को साख के आधार पर देने पर नियंत्रण लगा दिया जाता है, तो उसे कहते हैं उपभोक्ता साख का नियमन
18. मुद्रा वह है जो मुद्रा का कार्य करे। यह परिभाषा किस अर्थशास्त्री की है? वाकर
19 मुद्रा वह वस्तु है जिसे सामान्य स्वीति प्राप्त हो। यह कथन किस अर्थशास्त्री का है? सैलिगमैन
20. भारत में प्रथम पूर्णयता भारतीय मिश्रित बैंक कौन-सा था, जिसकी स्थापना 1881 में हुई थी? **अवध वाणिज्यिक बैंक**

# अंतरिक्ष के क्षेत्र में करियर संभावना

**मिशन 2022 को लेकर देश में उत्साह** | **दुनिया में अंतरिक्ष विकास को प्राथमिकता** | **फिजिक्स और मैथ्स से इंटर युवाओं के लिए अधिकतम अवसर** | **55 प्रतिशत अंक सहित 12 वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक** | **इंस्ट्रूमेंटेशन एक्सपेरीमेंटल एस्ट्रोनॉमी सहित इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन की डिग्री उपयोगी**



पंकज कुमार



देश अंतरिक्ष के क्षेत्र में लगातार सफलता अर्जित कर रहा है। उन वैज्ञानिकों की भी पीठ थपथपाई जा रही है जिन्होंने इसे कामयाब बनाया। अगर इन वैज्ञानिकों की तरह भविष्य में आप भी ऐसी शाबाशी के हकदार बनना चाहते हैं तो इसके लिए एस्ट्रोनॉमी या खगोल विज्ञान की राह पकड़नी होगी। यह वह विषय है जो विभिन्न ग्रहों, तारों आदि के रहस्यों, सवालों एवं गुत्थियों को सुलझाता है। रिसर्च करने वालों को यह क्षेत्र अंतरिक्ष की भी सैर कराता है। दिलचस्प विषय होने के कारण ही आज देश दुनिया में इस पर जगह-जगह काम हो रहे हैं। इसमें रुचि रखने वाले युवाओं के लिए नए-नए अवसर भी निकलकर सामने आ रहे हैं

खगोलशास्त्र, विज्ञान की वह शाखा है जो धरती से परे अंतरिक्ष के ज्ञान से संबंधित है। यह ब्रह्मांड में स्थित खगोलीय पिण्डों की गति, प्रकृति और संघटन का विज्ञान है। साथ ही, इनके इतिहास और संभावित विकास के लिए प्रतिपादित नियमों का अध्ययन भी है। यह ज्योतिष विज्ञान जिसमें सूर्य, चंद्रमा और विभिन्न ग्रहों द्वारा व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व एवं उस पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया जाता है, से पूरी तरह अलग है। आधुनिक तकनीक एवं गैजेट्स के प्रयोग ने हालांकि खगोल विज्ञान को एक विशिष्ट विधा बना दिया है परन्तु वास्तव में यह बहुत ही पुरानी विधा है।

प्राचीन काल से ही मानव ग्रहों एवं अंतरिक्ष पिंडों का अध्ययन करता रहा है। खगोल विज्ञान में अंतरिक्ष पिंडों के बारे में जानकारी संग्रह करने के बाद उपलब्ध आंकड़ों से तुलना कर निष्कर्ष निकाले जाते हैं तथा पुराने सिद्धांतों को संशोधित कर नए नियम प्रतिपादित किए जाते हैं।

### एडमिशन कैसे कैसे:

खगोल विज्ञानी का कोर्स करने के लिए भौतिकी या गणित से स्नातक पास युवा एक्सपेरीमेंटल एस्ट्रोनॉमी कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। इंस्ट्रूमेंटेशन एक्सपेरीमेंटल एस्ट्रोनॉमी में प्रवेश के लिए बैचलर ऑफ इंजीनियर (इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन) की डिग्री जरूरी है। यदि पीएचडी कोर्स में प्रवेश लेना चाहते हैं तो ज्वाइंट एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट (जेईएसटी) से गुजरना होगा। इस परीक्षा में बैठने के लिए भौतिकी से मास्टर डिग्री तथा इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री होना जरूरी है। इसमें 55 फीसदी या इससे ऊपर अंक होना जरूरी है। खगोल विज्ञान के रंग खगोल विज्ञान में वैज्ञानिक तरीकों से तारों, ग्रहों, धूमकेतु आदि के बारे में अध्ययन किया जाता है। साथ ही, पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर किस तरह की गतिविधियां हो रही हैं, यह भी पता लगाया जाता है। इसमें कई शाखाएं हैं :

**एस्ट्रो-केमेस्ट्री :** इस शाखा में केमिकल कम्पोजिशन के बारे में अध्ययन किया जाता है। साथ ही विशेषज्ञ अंतरिक्ष में पाये जाने वाले रासायनिक तत्व के बारे में गहन अध्ययन कर जानकारी एकत्र करते हैं।

**एस्ट्रो-मीटेरोलॉजी :** खगोल विज्ञान के इस हिस्से में खगोलीय चीजों की स्थिति और गति के बारे में जानकारी जुटाई जाती है। साथ ही, यह जानने का प्रयास किया जाता है कि खगोलीय चीजों का पृथ्वी के वायुमंडल पर किस तरह का प्रभाव पड़ता है। यदि आप वायुमंडल पर पड़ने वाले खगोलीय प्रभाव को ठीक से समझ गए और इस विधा का गहन अध्ययन कर लिया तो आपकी मांग काफी बढ़ जायेगी।

**एस्ट्रो-फिजिक्स :** इसके अंतर्गत खगोलीय चीजों के भौतिक गुणों का अध्ययन किया जाता है। खगोलीय भौतिक गुणों को समझना बहुत दुरूह कार्य है। इनको समझने में अध्ययनरत छात्रों को सालों लग जाते हैं।

**एस्ट्रो-जियोलॉजी :** इसके तहत ग्रहों की संरचना और कम्पोजीशन के बारे में अध्ययन किया जाता है। इस क्षेत्र के विशेषज्ञ बनने के लिए ग्रहों की गहराई से अध्ययन करने की जरूरत है। इसे समझने के लिए सोलर सिस्टम, प्लेनेट, स्टार, सेटेलाइट आदि के गहन अध्ययन की जरूरत है।

**एस्ट्रोबायोलॉजी :** क्या पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर भी जीवन है? इस बात का अध्ययन एस्ट्रोबायोलॉजी के अंतर्गत किया जाता है। इस शाखा के जानकार ही पृथ्वी से बाहर जीवन होने के रहस्य पर से पर्दा हटा सकते हैं। इसके लिए कई वर्षों तक काम करना जरूरी है। अवसर कहां-कहां इससे जुड़े विषय में कोर्स पूरा करने के बाद अवसर की कमी नहीं है।

### सरकारी संस्थान

'इसरो' (इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गनाइजेशन), नेशनल सेंटर फॉर एस्ट्रो-फिजिक्स- पुणो, फिजिकल रिसर्च लैब- अहमदाबाद, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर, स्पेस फिजिक्स लैब, स्पेस एप्लिकेशन सेंटर, इंडियन रिसर्च आर्गनाइजेशन- बेंगलुरू, एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया आदि में नौकरी तलाश सकते हैं।

यदि शोध के क्षेत्र में कुछ सालों का अनुभव हो तो अमेरिका की 'नासा' में भी नौकरी कर सकते हैं। विदेशों में कई दूसरे अंतरिक्ष सेंटर में भी काम के मौके तलाशे जा सकते हैं। इससे जुड़े संस्थानों में रिसर्चर और अध्ययन-अध्यापन से भी जुड़ने के अवसर मिलते हैं।

**वेतनमान :** वैज्ञानिक के रूप में आज शुरुआती वेतनमान 50-60 हजार रुपये हैं। वरिष्ठता के क्रम में यह दो लाख रुपये प्रतिमाह भी मिलता है। इसके अलावा बतौर वैज्ञानिक कई और सुविधाएं भी मिलती हैं। इससे संबंधित विषय में शोध कार्य के दौरान कनिष्ठ शोधकर्ता को करीब 25 हजार रुपये और वरिष्ठ शोधकर्ता को 30 से 50 हजार रुपये मिलते हैं। हॉस्टल में रहने, खाने, चिकित्सा तथा परिवहन की सुविधाएं संस्थान द्वारा दी जाती हैं। शोध के बाद अंतरिक्ष वैज्ञानिक, एस्ट्रोनॉमर और एस्ट्रोनॉट के पद पर उच्च वेतनमान के साथ अन्य सुविधाएं भी मिलती हैं।

### कहां-कहां हैं कोर्स

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू
रेडियो एस्ट्रोनॉमी सेंटर, तमिलनाडु
इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रो-फिजिक्स, पुणे
रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट, सीवी रमन एवे न्यू, बेंगलुरू
फिजिकल रिसर्च लेबोरेट्री, अहमदाबाद
उस्मानिया विविद्यालय, हैदराबाद
मदुरै कामराज विविद्यालय, मदुरै, तमिलनाडु
पंजाबी विविद्यालय, पटियाला, पंजाब

**(लेखक न्यूटन टयूटोरियल्स लिमिटेड रांची से जुड़ें हैं।)**

## विवेक मन्त्र



ब्रह्म और विद्या इन दो शब्दों से ब्रंहविद्या शब्द का निमार्ण हुआ है। ब्रंम्ह शब्द से उस अनंत, सर्वव्यापक,अव्यापकृत और अखंड सत्ता को संबोधित किया जाता है जिसमें दृश्यमान जगत का उदभव,स्थिति और संहान सन्निहित है।
विद्या शब्द की दो विभक्तियां हैं परा और अपरा। विद्या की अपरा शाखा में चारो वेद, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, न्याय,छंद और ज्योतिष का ज्ञान सम्मिलित है जब कि परा शाखा का संबंध अविनाशी और अव्यक्त ज्ञान से है।
**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

## एडमिशन एलर्ट



**सवाल:** 10वीं में हूं। काफी ऊहापोह में हूं। साइंस लें या कॉमर्स मेरा मन साइंस में नहीं लगता।
**दीपक , लोहरदगा**

**जवाब:** 10वीं में साइंस भी आपके विषयों में शामिल होगा। इसलिए यह बात अभी निकाल दें कि साइंस में मन नहीं लगता। आपने अपने करियर के बारे में कुछ तो सोचा होगा। उसे घरवालों के सामने रखें। कारण बताएं कि आप यह विषय क्यों लेना चाहते हैं। घरवालों को ठीक से संतुष्ट करें। उन्हें बताएं कि कॉमर्स में कौन- कौन से करियर के विकल्प हैं। अब अभिभावक बच्चों की रुचि को समझने लगे हैं।

**सवाल:** इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करना चाहता हूं। 12वीं पास हूं। मैथ्स, फिजिक्स और इंग्लिश मेरे प्रिय विषय हैं। सुंदर कुमार, पतरातू

जवाब: 12वीं की पढाई करते समय ही आपको डिप्लोमा करने को सोचना चाहिए था। अगर डिप्लोमा करना चाहते हैं तो आपको पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षा देनी होगी। हर राज्य में पॉलिटेक्निक कॉलेज हैं। इसके अलावा निजी संस्थान भी विभिन्न ब्रांच में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कराते हैं। प्रवेश परीक्षा देकर दाखिला हासिल कर सकते हैं। अगर अंग्रेजी, फिजिक्स और मैथ्स आपके प्रिय विषय हैं तो जाहिर है कि आपकी पकड़ भी इन विषयों पर अच्छी होगी। आप प्रयास कर सकते हैं।